बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 2 मई 2024
वर्ष 5, अंक 37, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कैमरे में कैद हुई निहारिका की भीतरी संरचना 16

अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग 15

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी की दर 19 रुपये घटी




**नई दिल्ली।** विमान ईंधन की कीमत में बुधवार को मामूली 0.7% की वृद्धि के साथ ही वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 19 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। दिल्ली में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 749.25 रुपये प्रति किलोलीटर या 0.7% बढ़कर 101,642.88 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। तेल कंपनियों ने 19 किग्रा वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 19 रुपये घटाकर 1,745.50 रुपये कर दी। इस सिलेंडर की कीमत में एक अप्रैल को 30.5 रुपये की कटौती हुई थी। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपये ही है।

### शाहजहां के फरार भाई को सीबीआई का समन

**कोलकाता।** सीबीआई ने प. बंगाल के संदेशखालि में जमीन हथियाने के मामले की जांच में टीएमसी से निलंबित एवं गिरफ्तार शाहजहां शेख के भाई को बुधवार को समन जारी किया। शाहजहां का भाई शेख सिराजुद्दीन फरार है तथा सीबीआई का मानना है कि उसने इस घोटाले में अहम भूमिका निभाई है। अधिकारी ने कहा कि छह मई को कोलकाता कार्यालय में सिराजुद्दीन को पेश होने के लिए समन जारी हुआ है। उसके घर पर न होने के पर टीम ने वहां समन चस्पा कर दिया।

### भुवनेश्वर से दिल्ली जा रहे विमान की आपात लैंडिंग




**भुवनेश्वर।** विमानन कंपनी विस्तारा की भुवनेश्वर से दिल्ली जा रहे विमान को ओलावृष्टि के कारण बुधवार को बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरने के दस मिनट बाद वापस उसी हवाईअड्डे पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी। एयरपोर्ट के निदेशक प्रसन्न प्रधान ने बताया कि 170 यात्रियों को लेकर जा रहे विमान ने 1.45 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरी। इसके तुरंत बाद ओलावृष्टि हुई, जिससे यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा के मद्देनजर पायलट को विमान लेकर लौटना पड़ा।

**मिसाइल प्रणाली से बढ़ेगी नौसेना की पनडुब्बीरोधी क्षमता**

## डीआरडीओ ने किया 'स्मार्ट' का सफलतापूर्वक परीक्षण



**भुवनेश्वर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार सुबह ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार 'स्मार्ट' अगली पीढ़ी की मिसाइल-आधारित हल्का टॉरपीडो वितरण प्रणाली है, जिसे नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को हल्के टॉरपीडो की पारंपरिक सीमा से कहीं अधिक बढ़ाने के लिए डीआरडीओ द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। यह प्रणाली नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को बढ़ायेगी। इस कनस्तर-आधारित मिसाइल प्रणाली में कई उन्नत उप-प्रणालियां शामिल हैं। पनडुब्बी रोधी युद्ध में यह मिसाइल प्रणाली बेहद अहम साबित होने वाला है।

# बना रिकॉर्ड, जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 2.10 लाख करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से ऐसा हुआ है। यह पहला मौका है जब किसी महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो घरेलू लेनदेन (13.4%) और आयात (8.3%) में मजबूत वृद्धि के दम पर संभव हो पाया। जीएसटी मार्च में 1.78 लाख करोड़ से अधिक रहा जबकि अप्रैल 2023 में यह 1.87 लाख करोड़ था। वित्त मंत्रालय के मुताबिक गत माह केंद्रीय जीएसटी संग्रह 43,846 करोड़ और राज्य जीएसटी संग्रह 53,538 करोड़ रहा। एकीकृत जीएसटी 99,623 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर एकत्र 37,826 करोड़ रुपये शामिल हैं। अप्रैल में कुल उपकर संग्रह 13,260 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1,008 करोड़ रुपये भी हैं। केंद्र सरकार ने एकीकृत जीएसटी संग्रह से केंद्रीय जीएसटी के लिए 50,307 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी के लिए 41,600 करोड़ रुपये का निपटान किया।

डेलॉयट इंडिया में साझेदार महेश जयसिंह ने कहा कि जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी होने से प्रणाली में दूसरे दौर के सुधारों की दिशा में बढ़ने का मंच तैयार हो गया है। टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज में साझेदार विवेक जालान ने कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के शुरुआती दौर में इसका औसत मासिक संग्रह करीब 0.90 लाख करोड़ था लेकिन अब यह 2.10 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है।



- घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये का संग्रह

### आर्थिक गतिविधियों में तेजी और दक्ष कर संग्रह से यह संभव हुआ : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और कर संग्रह में दक्षता के दम पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। सीतारमण ने 'एक्स' पर इस मील के पत्थर को हासिल करने में राजस्व विभाग के केंद्रीय और राज्य अधिकारियों तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 'ईमानदार और सहयोगात्मक प्रयासों' की सराहना की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में मजबूत गतिविधियां और कुशल कर संग्रह की बदौलत जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। घरेलू लेनदेन और आयात में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बीते साल अप्रैल में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये था।

# दिल्ली-एनसीआर में 130 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

## एक ही स्रोत से भेजे गए ईमेल, आईएस का हाथ होने का संदेह, दिल्ली पुलिस ने शुरू की जांच

नई दिल्ली/नोएडा, एजेंसी

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में करीब 130 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल से मिली धमकी के बाद बुधवार सुबह विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि जांच में उन्हें कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। गृह मंत्रालय ने कहा है कि धमकी भरा ईमेल एक ही स्रोत से भेजा गया है। इसके रूस से भेजे जाने का संदेह है।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम के कई निजी स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिल्ली पुलिस को धमकी के पीछे आईएस का हाथ होने का संदेह है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में लोकसभा चुनाव के दौरान आतंकवादी संगठन आईएस द्वारा गहरी साजिश का संकेत मिला है। धमकी की सूचना पर पुलिस और बम स्क्वायड ने तत्काल ही स्कूलों को खाली कराया। कई स्कूलों में परीक्षा स्थगित कर दी गई। घबराए माता-पिता आनन-फानन में बच्चों को लेने के लिए स्कूल पहुंचे। स्कूलों को भेजे गए एक जैसे ई-मेल में कहा गया, जहां भी मिलें उन्हें मार डालो और उन जगहों से बाहर निकालो जहां से उन्होंने तुम्हें निकाला है। स्कूल में कई विस्फोटक उपकरण हैं...।


डीपीएस को बम की धमकी मिलने के बाद निरीक्षण करते सुरक्षाकर्मी।

- रूस से ईमेल भेजे जाने का संदेह छात्रों और अभिभावकों में दहशत

### पुलिस ने ईमेल के स्रोत का पता लगाया

दिल्ली के उप राज्यपाल वी के सक्सेना ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने अनेक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के लिए भेजे गए ईमेल के स्रोत का पता लगा लिया है और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। सक्सेना ने मॉडल टाउन के डीएवी स्कूल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने बम रखे होने की धमकी वाले ईमेल पर बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों के साथ स्कूल परिसरों में सघन तलाशी ली। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने 'एक्स' पर लिखा कि जांच में कुछ नहीं मिला है। नोएडा में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल की नोएडा और ग्रेटर नोएडा स्थित शाखाओं और अन्य स्कूलों को भी धमकी भरे ईमेल भेजे गए।

### बिहार राजभवन को भी मिली धमकी, बढ़ाई गई सुरक्षा

**पटना।** बिहार के राजभवन में बम की सूचना वाले ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि राजभवन में जांच के दौरान कुछ संदिग्ध नहीं मिला। मंगलवार सुबह राजभवन और बिहार पुलिस को धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें राज्यपाल के आवास में बम की जानकारी है, जो अफवाह रहा।

### लखनऊ के एमिटी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** वृन्दावन योजना सेक्टर आठ स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल को बम से उड़ाने धमकी मिली जो जांच में फर्जी निकली। बम स्क्वायड व पुलिस ने बच्चों को बाहर निकालकर सर्च ऑपरेशन चलाया। डीसीपी पूर्व प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में बम से उड़ाने का मेल स्कूल के आइडी पर आया था।

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोविशील्ड का मामला**

# विशेषज्ञ समिति से कराई जाए दुष्प्रभावों की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर कर कोविशील्ड टीके के किसी भी संभावित दुष्प्रभाव और जोखिम कारकों की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में चिकित्सा विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध किया गया। याचिका के अनुसार, ब्रिटेन मुख्यालय वाली दवा कंपनी 'एस्ट्राजेनेका' ने कहा है कि कोविड-19 के खिलाफ उसका टीका बहुत दुर्लभ मामलों में कम प्लेटलेट काउंट और रक्त के थक्के बनने का कारण बन सकता है। इस टीके को भारत में कोविशील्ड के रूप में लाइसेंस के तहत बनाया गया था।



वकील विशाल तिवारी की ओर से दायर याचिका में केंद्र को उन लोगों को मुआवजे के निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है, जो गंभीर रूप से दिव्यांग हैं या जिनकी कोविड के दौरान लगाए गए टीके के किसी भी दुष्प्रभाव के कारण मृत्यु हो गई है। दावा किया गया है कि एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन और थ्रोम्बोसिस के बीच थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ संबंध को स्वीकार किया है, जिसमें असामान्य रूप से प्लेटलेट्स का स्तर कम होता है और रक्त के थक्के बनते हैं। याचिका में कहा गया है कि कोविड-19 के बाद दिल का दौरा पड़ने और व्यक्तियों के बेहोश होने से मौत के मामलों में वृद्धि हुई है। युवाओं में भी दिल का दौरा पड़ने के कई मामले सामने आए हैं।

### कंपनी से चंदा लेकर हत्या का षड्यंत्र रचा : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर एक वैक्सीन निर्माता से राजनीतिक चंदा वसूलने के लिए लोगों की जिंदगी दांव पर लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की।

### मामले में स्पष्टीकरण दे केंद्र सरकार : राजीव शुक्ला

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार कोविशील्ड वैक्सीन प्रकरण पर तत्काल स्पष्टीकरण दे।

# सलमान के घर फायरिंग के आरोपी ने की आत्महत्या

मुंबई, एजेंसी

- हवालात में चादर से फंदा बना लगा ली फांसी
- हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में था गिरफ्तार

बॉलीवुड स्टार सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के सामने गोलीबारी करने के एक आरोपी ने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के हवालात में बुधवार को आत्महत्या करने की कोशिश और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी 23 वर्षीय अनुज थापन ने हवालात के शौचालय में चादर से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। थापन को सरकारी जीटी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में दुर्घटना से मौत का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि थापन मूल रूप से पंजाब का रहने वाला था और उसे सोनू कुमार बिश्नोई के साथ कथित तौर पर शूटर सागर पाल और विक्की गुप्ता को हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पाल और गुप्ता को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# स्कूल के छात्रावास में बच्ची से दुष्कर्म, तीन पर केस

भोपाल, एजेंसी

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दिए एसआईटी से जांच के आदेश

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया गया, जिसके बाद तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने के आदेश दिए, जबकि विपक्षी कांग्रेस ने इस घटना को लेकर उनकी सरकार पर निशाना साधा और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

पुलिस ने बताया कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना वास्तव में कब हुई। मिसरोद थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया ने बताया कि एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। इस संबंध में एक शिकायत के बाद पुलिस ने मंगलवार रात तीन लोगों के खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि लड़की की मां की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) श्रद्धा तिवारी ने बताया कि आरोपियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है क्योंकि लड़की ठीक से कुछ बता नहीं पा रही है। हम पीड़िता से दोबारा बात कर आरोपी की पहचान करेंगे। हम पहले उसकी मेडिकल जांच कराएंगे और बयान दर्ज करेंगे।

भदौरिया ने कहा कि छात्रावास की सीसीटीवी फुटेज बरामद कर ली गई है क्योंकि घटना की तारीख स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि भोपाल के एक स्कूल में छोटी बच्ची से दरिंदगी की घटना दिल दहला देने वाली है।

### उज्जैन के आश्रम में 19 बच्चों से कुकर्म

**आचार्य और सेवादार के खिलाफ रिपोर्ट**

**उज्जैन।** शहर के दंडी आश्रम के आचार्य और सेवादार पर बच्चों का यौन शोषण का आरोप लगा है। आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों ने इनके खिलाफ शिकायत की। दोनों के खिलाफ महाकाल थाने में मंगलवार देर रात 12.30 बजे मामला दर्ज किया गया। आश्रम के संचालक ने पुलिस बुलाकर आचार्य को गिरफ्तार कराया जबकि सेवादार फरार है। बड़नगर रोड स्थित 30 साल पुराने दंडी आश्रम में बच्चों के साथ कई दिनों से आचार्य राहुल शर्मा और सेवादार अजय ठाकुर गलत काम कर रहा था। दोनों बच्चों को कमरे में बुलाकर घिनौना काम करते थे। शुरू में तीन बच्चों के साथ गलत काम होने की जानकारी सामने आई। अभिभावकों ने मंगलवार को बैठक की तो पीड़ित किशोरों की संख्या तीन से बढ़कर 19 हो गई। आश्रम संचालक ने बताया कि कुछ समय पहले अभिभावकों ने सेवादार अजय ठाकुर की शिकायत की थी। उसे बाहर निकाल दिया था। फिर एक के बाद एक बच्चों की शिकायत आने लगी। इसके बाद पुलिस से शिकायत की गई।

# गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की अमेरिका में हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- दावा : पंजाबी गायक मूसेवाला हत्याकांड में था मुख्य आरोपी

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ की कथित तौर पर अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित होटल फेयरमाउंट में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। एक अमेरिकी समाचारपत्र के अनुसार मंगलवार की शाम 5.25 बजे अज्ञात हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया। बाद में इसकी जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

भारत सरकार ने बराड़ पर यूएपीए लगा रखा है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि बराड़ प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है। वह भारत में कई बड़े अपराधों में शामिल है। लंबे समय से बराड़ के कनाडा में होने की बात मानी जा रही थी। साल 2019 में बराड़ स्टूडेंट वीजा पर पढ़ाई करने के लिए कनाडा गया था। वह कनाडा के 25 मोस्टवांटेडो में शामिल था। भारत के कई नेताओं को धमकी भरे फोन कॉल करने, फिरौती और हत्याओं के दावों को पोस्ट करने में भी आरोपी है।

# सीबीआई ने की 10 राज्यों में 30 स्थानों पर छापेमारी, कई अहम चीजें बरामद

चेन्नई, एजेंसी

- एप से आधारित निवेश योजना के सिलसिले में की गई कार्रवाई

सीबीआई ने बुधवार को एप-आधारित कथित धोखाधड़ी वाले निवेश योजना से संबंधित मामले की जांच के दौरान 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। इस दौरान सीबीआई टीम ने लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और अन्य अहम चीजें बरामद कीं।

सीबीआई ने बताया कि एचपीजेड टोकन एप से जुड़ी निवेश योजना के तहत धोखाधड़ी की शिकायत पर दो प्राइवेट कंपनियों और उनके निदेशकों तथा अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड अपने निदेशकों के साथ एचपीजेड टोकन एप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी थे। जनता को गैर-मौजूद क्रिप्टो-मुद्रा माइनिंग मशीन किराये में निवेश करने के लिए गुमराह करते थे। एचपीजेड एक एप आधारित टोकन है जो उपयोगकर्ताओं को बिटकॉइन और क्रिप्टो करेंसी के लिए माइनिंग मशीनों में निवेश करके बड़े लाभ का झांसा देते हैं। सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर, जोधपुर, बेंगलुरु, मुंबई, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बिहार और मध्य प्रदेश में 30 ठिकानों पर छापेमारी की। टीम को बड़ी संख्या में ईमेल अकाउंट की भी जानकारी मिली। सीबीआई ने बताया कि आरोपी पीड़ितों को बिटकॉइन खनन में निवेश पर भारी लाभ मिलने का प्रलोभन देकर एचपीजेड टोकन ऐप में निवेश कराते थे। जांच में पता चला कि आरोपियों ने 150 बैंक खातों का प्रयोग निवेशकों से धन एकत्र करने में किया था। इन फंडों का उपयोग शुरू में निवेशकों को विश्वास में लेने के लिए भुगतान के लिए किया जाता था।

# अब्बास अंसारी को जमानत देने से हाईकोर्ट का इंकार

**विधि संवाददाता, लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने चित्रकूट जेल कांड मामले में विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने बुधवार को पारित किया।

इसके पूर्व न्यायालय ने अब्बास अंसारी और राज्य सरकार के वकीलों की बहस सुनने के पश्चात 24 अप्रैल को मामले में निर्णय सुरक्षित कर लिया था। मामले में अब्बास के साथ चित्रकूट जेल के अधिकारी व अब्बास की पत्नी निखत बानो को अभियुक्त बनाया गया था।

# मई में उत्तर भारत में पड़ेगी सामान्य से अधिक गर्मी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई के महीने में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और दो से चार दिन लू चल सकती है।

आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल माध्यम से संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केवल पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उनके मुताबिक, पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत में पारा सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। इसी तरह उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों, गंगा के मैदानी इलाकों, मध्य भारत और पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रह सकता है। महापात्र ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर राजस्थान समेत अन्य क्षेत्रों में मई के महीने में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान है। पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, प. बंगाल, झारखंड और बिहार समेत अन्य इलाकों में लगभग दो से चार दिन लू चल सकती है।

### आईएमडी का अलर्ट




- दिल्ली, यूपी सहित कई राज्यों में लू चलने से बढ़ेगी परेशानी
- न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने का अनुमान

### देशभर में सामान्य बारिश का अनुमान

आईएमडी प्रमुख ने बताया कि मई 2024 में देश भर में सामान्य बारिश होने का अनुमान है। उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत के कुछ हिस्सों, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक और शेष भागों में सामान्य से नीचे वर्षा होने की संभावना है। मध्य प्रदेश, विदर्भ, तेलंगाना और तमिलनाडु में सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बंगाल, पूर्वोत्तर के कुछ हिस्से, आंध्र प्रदेश और केरल में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

- चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में साईं बाबा की पूजा अर्चना प्रात: 6:30 बजे।
- उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर बैठक दोपहर 12:30 बजे।


प्रमाण पत्र दिखाते छात्र-छात्राएं एवं अन्य लोग। ● अमृत विचार

# प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता में चांदनी ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** प्राथमिक विद्यालय कोयला प्रथम में दया पांडेय स्मृति कार्यक्रम के तहत कौशल परीक्षण (एप्टीट्यूड टेस्ट) की कार्यशाला आरोग्य चेतना मंच के माध्यम से एसबीआई के पूर्व सहायक महाप्रबंधक अचल राज पांडेय के निर्देशन में हुई।

बच्चे पढ़ाई के साथ अपनी प्रतिभा को कैसे पहचाने, अध्यापक उसको कैसे निखारें। इस विषय पर विद्यार्थियों और स्कूल के अध्यापकों ने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आरंभ स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया। कार्यक्रम में विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रथम पुरस्कार चांदनी को द्वितीय शिवम, तृतीय पुरस्कार अर्पिता को मिला। जबकि सांत्वना पुरस्कार अली असगर को मिला। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनीता गुप्ता, सुनील गुप्ता, रेखा गुप्ता, जगजीत कौर, दीपिका वर्मा, मीनेश कुमार, चंदन सिंह, रश्मि रहीं।

### लापरवाही बरतने पर हो सकती है परेशानी, फर्जी स्कूलों पर शिकंजा कसने को शासन ने शुरू की कवायद

# बच्चे का स्कूल में दाखिला कराने से पहले जांच लें यू-डायस नंबर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** अभिभावक अपने बच्चे का किसी भी निजी स्कूल में दाखिला दिलाने से पहले उस स्कूल का यू-डायस नंबर चेक कर लें। स्कूल का यू-डायस न होने पर आपके बेटे/बेटी के साथ बाद में परेशानी हो सकती है।

बता दें कि जिले में धड़ल्ले से बिना मान्यता के कई स्कूल खुले हुए हैं, जोकि अभिभावकों से मोटी फीस वसूल रहे हैं। इसकी शिकायतें लगातार अधिकारियों को मिल रही थीं। उसी के चलते फर्जी स्कूलों पर अकुंश लगाने के लिए यू-डायस पोर्टल बनाया है। ताकि फर्जी स्कूल पकड़ में आ सकें। मौजूदा समय में बहुत से स्कूलों में 2024-25 के तहत एडमीशन हो रहे हैं। इसलिए अभिभावकों को सावधान रहने की जरूरत है कि अपने बच्चे का किसी भी स्कूल में दाखिला कराने से पहले उस स्कूल का यू-डायस नंबर चेक कर लें। स्कूल जाने के बाद पहले प्रबंधक या फिर प्रधानाचार्य से इस बारे में जानकारी हासिल कर लें, अन्यथा बेटे या फिर बेटी के साथ भविष्य के लिए परेशानी हो सकती है। यू-डायस पोर्टल पर नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के सभी स्कूलों का ब्यौरा अंकित किया है। जो स्कूल इस पोर्टल पर पंजीकृत हैं उनके लिए एक यू-डायस नंबर भी जारी किया है। यह नंबर स्कूल की पहचान है। पोर्टल पर पंजीकृत स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का विवरण भी इसी पोर्टल पर अपलोड होता है। एक व्यक्तिगत स्थायी एजुकेशन नंबर भी जारी होता है। यह नंबर छात्र-या फिर छात्रा की पहचान के लिए उच्चतम शिक्षा के लिए एक बार ही आवंटित होता है।


सीबीएसई स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


"जिले में मौजूदा समय में 3102 निजी स्कूल को यू-डायस नंबर मिले हुए हैं। जिसमे करीब चार लाख बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। अभिभावक बच्चे को स्कूल में प्रवेश दिलाते समय यू-डायस नंबर जरूर चेक कर लें। - संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी


"सीबीएसई के जनपद में 42 स्कूल हैं और सभी के यू-डायस नंबर हैं। जैसे ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल का यू-डायर नंबर 09050702905 है। जबकि जिले में ऐसे स्कूल भी हैं जोकि मुरादाबाद के स्कूल से सम्बद्ध हैं। - नीरज तिवारी, अध्यक्ष सहोदया

### पैन के आधार पर ही दूसरे स्कूल में मिलेगा प्रवेश

कोई भी बच्चा बिना पर्सनल एजुकेशन नंबर (पैन) के दूसरे स्कूल में दाखिला नहीं ले सकेगा। बच्चा जिस स्कूल में पढ़ाई कर रहा होगा। उसी स्कूल से उसको एक पर्सनल एजुकेशन नंबर जारी होगा। उसी के आधार पर उसको दूसरे स्कूल में दाखिला मिलेगा। पर्सनल एजुकेशन नंबर के आधार बच्चे का दाखिल सही माना जाएगा। अन्यथा पर्सनल एजुकेशन नंबर नहीं मिलने पर बच्चे का दाखिला फर्जी माना जाएगा। अभिभावक इन सभी चीजों को देखकर ही अपने बच्चे का दाखिला किसी भी स्कूल मे करा सकते हैं।

## एक नजर

### किसान नेताओं ने रक्तदान कर बचाई गर्भवती की जान

**शाहबाद, अमृत विचार:** किसान नेताओं ने रक्तदान कर शाहबाद की गर्भवती महिला की जान बचाई। रक्त न मिलने पर परिजनों ने किसान नेता नवेद खां से संपर्क किया था। नवेद खां ने अपने साथी प्रमोद यादव से बात की, जिस पर वह भी रक्तदान करने को राजी हो गए। दोनों ने मुरादाबाद पहुंचकर रक्तदान किया। किसान नेता नवेद खां ने बताया कि उन्होंने 10वीं बार रक्तदान किया है।

### एक साथ टकराईं तीन बाइकें, पांच जख्मी

**शाहबाद, अमृत विचार:** बुधवार शाम शाहबाद क्षेत्र में एक साथ तीन बाइकें टकरा गईं। हादसे में दंपती समेत पांच लोग जख्मी हो गए। गांव टांडा निवासी आकाश बाइक से शाहबाद की ओर आ रहा था। रास्ते में उसकी बाइक सिरौली थाना क्षेत्र के गांव निवासी महेंद्रपाल से टकरा गई। उधर, सिरौली थाने के गांव गुरगांव निवासी ओमनारायण अपनी पत्नी राधिका बेटे आशीष के साथ जा रहे थे। उनकी बाइक भी आकाश और महेंद्रपाल की बाइकों से टकरा गई। हादसे में कुल पांच लोग जख्मी हो गए।

# कोसी नदी के क्षतिग्रस्त पुल पर डाला लिंटर

### पुल पर कई दिन पहले बंद कर दिया था यातायात, वैकल्पिक व्यवस्था न होने से परेशानी

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार:** मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर कोसी नदी का 44 साल पुराना क्षतिग्रस्त हो गया था। पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बिना अस्थायी पुल बनाए क्षतिग्रस्त पुल पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी। इससे उत्तराखंड के नैनीताल, हल्द्वानी, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर जाने वाले पर्यटकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को क्षतिग्रस्त पुल पर लिंटर डाला गया।

एक सप्ताह पहले मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर नगर के बराबर से होकर गुजरने वाली कोसी नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। बालू के बोरे लगाकर पुल को बंद कर दिया था। मंगलवार को क्षतिग्रस्त पुल पर शटरिंग का कार्य चल रहा था। बुधवार शाम को क्षतिग्रस्त पुल पर लिंटर डाला था। शनिवार से भारी वाहनों का पुल पर प्रवेश बंद कर दिया था। पुल पर भारी वाहनों सहित फोर व्हीलर, थ्री व्हीलर का भी आवागमन बंद कर दिया है। दिल्ली से नैनीताल जाने वाले पर्यटक सिरसमा दोराहे से वाया टांडा, दढ़ियाल, बाजपुर होकर नैनीताल के लिए जाते हैं। सिरसमा दोराहे से वाया टांडा, दढ़ियाल, बाजपुर होकर जाने वाले पर्यटकों को जहां कम दूरी तय करनी पड़ती है। अस्थायी पुल न बनाने के कारण पर्यटकों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। नैनीताल जाने वाले पर्यटकों को दढ़ियाल से वाया लोहिया पुल, सुल्तानपुर पट्टी होते हुए नैनीताल के लिए जाना पड़ रहा है, जबकि बाजपुर से मुरादाबाद और दिल्ली जाने वाले पर्यटकों को मुंशीगंज से वाया स्वार-रामपुर होकर दिल्ली के लिए जाना पड़ रहा है। ब्लॉक स्वार को जाने वाले प्रधानों, बीडीसी मेंबरो को भी सात किलोमीटर की दूरी के सापेक्ष 30 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। अगर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी क्षतिग्रस्त पुल बंद करने से पहले अस्थायी पुल बना देते तब पर्यटकों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता। बाजपुर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भी 18 किलोमीटर की जगह 35 किलोमीटर जाना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुल पर लिंटर डालने के बाद सात दिन के पश्चात बड़े वाहनों के लिए आवाजाही शुरू होगी।


कोसी नदी के पुल पर बुधवार को लिंटर डलवाते लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी।

"कोसी नदी के क्षतिग्रस्त पुल पर लिंटर डालने का कार्य किया जा रहा है। लिंटर डालने के बाद बड़े वाहनों के लिए कम से कम सात दिन के लिए और बंद रहेगा। जिसके कारण पर्यटकों समेत स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। –मोहम्मद आजम, जेई


"बाजपुर जाने के लिए 18 किलोमीटर की जगह 35 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। पुल बंद करने से पहले लोक निर्माण विभाग को कोसी नदी पर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करनी चाहिए थी। – कदीर हसन सैफी


"उत्तराखंड के शहरों को जोड़ने वाला पुल क्षतिग्रस्त होने से बाइकों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों का आवागमन बंद है। अधिकारी अस्थायी पुल बना देते हो आवागमन आसान हो जाता। – वसीम अकरम

# अंजुमन इस्लाहे कौम में 224 आजमीने हज का टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

## तैयारी

- टीकाकरण कराने के लिए आज भी लगेगा कैंप
- इस वर्ष 856 आजमीने हज मदीने और मक्का जाएंगे

**अमृत विचार:** आजमीने हज के यात्रियों का टीकाकरण कराने के लिए दोमहला रोड स्थित अंजुमन इस्लाहे कौम में लगे शिविर में पहले दिन 224 आजमीने हज (हज यात्री) का टीकाकरण हुआ। शेष आजमीने हज के टीकाकरण के लिए गुरुवार को भी शिविर लगेगा।

हज कन्वीनर बाबू उबैदुल हक ने बताया कि दोमहला रोड स्थित अंजुमन इस्लाहे कौम में बुधवार को सुबह 10 से दोपहर डेढ़ बजे तक शिविर लगा। शिविर में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सत्यमूर्ति तोमर, फार्मासिस्ट आरिफ मसूद, नवेद इकबाल, मीरापाली, एएनएम रंजना, रामपाल और मंगली राम ने 224 यात्रियों का टीकाकरण कराया। शेष के लिए गुरुवार को भी सुबह 10 बजे से शिविर लगेगा। हज कन्वीनर ने बताया कि चार मई को स्वार में, छह मई को टांडा में शिविर लगेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 856 आजमीने हज मदीने और मक्का जाएंगे। पहली फ्लाइट नौ मई को दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी। 12 मई को दोमहला रोड स्थित अंजुमन इस्लाहे कौम में आजमीने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस अवसर पर सजीद उल हक, इरकान शमसी, शाहिद शमसी, हाजी वसीम, उमर अब्दुल्ला, हुमायूं वहीद, परवेज अख्तर शमसी, फैसल अहमद, शुऐब शमसी, हारिस शमसी, नजीर अहमद, जुबैर, उजैर अहमद, कामरान, फुरकान, नोमान, जलीस, अरशद, इमरान सलीम आदि मौजूद रहे।


इंटर कॉलेज में शपथ लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# यातायात नियमों का पालन करने से सभी रहेंगे सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को छात्राओं को प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने सड़क सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि सड़क पर चलते हुए नियमों का पालन अवश्य करें लापरवाही बरतने पर जान भी जा सकती है। कार्यक्रम में रेणु देवी, कल्पना सिंह, प्रगति गोयल, नाजिया, अफीफा, खदीजा तबस्सुम, बबीता गुप्ता, जीतेन्द्र सक्सेना राकेश कुमार, नितिन कुमार, राशिद, बाबू, सभी लोग उपस्थित रहे और छात्राओं के साथ-साथ सभी ने शपथ ली।

## ट्रैक्टर-ट्राली के ठेके में पालिका अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

**रामपुर, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद में वाहन पड़ाव एवं ट्रैक्टर-ट्राली का ठेका न देकर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचा रहे हैं। इसकी शिकायत गंगाराम सेवा संस्थान ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम सैनी ने मुख्यमंत्री और संगठन के प्रदेशाध्यक्ष से शिकायत की है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि ज्वालानगर क्षेत्र में गलियारे का निर्माण कराया है। इस स्थान का उच्च न्यायालय में रजा टैक्सटाइल्स का मुकदमा चल रहा है। आरोप है कि निर्माण कार्य को आधा-अधूरा छोड़कर भुगतान निकाल लिया गया है। आंबेडकर पार्क, गांधी समाधि से तोपखाना गेट तक का सौन्दर्यीकरण कराने में दोनों साइड की पटरी में सीसी टाइल्स की मरम्मत भी नहीं की गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि टीम गठित कर कार्रवाई कराई जाए।

# छात्र-छात्राओं को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार:** होली चाइल्ड इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राम अवतार ने कहा कि गर्मी में दूषित जल, प्रोटोजोआ, कवक जैसे संचारी रोग की आंशका बढ़ जाती है। संचारी रोग नियंत्रण माह के तहत चलाए जा रहे अभियान के दौरान संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षकों द्वारा चलाये गए जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों को मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। इसके अलावा छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने की शपथ दिलाई।

बुधवार को क्षेत्र के किशनपुर पनचक्की स्थित होली चाइल्ड इंटर कालेज में संचारी रोग नियंत्रण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। बच्चों को मौसमी बीमारी जुकाम, खांसी, बुखार से बचाव के लिए जागरूक किया। रोगों से बचने के लिए किस तरह की सावधानियां बरतनी चाहिए, इन सावधानियों को न सिर्फ वह अपनाएं बल्कि बच्चों को भी बताएं। प्रधानाचार्य राम अवतार ने कहा वैक्टीरिया, वायरस और मच्छरों से मलेरिया, फाइलेरिया, टायफाइड, डेंगू, मस्तिष्क ज्वर, चिकनगुनिया, चेचक और इंफ्लुएजा आदि संचारी रोग होने की आशंका बढ़ जाती है। छात्रों को रोगों से बचाव की जानकारी देते हुए गांव में घर के पास साफ-सफाई रखने तथा ग्रामीणों को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूक करते हुए शपथ दिलाई। इस दौरान कालेज की प्रबंधक रूबी बी, महेन्द्र कुमार, विजेन्द्र सिंह, ताहिर अली, अहमद उल्लाह खां, फौजिया, तयैबा, आलिया नाज, रिंकी तुरैहा आदि रहे।

# बिलाल वॉरियर ने चार विकेट से जीता फाइनल

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार:** टांडा क्रिकेट लीग का फाइनल बिलाल वॉरियर खेड़ा टांडा की टीम ने जीत लिया है। रोमांचक मुकाबले में बिलाल वॉरियर की टीम ने दौंकपुरी टांडा को चार विकेट से हराया। विजयी टीम को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

दौंकपुरी टांडा में आठ दिन से चल रही क्रिकेट लीग का समापन हो गया। फाइनल मुकाबला बिलाल वॉरियर खेड़ा टांडा की टीम और दौंकपुरी टांडा की टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दौकपुरी टांडा की टीम ने 15 ओवर में 157 रन बनाए। टीम की ओर से मुस्तफा ने सर्वाधिक 64 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खेड़ा टांडा बिलाल वॉरियर ने दो ओवर शेष रहते लक्ष्य पा लिया और चार विकेट से मैच जीत लिया। विजेता टीम की ओर से कारी अकरम ने 61 रन की पारी खेली। कप्तान अमन जुनैद ने 22 रन बनाए। जुल्फिकार गुड्डू ने छक्का मारकर मैच को जिताया। ग्राम प्रधान सगीर अहमद ने कारी अकरम को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा। कारी मोहम्मद आसिफ को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया। विजयी टीम के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया।

इस मौके पर कमेटी के हाशिम परवाना, रशाद, शाबान, डॉ. मुकीम, मोहम्मद फहीम सेठ, कारी मोहम्मद अकील, मोहम्मद जाहिद, मोहम्मद अफजाल, हाफिज सईद, मोहम्मद शुएब, कारी मोहम्मद रिजवान, जफर फारूकी, डॉ. मोहम्मद फईम आदि मौजूद रहे।



ट्रॉफी के साथ बिलाल वॉरियर खेड़ा टांडा की टीम। ● अमृत विचार

- रोमांचक मुकाबले में दौंकपुरी टांडा को 4 विकेट से हराया

**मौसम** तपिश बढ़ने से बढ़ा ठंडे पेय पदार्थों का कारोबार, लोगों ने पिया गन्ने का रस और बेल का शर्बत

# मई शुरू होते ही गर्मी ने दिखाए तीखे तेवर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मई शुरू होते ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं, जिससे लोग व्याकुल रहे। तपिश बढ़ने से ठंडे पेय पदार्थों का कारोबार बढ़ गया है। तेज गर्मी में लोगों ने बेल का शर्बत, गन्ने का रस और लस्सी पीकर गला तर किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत ने कहा कि इस समय किसान मक्का और सब्जियों की फसलों में हल्की सिंचाई कर दें।

बुधवार को सुबह से आसमान से सूरज तपिश बरसाता रहा। लोगों ने दोपहर की गर्मी से राहत पाने के लिए बेल का शर्बत, गन्ने का रस और लस्सी पीकर गला तर किया। बुधवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया, जिसके चलते लोग गर्मी से बेचैन रहे। गांवों में बच्चों ने ट्यूबवेल और पंपिंग सेट पर नहाकर गर्मी को दूर किया कुछ बच्चों ने नदियों और तालाबों में डुबकी लगाई। मौसम का मिजाज अगले पांच दिन में और तल्ख होगा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान जताया जा रहा है।



राहे रजा पर बुधवार को बेल का शर्बत पीते लोग। ● अमृत विचार

"आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 35 से 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री तक रहने का अनुमान है। सापेक्षिक आद्रता 50 से 60 प्रतिशत रह सकती है। –डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

## हाल-ए-मौसम

- आद्रता– 11 प्रतिशत
- वायु वेग–24 किमी. प्रतिघंटा

### भिंडी की तुड़ाई के बाद डालें यूरिया

कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मीकांत ने बताया कि सब्जी उत्पादक किसान भिंडी की फसल में तुड़ाई के बाद यूरिया पांच से 10 किलो की दर से डालें और माही कीट की निरंतर निगरानी करते रहें। अधिक कीट पाए जाने पर ईथियान 1.5 से 2 मिली. एक लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। रबी की फसलों की कटाई के बाद खेतों की गहरी जुताई के लिए यह मौसम अनुकूल होता है। यह खरपतवार के बीजों और कीड़ों के अंडों और प्यूपा को नष्ट करने में मदद करता है।



हेरिटेज एकेडमी में प्रकृति का संदेश देते बच्चे। ● अमृत विचार

# बच्चों ने दिया प्रकृति का संदेश

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** नगर के हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी में कक्षा एनसी से यूकेजी ब्लॉक-सी के भवन में ग्रीन डे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार पांडेय ने बच्चों को बताया कि हमारे जीवन में हरियाली का महत्व है।

स्कूल सभागार में कार्यक्रम में प्रबंधक ने कहा कि हरियाली के बगैर संपूर्ण जीवन एवं खुशहाल वातावरण की कल्पना करना संभव नहीं है। इसीलिए बच्चों को पौधेरोपण करना चाहिए। प्रधानाचार्य रीना दुबे ने विद्यार्थियों को बताया कि प्रकृति का सम्मान और उसको हमेशा संरक्षित रखने के लिए ग्रीन डे मनाते हैं। इस अवसर पर बच्चों ने हरे रंग के कपड़े पहने तथा टिफिन में अमरूद, अंगूर, खीरा आदि हरे रंग के व्यंजन लाए। छात्रों ने दिखाए वीडियो के साथ कविताएं गाईं तथा नृत्य भी किया। इस अवसर पर स्कूल कोऑर्डिनेटर एलआर कुशवाहा, विंग रिप्रेजेंटेटिव सुप्रिया शर्मा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी भी रहे।



## एक नजर

### कुत्तों ने काटकर 14 लोगों को किया घायल

**स्वार, अमृत विचार :** आवारा कुत्तों ने नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग जगहों पर 14 लोगों को जख्मी कर दिया। घायलों को सीएचसी में चिकित्सक ने एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगाए। मंगलवार को कुत्तों ने गांव गजुपुरा निवासी रवि कुमार, गांव समोदिया निवासी भावना, मोहल्ला चक स्वार निवासी यशपाल, सुहैल, निखिल, रामवती, गांव भूबरा निवासी जतिन कुमार, गांव हड़पुरा निवासी विनीता, गांव गद्दीनगली कमलेश, गांव खेमपुर निवासी मोहम्मद अकरम, गांव चुन्नावाला निवासी नौबतराम, अनुज कुमार, गांव मंसूरपुर निवासी बीना, गांव बिजारखाता निवासी ऐजाज को जख्मी कर दिया। बुधवार को सभी को सीएचसी में चिकित्सकों ने एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगाए।

### समिति ने मजदूरों को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से बुधवार को मजदूर दिवस पर मजदूरों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि मजदूरों को सम्मानित करके उनका हौसला बढ़ाया। मजदूरों का अहम योगदान कारोबार में रहता है। इस मौके पर सनी कपूर, अमनदीप सिंह, हरपाल सिंह, लखविंदर सिंह, अर्जुन सिंह, जसपाल सिंह मौजूद रहे।

# कर्ज में डूबे होमगार्ड ने जहर खाकर दी जान

## टांडा में डॉयल 112 पर तैनात था मुरादाबाद निवासी होमगार्ड, 80 हजार रुपये का बताया जा रहा कर्ज

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र में डॉयल 112 पर तैनात होमगार्ड ने कर्ज से परेशान होकर जहर खाकर



आत्महत्या कर ली। उसका शव मंगलवार देर रात नगर के मोहल्ला मोतीनगर स्थित ठंडी सड़क के पास पड़ा मिला। होमगार्ड ने सुसाइड करने से पहले अपने लड़के से मोबाइल पर बात की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। होमगार्ड पर बैंक का कर्ज लगभग 80,000 रुपये बताया जा रहा है।

मुरादाबाद के थाना कटघर अंतर्गत मोहल्ला सूरजनगर निवासी प्रेम सिंह (52 वर्ष) पुत्र छेदालाल थाना टांडा में होमगार्ड वाहन डायल 112 पर तैनात था। वह दिन की ड्यूटी करता था। शाम सात बजे ड्यूटी पूरी करके बाइक से रोजाना अपने घर मुरादाबाद चला जाता था। मंगलवार को जब वह रोजाना की तरह समय पर घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने टांडा थाने को फोन कर प्रेम सिंह के बारे में जानकारी हासिल की। थाने से बताया कि वह अपनी ड्यूटी पूरी कर घर के लिए निकल चुके हैं। इसके बाद परिजनों ने उसे रिश्तेदारी में पता करने के साथ ही इधर-उधर तलाश किया। लेकिन होमगार्ड का कोई पता न चल सका। इसके बाद होमगार्ड के लड़के आर्येन्दर कुमार ने थाना पुलिस को फोन कर बताया कि उसके पिता का अभी फोन आया है, उन्होंने बताया कि वह कस्बे के मोहल्ला मोतीनगर स्थित झंडा चौक के बराबर ठंडी सड़क पर हैं और सुसाइड कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने होमगार्ड को बेसुध मिला, वहीं कुछ ही दूरी पर उसकी बाइक भी पड़ी थी। जिसे वह तुरंत उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते हैं कि मृतक पर बैंक का कर्ज था। जिसे वह अपनी सीमित आय के चलते चुका नहीं पा रहा था और तनाव में रहता था। पुलिस ने भी प्रथम दृष्टया कर्ज के चलते आत्महत्या किए जाने की बात कही है। पुलिस ने मृत होमगार्ड के शव का पंचनामा भरकर बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने भी किसी भी प्रकार की रंजिश से इंकार किया है।



जिला अस्पताल में खड़े मृतक के परिजन। ● अमृत विचार



जिला अस्पताल में मौजूद विभागीय अधिकारी। ● अमृत विचार

### बेटे के पास फोन आते ही मची खलबली

रोजाना की तरह डायल 112 पर ड्यूटी करने वाले होमगार्ड ने जब अपने बेटे को मंगलवार को सुसाइड करने की जानकारी दी तो बेटे के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। उसने इस बात की जानकारी परिजनों को दी तो वे भी घबरा गए। उसके बाद तलाशते हुए टांडा पहुंच गए। बेहोशी की हालत में पुलिस के साथ मिलकर अस्पताल ले गए। लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

> डॉयल 112 वाहन पर तैनात होमगार्ड का शव नगर के मोहल्ला मोतीनगर स्थित ठंडी सड़क पर पड़ा मिला है। उसने लड़के को फोन कर सुसाइड किये जाने की बात कही थी। प्राथमिक जांच से अंदाजा होता है कि मृतक कर्ज के चलते परेशान था। मृतक के परिजनों ने भी किसी प्रकार की रंजिश से इंकार किया है।
> –**प्रिंस शर्मा**, प्रभारी निरीक्षक थाना टांडा



पुलिस हिरासत में भाजपा बूथ अध्यक्ष और परिजनों से मारपीट के आरोपी।

# भाजपा के बूथ अध्यक्ष से मारपीट के दो आरोपी पकड़े

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** मामूली कहासुनी के बाद भाजपा बूथ अध्यक्ष और उसके परिजनों से घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

क्षेत्र के गांव घोसीपुरा-पट्टीकलां निवासी दिनेश सैनी भाजपा बूथ अध्यक्ष हैं। बताते हैं कि किसी बात को लेकर गांव के ही निवासी कुछ लोगों से उनकी कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद कई लोगों ने मिलकर भाजपा बूथ अध्यक्ष और उसके परिजनों की घर में घुसकर पिटाई कर दी थी। पुलिस से शिकायत करने पर घर की महिलाओं को अवैध हथियारों से डराते-धमकाते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गए थे। मामले की नामजद तहरीर पीड़ित नेतराम सैनी की ओर से पुलिस को देकर जांचकर कार्रवाई की मांग की गई थी। स्वार कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि मामले में गांव घोसीपुरा-पट्टीकलां निवासी नुमान और कामिल पुत्र इनाम अली को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने बताया कि दोनों भाइयों का संबंधित धाराओं में चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# उत्तराखंड के अधिकारियों से अवैध खनन का डंपर छुड़ा ले गए यूपी के खनन माफिया

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** कोसी नदी में अवैध खनन की लगातार मिल रही शिकायतों पर राजस्व व खनन विभाग ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। मंगलवार देर रात को नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवान, देवेंद्र सिंह, हलका पटवारी मोहन सिंह रावत, दीपक चौहान व खनन विभाग के खनन मोहर्रिर होशियार सिंह ने संयुक्त रूप से अवैध खनन से भरे एक डंपर को रोका, तो डंपर चालक डंपर को उत्तर प्रदेश की सीमा में ले गया। उत्तर प्रदेश के खनन माफिया डंपर को अधिकारियों से छुड़ा ले गए।

बता दें कि राजस्व व खनन विभाग की टीम कोसी नदी पार किसी जमीनी विवाद से वापस लौट रही थी। जहां से लौटते समय टीम एनएच 74 पर चेकिंग करने लगी। इसी दौरान उत्तर प्रदेश के खनन माफिया ने उन्हें रॉयल्टी चेकिंग के नाम पर उत्तर प्रदेश की सीमा का हवाला देते हुए डंपर छुड़ा ले गए। उधर, स्वार नायब तहसीलदार ने भी खनन से ओवरलोड डंपर को गांव मिलक नौ खरीद ओवर ब्रिज के नीचे सेमरा लाडपुर के एक स्टोन क्रॅशर पर जाते हुए पकड़ लिया। लेकिन यहां भी खनन माफिया हावी हो गए। डंपर को छुड़ाने के लिए दबाव बना लिया। खनन माफिया के एकत्र होते ही तहसील अधिकारी और कर्मचारी सहम गए और डंपर छोड़ दिया गया। खनन माफिया के क्षेत्र में हावी होने से तहसील प्रशासन के अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए हैं। दूसरी ओर, एसडीएम अवनीश कुमार ने बताया कि अवैध खनन का वाहन पकड़े जाने के मामले संज्ञान में नहीं हैं, फिर भी जांच कराई जाएगी।



यूपी क्षेत्र में अवैध खनन का डंपर ले जाने की जांच के दौरान उत्तराखंड के अधिकारी।

# यू-डायस में कम और डीटीबी में अधिक बच्चे होने पर स्कूल चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** यू-डायस में कम और डीटीबी में बच्चों की संख्या ज्यादा दिखाने में 140 स्कूल हुए चिह्नित किए गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने चार मई तक ऐसे स्कूलों के प्रधानाध्यापक और इंचार्ज अध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा है कि ऐसा आखिरी क्यों हुआ है।

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वालों के लिए सरकार की ओर से डीबीटी के माध्यम से बच्चों को 1200 रुपये दिए जाते हैं ताकि वह स्कूल ड्रेस के अलावा मौजे, जूते खरीद सकें। लेकिन यू-डायस 2023-24 और डीबीटी में की संख्या में अंतर दिखाया गया है। जिसके लिए पिछले दिनों महानिदेशक के आदेश पर जूम के माध्यम से बैठक भी की गई थी। उसी आधार पर जिले में 140 स्कूल यू-डायस और डीबीटी में अलग पाए गए हैं। जैसे बिलासपुर यूपीएस एहरो में यू-डायस पर 295 बच्चे दिखाए गए हैं, जबकि डीबीटी में 426 बच्चे दर्ज हैं। इस तरह से 131 बच्चों को पैसा ज्यादा चला गया। इस तरह से जिले में 140 स्कूल चिह्नित किए गए हैं। सभी प्रधानाध्यापक और इंचार्ज अध्यापकों से चार मई तक स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

### जिले के सभी ब्लाकों के स्कूल शामिल

जिले में करीब 1599 सरकारी स्कूल हैं लेकिन 140 स्कूल ऐसे हैं, जिनके प्रधानाध्यापक और इंचार्ज अध्यापक ने यू-डायस और डीबीटी में ही खेल कर दिया है। जिससे सरकार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। मंगलवार को स्कूलों में 20 से कम संख्या मिलने पर भी प्रधानाध्यापकों को स्पष्टीकरण देने के आदेश हुए थे।

# कैंटर ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** स्वार रोड पर अनियंत्रित कैंटर ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि, पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

हादसा स्वार रोड स्थित खेमपुर रसूलपुर के पास का है। मझरा चांद निवासी इमरान और सुबहान बुधवार दोपहर बाद किसी काम से स्वार जाने के लिए घर से निकले थे। खेमपुर चौराहे से कुछ दूरी पर बाइक सवार दोनों युवकों को अनियंत्रित कैंटर ने रौंद दिया। हादसे के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने कैंटर का पीछा कर उसे चौराहे पर रोक लिया। हादसे की सूचना मिलते ही तमाम ग्रामीण घटनास्थल की ओर पहुंचे। मौके पर पहुंचे परिजन दोनों घायल युवकों को अस्पताल लेकर जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही 25 वर्षीय इमरान की मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठा सुबहान अली गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही मुरसैना चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृत युवक अविवाहित था।

### कोसी नदी क्षेत्र में ढांग में दबकर मजदूर की मौत



**मसवासी, अमृत विचार :** कोसी नदी क्षेत्र में काम रहा मजदूर मिट्टी की ढांग में दबने से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल मजदूर को मिट्टी से निकालकर काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने युवक की हालत गंभीर देखकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुल्तानपुर पट्टी के रतन कालोनी निवासी 55 वर्षीय नाजिर हुसैन बख्शी घाट पर कोसी नदी क्षेत्र में सोमवार को मजदूरी करने गया था। तेज गर्मी के चलते नाजिर हुसैन सहित चार लोग मिट्टी की ढांग किनारे बैठे गए। उसी वक्त अचानक ढांग गिरने से नाजिर हुसैन दब गया। तीन लोगों ने भागकर जान बचाई। मौके पर खड़े लोगों ने नाजिर हुसैन को मिट्टी से बाहर निकला और काशीपुर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। हायर सेंटर के चिकित्सक ने नाजिर हुसैन की जांच की उसे मृत घोषित कर दिया। नाजिर हुसैन की मौत पर परिजनों का बुरा हाल है। सुबह मृतक को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

# खेत पर जा रहे भूसा कारोबारी पर तेंदुए का हमला, दहशत

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** खेत पर काम करने जा रहे किसान के सीने पर तेंदुए ने पंजा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के खेतों पर काम कर रहे किसान चीख-पुकार की आवाज सुनकर मौके की ओर दौड़ पड़े। लोगों को अपनी ओर आता देख तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। डायल 112 पर फोन कर घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद ग्रामीण को अस्पताल ले जाया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने ऐसी किसी सूचना से इंकार किया है।

थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा खुर्द गांव निवासी जसवीर पुत्र हुलासी गेहूं का भूसा लेने व बेचने का काम करता है। बुधवार दोपहर को भी वह गांव के जंगल से अपने भतीजे राजू और भांजे चरण सिंह को साथ लेकर भूसा देखने के लिए गया था। इसी दौरान झाड़ियों से निकलकर तेंदुए ने उसके सीने पर पंजा मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। साथ गए लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों पर काम कर रहे लोग शोर मचाते हुए मौके पर दौड़ पड़े। लोगों को अपनी ओर आता देख तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। लोगों ने डायल 112 नम्बर पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद जसवीर को इलाज के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है। तेंदुए के हमले से गांव में दहशत बनी हुई है।

> सैफनी के गांव चंद्रपुरा खुर्द में तेंदुए ने ग्रामीण को हमला करके घायल कर दिया है। जानकारी मिलने के बाद टीम को मौके पर भेजा है। उसके बाद अधिक जानकारी हो सकेगी।
> –**राजीव कुमार**, डीएफओ

## आधा किलो चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**स्वार, अमृत विचार:** पुलिस ने चरस की बिक्री करने की सूचना मिलने पर छापामार कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर आधा किलो चरस के साथ पकड़ लिया।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के आदेश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा हैं। बुधवार को मुखबिर ने कस्बा इंचार्ज ललित कुमार को सूचना दी कि रविवार के साप्ताहिक बाजार में एक व्यक्ति चरस की बिक्री कर रहा है। जिस पर कस्बा इंचार्ज दरोगा हिमांशु सिंघल, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार, प्रेमसिंह को लेकर मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पीछा कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी में आरोपी से आधा किलो चरस बरामद कर कोतवाली ले आई। पूछताछ करने पर नाम मोहल्ला अगलगा निवासी मोबीन उर्फ भूरा पुत्र यासीन बताया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा है।

# छेड़खानी मामले में टीम ने दर्ज किए बयान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/बिलासपुर

**अमृत विचार :** शिक्षिका से छेड़खानी में बुधवार को मंडलीय कमेटी की टीम कृष्णा नगर स्थित सरकारी स्कूल में जांच को पहुंची। जिसके बाद करीब पांच घंटे से भी अधिक समय तक शिक्षक, शिक्षिकाओं, बच्चों और अभिभावकों से जानकारी ली।

कुछ दिनों पहले बिलासपुर के कृष्णा नगर स्थित सरकारी स्कूल में कुछ शिक्षिकाओं ने हेड मास्टर हरिराम दिवाकर पर छेड़खानी का आरोप लगाया था। मामले में रिपोर्ट दर्ज हो जाने के बाद उनको निलंबित करते हुए स्वार से अटैच कर दिया। पिछले गुरुवार को मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार ने अधिकारियों की टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए थे। बुधवार को जांच कमेटी गांव मानपुर-ओझा बंगाली कालोनी पहुंच गई। टीम ने सबसे पहले विद्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद एक-एक करके सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं के बयान दर्ज किए। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं से भी बात की और प्रकरण को लेकर तथ्य जुटाने का प्रयास किया। टीम शाम पांच बजे तक शिक्षिकाओं और बच्चों से वार्ता करती रही। उधर, आरोपी हेडमास्टर भी विद्यालय पहुंचे। जांच को पहुंचे अपर आयुक्त सर्वेश कुमार गुप्ता का कहना है विद्यालय के प्रधानाचार्य के विरुद्ध अध्यापिकाओं ने मंडलायुक्त से शिकायत की थी। कमेटी द्वारा मौके का निरीक्षण कर जांच पड़ताल की गई है। पीड़ित पक्ष का भी बयान लिया गया। आरोपी पक्ष से भी वार्ता की गई है।

### ग्राम प्रधान से लेकर रसोइया तक से हुई पूछताछ

ग्राम प्रधान से लेकर रसोइया और स्टाफ से पूछताछ की गई है। सभी से गुरुवार को मंडलायुक्त के समक्ष पेश होने को कहा है। साथ ही जो व्यक्ति यहां अपने बयान दर्ज नहीं करवा पाए हैं। कोई गोपनीय बात सार्वजनिक रूप से नहीं कहना चाहते तो वह गुरुवार को मुख्यालय पहुंच कर कमेटी के सामने अपनी बात रख सकते हैं। इसके बाद ही कमेटी अपनी अंतिम रिपोर्ट तैयार करके मंडलायुक्त के सामने रखेगी। विद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर को प्रशासन द्वारा कब्जे में ले लिया है।

### जांच कमेटी में यह सदस्य हैं शामिल

सर्वेश कुमार गुप्ता, अपर आयुक्त- द्वितीय, अंजूलता, सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, प्रीति सिंह अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम, बुद्धप्रिय सिंह, सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा, राजेश चंद्र गुप्ता, स्थानीय तहसील से एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, सीओ रवि खोखर, तहसीलदार निश्चय कुमार, खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, एडीओ आलोक सक्सेना, प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह, चौकी प्रभारी अमित कुमार सहित आदि अधिकारी रहे।



बैठक में बोलते प्रधान निर्मल सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

# तरसेम सिंह की हत्या की कराई जाए सीबीआई जांच : निर्मल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान निर्मल सिंह ने कहा कि 28 मार्च को नानकमत्ता साहिब के जत्थेदार तरसेम सिंह की हत्या दो बाइक सवारों ने कर दी थी। इससे सिख समाज में आक्रोश है। हत्या में बाबा अनूप नवाबगंज के प्रधान, प्रबंधक कमेटी को फंसाया जा रहा है।

सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में बुधवार को पत्रकार वार्ता में खालसा सेवा समिति के जिलाध्यक्ष सरदार अवतार सिंह ने कहा कि बाबा अनूप सिंह जो कई वर्षों से गुरुद्वारे में सेवाएं दे रहे हैं। गलत तरीके से बाबा अनूप सिंह को फंसाया जा रहा है। कहा कि गृहमंत्री, उत्तराखंड से मांग कि है कि तरसेम सिंह की हत्या की निष्पक्ष जांच कराई जाए। निर्मल सिंह, दर्शन सिंह खुराना, अवतार सिंह, गुरजीत आहूजा, भूपेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, अमर जीत सिंह, हरभजन सिंह, चरनजीत सिंह, परमजीत सिंह रहे।

**कार्रवाई** छापेमारी में फर्जीवाड़ा मिलने पर कई अस्पताल संचालकों को नोटिस देकर जवाब मांगा

# छापेमारी से निजी अस्पताल संचालकों में मचा हड़कंप

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** एसडीएम व चिकित्साधीक्षक की छापेमारी से निजी अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया। छापेमारी में अस्पतालों से कहीं चिकित्सक गायब मिले, तो कोई अस्पताल बंद करके ही भाग गए।

बुधवार को एसडीएम राजेश कुमार व मिलक के चिकित्साधीक्षक डॉ. बासित अली ने नगर में संचालित निजी अस्पतालों में छापेमारी की। सबसे पहले दोनों अधिकारियों ने नगर के हाइवे स्थित पब्लिक हॉस्पिटल में छापेमारी की। यहां अस्पताल में कोई चिकित्सक नहीं मिला। अस्पताल में दो मरीजों को अवैध रूप से भर्ती किया गया था। उनकी बीमारी संबंधी कोई जानकारी अंकित नहीं की गई थी। जानकारी लेने पर मौजूद चिकित्सक मरीजों की बीमारी का विवरण भी नहीं दे पाए। इसके बाद टीम हाइवे स्थित यश हॉस्पिटल पहुंची। पूर्व सूचना पर अस्पताल कर्मियों ने बाहर से अस्पताल का शटर गिराकर ताला लगा दिया। स्वयं दूसरी मंजिल पर जाकर छुप गए। टीम ने अंडरग्राउंड के रास्ते से जाकर देखा तो दवाइयों की बोतलों का ढेर लगा हुआ था। अस्पताल परिसर में मरीजों के बिस्तर लगे हुए थे। दूसरी मंजिल पर जाकर देखा तो अस्पताल का पूरा स्टाफ मौजूद था, जो अपने को किराएदार बता रहे थे। वहीं पर अस्पताल के नाम का बोर्ड भी पड़ा था। एसडीएम की पूछताछ के दौरान अस्पताल कर्मी मौके पाकर फरार हो गया। इसके बाद हाइवे स्थित एडवांस डेंटल क्लिनिक पर टीम पहुंची। डेंटल डॉक्टर के द्वारा अपंजीकृत मेडिकल का संचालन किया जा रहा था। मेडिकल हाल में प्रतिबंधित व नारकोटिक्स दवाएं पाईं। अस्पताल परिसर में महिलाओं की डिलीवरी के लिए अलग से ऑपरेशन कक्ष पाया गया। महिलाओं की डिलीवरी में प्रयोग किए जाने वाले औजार व दवाएं बरामद हुईं। छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति अपनी गर्भवती पत्नी के साथ अस्पताल पहुंचा। उसने सरकारी अस्पताल की पूर्व नर्स विनीता मेहताब के बारे में पूछा तथा पत्नी के इलाज की गुहार लगाई। तीनों अस्पतालों पर छापेमारी के बाद मिलक क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों में हड़कंप मच गया।



निजी अस्पताल में जानकारी करते अधिकारी। ● अमृत विचार

> मिलक क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों में छापेमारी की गई थी। जोकि आगे भी लगातार जारी रहेगी।
> –**राजेश कुमार**, एसडीएम मिलक

> छापेमारी के दौरान तीन अस्पतालों में गंभीर अनियमितता पाई गई हैं। अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है।
> –**डॉ. बासित अली**, चिकित्साधीक्षक

## स्वार पुलिस ने दो फरार वारंटी पकड़े, जेल भेजा

**रामपुर, अमृत विचार :** स्वार पुलिस ने फरार चल रहे आरोपियों को पकड़ने के बाद थाने ले आई। जहां दोनों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। थाना स्वार पुलिस ने आरोपी रईस अहमद पुत्र असगर अली निवासी असालतपुर और सिराज अली पुत्र रहमत अली निवासी नरपतनगर को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उनको थाने ले आई। उसके बाद दोनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। वहां से उनको जेल भेज दिया।

**फरार चल रहा एक वारंटी गिरफ्तार : रामपुर, अमृत विचार :** फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने पकड़ लिया। थाना खजुरिया पुलिस ने आरोपी मोनी खां पुत्र जर्रार खांनिवासी ग्राम अहरो थाना खजुरिया को आर्म्स एक्ट में उसके मकान से गिरफ्तार करने के बाद थाने ले आई। जहां पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया।वहां से उसका चालान कर दिया गया।

# निजी स्कूल संचालकों की मनमानी पर भड़के अभिभावक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नया शिक्षा सत्र अभिभावकों के लिए भारी जेब खर्च लेकर आया है। शिक्षा और बेहतर व्यवस्था के लिए अभिभावक महंगाई की मार से बेहाल हैं। नए शिक्षा सत्र में कॉपी किताबों के दाम 20 फीसदी तक बढ़ गए हैं। दुकानदार और स्कूल प्रबंधकों के कमीशनखोरी अभिभावकों पर भारी पड़ रही है। कई स्कूल हर साल कोर्स में शामिल किताबों के प्रकाशक बदल देते हैं। ताकि अभिभावक पुरानी किताबें न खरीद सकें। निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें पाठ्यक्रम में शामिल करने पर जोर है। लेकिन यह नियम निजी स्कूल में लागू होते नहीं दिखाई दे रहा है। निजी स्कूल संचालक मनमानी कर रहे हैं।

बुधवार को भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष भीम प्रिय गौतम के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्र होकर कलक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। जिसमें उनका कहना है कि निजी शिक्षण संस्थानों के संचालक प्रवेश के समय प्रवेश शुल्क अधिक वसूलते हैं। महंगी किताबों की खरीदारी के लिए छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को लूटा जा रहा है। गरीब अभिभावक अपने बच्चों को महंगी किताबें महंगी फीस के कारण नहीं पढ़ा पा रहे हैं। महंगाई के दौर में निजी शिक्षण संस्थाओं ने जगह-जगह निजी दुकानों पर कमीशन बांध रखा है। मांग की गई कि इस मामले की प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जांच कराई जाए।

ज्ञापन देने वालों में दिनेश बाबू, हरिओम रवि, राजीव आंबेडकर, सत्यपाल सिंह बादल, मदनलाल, राजेश कुमार, सुखवीर हिंदुस्तानी और राहुल कुमार शामिल रहे।

## भूमि विवाद में हुए झगड़े में पड़ोसी का काटा कान

**मिलक, अमृत विचार :** भूमि विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने पड़ोसी का कान काट दिया तथा तीन अन्य घायल हो गए।

क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी सुभाष ने बताया कि उसके पड़ोसी से भूमि बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। गांव के कुछ संभ्रांत लोगों द्वारा जमीन का बंटवारा कर दिया था। जो कि पड़ोसी विवेक, रामभरोसे, राहुल, रामपाल व मदनलाल को नागवार गुजरा। रंजिश रखते हुए इन लोगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। हमले के दौरान विवेक ने उसके ऊपर धारदार हथियार से वार कर दिया। इस दौरान उसका कान कट गया। हमले में सुग्रीव, रामभरोसे, देवेंद्र व राजवीर भी चोटिल हो गए। बाद में सभी लोग धमकी देते हुए फरार हो गए। सभी लोग कोतवाली पहुंचे जहां पुलिस ने सभी का मेडिकल कराया। पुलिस तहरीर के आधार पर लेकर मामले की जांच में जुट गई है।

## एक नजर



संविलियन विद्यालय सोहना में टीवी भेंट करते ग्राम प्रधान के पिता सिपाही लाल।

### स्मार्ट क्लास के लिए विद्यालय को टीवी किया भेंट

**शाहबाद, अमृत विचार :** संविलियन विद्यालय सोहना को ग्राम प्रधान स्वाति के पिता सिपाही लाल ने स्मार्ट क्लास संचालन के लिए स्मार्ट टीवी भेंट किया। ग्राम प्रधान के पिता ने कहा कि स्मार्ट टीवी से विद्यार्थी कॉन्वेंट विद्यालय की की तर्ज पर डिजिटल कंटेंट प्राप्त कर सकेंगे। गौरतलब है कि जनवरी 2024 में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रदेश का पहला रिकॉर्डिंग रूम बनाया गया। इस रिकॉर्डिंग रूम के माध्यम से चलने वाली स्मार्ट क्लासेस का लाइव प्रसारण भी अब बच्चे देख सकेंगे। इस अवसर पर प्रधानाधापिका ऋचा शर्मा, डॉ. वसीम अहमद, लाल सिंह, संजय कुमार, सुषमा सिंह, प्रदीप कुमार, नीलम शर्मा, पृथी सिंह आदि मौजूद रहे।

# 1.57 लाख टन के सापेक्ष 18 हजार टन गेहूं खरीद

## जिले में गेहूं खरीद के लिए 159 के सापेक्ष बनाए गए 156 क्रय केंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में एक मार्च से एक मई तक 1 लाख 57 हजार टन के सापेक्ष 18 हजार 373 टन गेहूं की खरीद हुई है। यानि लक्ष्य के सापेक्ष 11 फीसद तक खरीद हुई है। सरकारी मूल्य से ज्यादा खुले बाजार में गेहूं की कीमत होने के चलते सरकारी क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है।

शासन ने जिले को 1 लाख 57 हजार टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया है। सरकारी क्रय केंद्रों पर दो माह में अब तक 18 हजार टन गेहूं खरीद हो सकी है। ऐसे में लक्ष्य हासिल करने में विभाग को मशक्कत करना पड़ेगी। खाद्य विभाग की ओर से जिले के स्वार, शाहबाद, मिलक, बिलासपुर, टांडा और चमरौआ क्षेत्र में 159 के सापेक्ष 156 गेहूं क्रय केंद्र बनाए गए हैं। खाद्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार बुधवार तक जनपद में 18 हजार 373 टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। खरीद का समय 15 जून तक निर्धारित किया है। गेहूं के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य के मुकाबले खुले बाजार में किसानों को ज्यादा से ज्यादा भाव मिल रहा है। किसानों को आढ़तों पर गेहूं का मूल्य सरकारी क्रय केंद्रों से अधिक पैसा हाथों-हाथ मिल रहा है। जिले में अब तक 2008 किसानों का 14 करोड़ पांच लाख, 78 हजार रुपये का भुगतान किया गया है।



क्रय केंद्र एजेंसियों के प्रबंधकों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह।

### एजेंसियों के प्रबंधकों को डीएम ने लगाई फटकार

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बुधवार शाम अधिकारियों के साथ बैठक करके गेहूं खरीद को गति प्रदान करने के सम्बंध में निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र एजेंसियों के प्रबंधकों को गेहूं की कम खरीद होने पर फटकार लगाई और कहा कि एसडीएम राजस्व कर्मचारियों के माध्यम से खरीद प्रक्रिया को गति दें। स्वयं भी न्यूनतम खरीद वाले केंद्रों को चिन्हित करके प्रतिदिन निरीक्षण करें। जिले के हर क्रय केंद्र की दैनिक रूप से मॉनिटरिंग होगी। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिए कि वे अपनी ग्राम पंचायतों के बड़े किसानों के साथ समन्वय स्थापित करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा सहित सभी एसडीएम और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### इतने बनाए हैं क्रय केंद्र

| नाम एजेंसी | संख्या |
|---|---|
| खाद्य विभाग | 20 |
| पीसीएफ | 54 |
| पीसीयू | 27 |
| यूपीएसएस | 15 |
| नैफेड | 25 |
| एनसीसीएफ | 5 |
| मंडी समिति | 3 |
| भारतीय खाद्य निगम | 10 |

1 लाख 57 हजार टन के सापेक्ष 18 हजार 373 टन यानि 11 प्रतिशत खरीद हो चुकी है। खरीद के लिए 159 के सापेक्ष 156 क्रय केंद्र बनाए है। इसके अलावा 141 मोबाइल क्रय केंद्र बनवाए गए है किसानों को केंद्रों, मंडी नहीं आना पड़े।
**-कौशल देव,** जिला खाद्य विपणन अधिकारी

### एसडीएम ने दिए खरीद में तेजी लाने के निर्देश

**शाहबाद, अमृत विचार :** बुधवार को एसडीएम ने बैठक कर गेहूं खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के साथ अपने-अपने क्षेत्र में किसानों को सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करने को कहा। बुधवार को एसडीएम सुनील कुमार ने केंद्र प्रभारियों की बैठक बुलाई। जिसमें उन्हें गेहूं खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद का लक्ष्य पूरा करने के लिए टीम बनाकर भ्रमण करें। किसानों को सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करें। जिससे उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य मिल सके। एसडीएम ने बैठक में मौजूद प्रभारियों से इलेक्ट्रिक कांटा, छलना एवं बारदाना के बारे में जानकारी लेकर केन्द्रों पर खरीदे गए गेहूं के रखरखाव के बारे में जानकारी ली। खरीद में गति लाने के साथ लेखपालों से संपर्क कर किसानों के पंजीकरण कराने के बाद परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि 370000 क्विंटल के सापेक्ष अब तक 66705 क्विंटल गेहूं की खरीद हो गई है।



विदाई समारोह के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## कर्मचारियों को संगठित होने की आवश्यकता : रामबाबू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष पंडित रामबाबू शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों को संगठित होने की आवश्यकता है। क्योंकि कर्मचारियों का शोषण दिन-प्रतिदिन सरकारों द्वारा हो रहा है। इसका पुरजोर विरोध कर्मचारी संगठित होकर के ही कर सकते हैं। सरकार कर्मचारियों की भर्ती नहीं कर रही है।

कृषि भवन स्थित नवीन सभागार में चमरौआ में तैनात कृष्ण कुमार सींच पर्यवेक्षक के सेवा निवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन हुआ। संरक्षक राजेंद्र प्रकाश सक्सेना ने कहा कि कृष्ण कुमार जिलेदार की विदाई से खुशी भी है और दुख भी। अधिशासी व सहायक तथा अवर अभियंता ने कहा कि हमारे बीच में कृष्ण कुमार जिलेदार पद से रिटायर हो रहे हैं। इनकी नियुक्ति विभाग में 1985 में हुई थी। इनका कार्यकाल बेहतर रहा है। इस मौके पर समारोह में पंडित रामबाबू शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुराद खान, जिला महामंत्री जगदीश पटेल, संयुक्त मंत्री बरकत अली, कोषाध्यक्ष विश्व बंधु, राम अवतार पांडेय, मोहम्मद हनीफ, शाकिर मियां, भगवान दास, जमील अहमद, राजवीर सिंह, माखनलाल, हसन जब्बार, हुसैन अली, धर्मेंद्र साहू, प्रेमपाल सिंह, सोमपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, सुखलाल, जयपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, लियाकत हुसैन, चरण सिंह, राम सिंह, अनिल कुमार मौजूद रहे।

## बिजली घर पर किसानों ने किया हंगामा

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** बिजली विभाग के कर्मचारियों पर डुप्लीकेट मीटर लगाकर एई द्वारा फर्जी मुकदमे में फसाने व बदले में 50 हजार रुपये का सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगा है। इस मामले में भाकियू अराजनैतिक से जुड़े किसानों ने बिजली घर पर हंगामा किया।

बुधवार को भाकियू अराजनैतिक के जिला प्रवक्ता मनजीत सिंह अठवाल के नेतृत्व में किसान नगर स्थित नए बिजली घर पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। एसडीओ भगवंत सिंह को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि तहसील क्षेत्र के गांव इमरता राय निवासी भाकियू के पूर्व प्रदेश सचिव मनजीत सिंह ढींढसा नाम से बिजली कनेक्शन संख्या 584919812 है। तेज वोल्टेज के कारण मीटर में कोई कमी आ गई। जिसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को देकर परिवार विदेश चला गया। इसके बाद कर्मचारी ओमकार ने फोन पर बताया कि मीटर में रीडिंग नहीं आ रही है, इस मीटर को बदला जाएगा। उसके कुछ दिन बाद विभाग का दूसरा कर्मचारी राजीव आया और उसने मीटर को बदलने को कहते हुए मीटर को उतार लिया और उस मीटर को डुप्लीकेट बताया। उसके कुछ दिन बाद रामपुर बिजली कार्यालय से बिजलीकर्मी कैलाश का फोन आया और उसने भी मीटर को नकली बताया। पूर्व प्रदेश सचिव ने विदेश से आने के बाद 30 अप्रैल को बिजली कार्यालय पहुंच गए। एई मीटर ने उन्हें मुकदमे व जुर्माना भरने की चेतावनी दी। जब वह आने लगे तो कैलाश ने 50 हजार रुपये सुविधा शुल्क की मांग की। एसडीओ ने किसानों को आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौपने वालों में जनरैल सिंह, सलामत जान, लखविंदर सिंह, जगीर सिंह, मनजीत सिंह ढींढसा, गुरदेव सिंह, कुलदीप सिंह रहे।



स्वार में कार्यालय में एसडीओ से वार्ता करते किसान।

## मुंडिया खेड़ा के पीएम श्री विद्यालय में बाल वाटिका की रखी गई नींव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिला समन्वयक राहुल कुमार ने पीएम श्री विद्यालय को मिलने वाली सुविधाओं से परिचित करवाया। इन विद्यालयों के प्रति शासन की मंशा से अवगत कराया।

चमरौआ ब्लॉक के मुंडिया खेड़ा गांव में पीएम श्री विद्यालय की बाल वाटिका के निर्माण की नींव का भूमि पूजन किया गया। जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार के प्रतिनिधि के रूप में जिला समन्वयक (निर्माण) राहुल कुमार कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। जिला समन्वयक राहुल कुमार ने होनहार छात्रा शीतल, आंगनबाड़ी कार्यकत्री लौंगश्री द्वारा नींव का भूमि पूजन संपन्न कराया। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। शिक्षक अंजुम सक्सेना ने भी बताया कि यह विद्यालय शिक्षा एवं क्रीड़ा के क्षेत्र में स्तर बना चुका है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक छत्रपाल सिंह ने विद्यालय के स्टॉफ द्वारा किए जाने वाले टीमवर्क के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर विवेक कुमार, चंचल कुमार गुप्ता, रीना कुमारी, सौरव आर्य, मोहित सक्सेना, नलिनी यादव, वीर सिंह, सरोज देवी, आंगनबाड़ी सुमित्रा, एसएमसी अध्यक्ष दीप चंद रहे।



नींव रखते जिला समन्वयक राहुल कुमार।

## कुरआन ख्वानी के साथ उर्स का आगाज

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** हजरत दादा मियां व हजरत सूखा शाह मियां के 73वें उर्स ए मुबारक का आगाज कुरान ख्वानी के साथ हो गया है। बुधवार को दोपहर को रजा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती सलीम रजा नेतृत्व में कुरानख्वानी की गई। दरगाह पर आज रात नौ बजे जलसा होगा।



उर्स के पहले दिन सजी दरगाह।

इस मौके पर दरगाह के सेवादार मुजफ्फर अली, अनवार हुसैन, जाहिद खां, शोएब, शाकिब, मोहम्मद उस्मान, अहसान, आसिफ आदि मौजूद थे। पांच दिवसीय उर्स के मौके पर दरगाह को सजाया गया है। दरगाह पर दो मई को रात नौ बजे जलसा होगा। जिसमें दूर-दराज व आसपास के उलमा शिरकत करेंगे। उर्स मुबारक में विसाली कुल पांच मई को सुबह 10 बजे तक होगा।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES
JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- FACULTY OF PHARMACY
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- HUMANITIES AND JOURNALISM English

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

## मुकदमों का समय से होना चाहिए निस्तारण : जिला जज

संवाददाता, शाहबाद

- जिला जज और न्यायिक अधिकारी ने देखीं ग्राम न्यायालय की पत्रावलियां

**अमृत विचार :** बुधवार को शाहबाद तहसील स्थित ग्राम न्यायालय का निरीक्षण करने पहुंचे जिला जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी और न्यायिक अधिकारी सुमिता ने पत्रावलियों का अवलोकन किया। जिला जज ने कहा कि मुदकमे के निस्तारण में देरी न हो।

जिला जज न्यायिक अधिकारी के साथ बुधवार को शाहबाद पहुंचे और निर्देश दिए। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामौतार यादव एवं यूथ बार के अध्यक्ष मनोज भारद्वाज के संयुक्त नेतृत्व में अधिवक्ता जिला जज से वार्ता करने पहुंचे। पांच बिंदुओं की मांग को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि धारा 323, 504 एवं 506 भारतीय दंड संहिता के जमानत व वाद स्वीकरण व प्रक्रिया को ग्राम न्यायालय शाहबाद में ही सुनने के लिए अनुमति व प्रक्रिया सुचारु करना आवश्यक है। साथ ही धारा 12 घरेलू हिंसा व धारा 13 गैम्बलिंग एक्ट से सम्बंधित वादों का दायरा शाहबाद ग्राम न्यायलय में ही सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाए। अधिवक्ताओं ने शाहबाद से संबधित थानों सैफनी, पटवाई, रेबड़ी व परम चौकी को ग्राम न्यायालय शाहबाद से जोड़ा जाना जरूरी बताया। न्याय अधिकारी ग्राम्य न्यायालय शाहबाद अरविन्द कुमार मद्धेशिया, एसडीएम सुनील कुमार प्रथम, तहसीलदार शिवकुमार शर्मा एवं क्षेत्राधिकारी अतुल पाण्डेय जबकि, अधिवक्ताओं में अमर सिंह, रामचंद्र सिंह दिवाकर, आशुतोष पाठक, घनेंद्र सिंह यादव एवं वसीम खान रहे।

## प्रतियोगिता में अलीना और जन्नत अव्वल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- डॉ. आंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का जनपद स्तरीय परीक्षा परिणाम घोषित
- प्रतियोगिता में जिले के 284 प्रतिभागियों ने किया था प्रतिभाग

**अमृत विचार :** युवा एवं बाल विकास समिति अंतर्गत भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में हुई आंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में शिव हरि जूनियर हाई स्कूल अलीगंज बेनजीर की छात्रा अलीना तथा सीनियर वर्ग में कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की छात्रा जन्नत अपने-अपने वर्गों में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर टॉपर रहीं।

परीक्षा 19 नवंबर 2023 को प्रदेश के 225 विभिन्न परीक्षा केंद्रों के साथ जिले के चार परीक्षा केंद्रों राजकीय जुल्फिकार इंटर कालेज, शिव हरि जूनियर हाईस्कूल बेनजीर, कन्या इंटर कालेज खारी कुआं और उच्च प्राथमिक विद्यालय हरेटा पर हुई थीं।



जन्नत व अलीना। ● अमृत विचार

जिसमें जनपद से 284 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जूनियर वर्ग में शिव हरि जूनियर हाईस्कूल बेनजीर की अलीना ने प्रथम, आयुष ने द्वितीय और पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरैटा की दीपांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग में हर्षित, विवेक कुमार, अमन कुमार हितेश, मिशवा और जुल्फिकार इंटर कॉलेज के छात्र मोहम्मद शाकिब ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की छात्रा जन्नत ने प्रथम, अर्शनुमा ने द्वितीय और तनुश्री ने तृतीय स्थान पाया। इसी वर्ग में जुल्फिकार इंटर कॉलेज के छात्र अहसान अली, फैसल हुसैन, मन्नू , विक्की यादव सहित कन्या इंटर कॉलेज खारीकुआं की अनमता और पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरैटा के अमित ने सांत्वना पुरस्कार में स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को बुद्ध जयंती 23 मई को जनपद स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी युवा एवं बाल विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार गौतम ने दी।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

**आयोजन** मजदूर दिवस पर स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित, सहायकों को किया गया सम्मानित

## मई दिवस पर स्कूल में छात्र-छात्राओं ने बताया मेहनत का महत्व

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मजदूर दिवस पर मजदूरों की मेहनत का सम्मान एकता और उनके अधिकारों पर भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें विभिन्न शीर्षकों पर छात्रों ने मजदूरों के परिश्रम के बारे में बताया।

शाहबाद रोड के ग्राम रायपुर स्थित द रेडियंस स्कूल में मजदूर दिवस मनाया। स्कूल में कक्षा एक से आठ तक के छात्रों ने सहायककर्ता चिकित्सक, पुलिसकर्मी, अध्यापक तो डाकिए की समाज में भूमिका पर भाषण दिए। प्रतियोगिता का आयोजन जूही सक्सेना और शीतल अग्रवाल ने किया। प्रतियोगिता का निर्णय रुकैया मर्चेंट एवं अनुराधा मांगलिक ने किया। स्कूल डायरेक्टर विवेक जैन ने विद्यालय के सहायक कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित करते किया। इसके अलावा आनंद कांवेट स्कूल में भी लेवर डे मनाया। जहां स्कूल के स्टॉफ को उपहार देकर सम्मानित किया। पीयूष प्रकाश सक्सेना एवं प्रधानाचार्य आभा सक्सेना रहीं।



मजदूर दिवस पर सम्मानित हुईं महिलाएं। ● अमृत विचार

### बच्चों ने नाटक कर श्रमिकों की उपयोगिता बताई

**मसवासी, अमृत विचार :** बुधवार को विकास भारती स्कूल में श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का आगाज विद्यालय के चेयरमैन संसार सिंह एवं प्रधानाचार्य स्मिता गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्रमिक दिवस पर चेयरमैन संसार सिंह, प्रधानाचार्य स्मिता गुप्ता ने श्रमिकों को उपहार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि समाज के हर क्षेत्र में श्रमिकों की सेवा महत्वपूर्ण है। हर एक कर्मचारी अपने-अपने परिश्रम से समाज को लाभान्वित करता है। बच्चों ने नाटक के माध्यम से श्रमिक की अहमियत को दर्शाया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सुंदर गीत संग नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की ओर से चालकों माली, गार्ड सहित अन्य सभी कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया।



लर्निंग लैडर स्कूल में गार्ड को सम्मानित करते बच्चे। ● अमृत विचार

### लर्निंग लैडर स्कूल में बच्चों ने मजदूरों को किया सम्मानित

**मिलक, अमृत विचार :** मजदूर दिवस पर लर्निंग लैडर स्कूल में सम्मान समारोह हुआ। छात्र-छात्राओं ने ग्रीटिंग देकर मजदूरों को सम्मानित किया। प्रबंधक दर्शिता गंगवार व शुभांक प्रकाश गंगवार व प्रधानाचार्य ज्योति श्रीवास्तव ने गोष्ठी में मजदूरों के जीवन संघर्ष के बारे में बताया। विद्यालय प्रबंधन कमेटी ने मजदूरों को उपहार व मिठाई वितरित की। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में भी इंटरनेशनल मजदूर दिवस मनाया। छात्र-छात्राओं ने पोस्टर कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्कूल के बस चालक एवं परिचालक तथा स्कूल में सफाई कर्मचारियों को कार्ड देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य गुरजीत सिंह ने बताया कि इंटरनेशनल मजदूर दिवस केवल भारत में ही नहीं अपितु विश्व के अनेक देशों में मनाया जाता है। संरक्षक सुरेन्द्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को श्रमिकों के साथ गलत व्यवहार न करने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर

### अधिवक्ता की तहसील परिसर में खड़ी बाइक चोरी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अधिवक्ता की तहसील परिसर में खड़ी बाइक अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गए। तहसील क्षेत्र के थाना डिलारी के ग्राम फोन्दापुर निवासी अधिवक्ता फिरासत अली पुत्र रियासत अली ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की है कि बीती 6 अप्रैल को तहसील परिसर में पानी की टंकी के पास रोज की भांति अपनी बाइक खड़ी कर चैंबर पर चले गए थे। अधिवक्ता की बाइक अज्ञात चोर चुरा कर ले गया। बाइक को काफी तलाश किया गया लेकिन बाइक नहीं मिली। अधिवक्ता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो को अवैध कच्ची शराब के साथ किया गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से 10 लीटर कच्ची शराब एवं दूसरे व्यक्ति को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थाना कांठ के उपनिरीक्षक लईक अहमद गत रात्रि पुलिस बल के साथ ग्राम गुल्हड़िया पहुंचे, तो गुल्हड़िया ग्राम की ओर से एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखाई दिया। टार्च की रोशनी में पुलिस को सामने से आता देख उसने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ धर दबोचा। गिरफ्त में आए व्यक्ति ने अपना नाम दिलशाद पुत्र यामीन निवासी ग्राम अकबरपुर चैदरी बताया है। वहीं गतरात्रि को ही हेड कांस्टेबल पुलिसकर्मियों के साथ गस्त करते हुए ग्राम पाइंदापुर पहुंचे, जहां मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ युवक को गिरफ्तार कर लिया।

### फोर्स ने अति संवेदनशील बूथों का किया भ्रमण

**कुंदरकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ,थाना कुंदरकी पुलिस ने अर्धसैनिक बल व पुलिसबल के साथ क्षेत्र के अति संवेदनशील बूथों पर एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही की। साथ ही क्षेत्रीय लोगों से चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की। इसके अलावा चेतावनी दी कि कोई अराजकतत्व अराजकता फैलाने कोशिश की तो उसको बख्शा नहीं जाएगा।अगर कहीं पर भी आशान्ति फैलाता है तो तुरन्त इसकी सूचना पुलिस को सूचना दें। पुलिस के द्वारा एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई ग्राम भीकनपुर कुलवाड़ा,डोमघर, ईंधनपुर नगला, कमालपुर फतेहाबाद, गांव में पहुंचकर की गई।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी से अभिभावक हो रहे परेशान

## स्कूल से ही पुस्तक, बैग व ड्रेस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार :** डिलारी क्षेत्र के इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्रवेश शुल्क में मनमानी की जा रही है, तो अभिभावकों को स्कूल से ही पुस्तक, बैग व ड्रेस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। अब अभिभावकों की मजबूरी है कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए विद्यालय प्रबंधन की प्रत्येक मांग को पूरी करने के लिए विवश हैं।

कई अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन द्वारा की जा रही मनमानी की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। वैसे तो शासन के निर्देश पर इस बार नया शिक्षासत्र एक अप्रैल से ही शुरू कर दिया गया, डिलारी क्षेत्र के अधिकतर निजी स्कूलों में विद्यार्थियों के प्रवेश को लेकर होड़ मची हुई है।

रोज विभिन्न स्कूलों के शिक्षक छोटे-छोटे ग्रुप में नगर की गलियों की खाक छानते फिर रहे हैं। इस दौरान अभिभावकों को अपने-अपने स्कूल की विशेषता बढ़ चढ़कर बताते रहते हैं। यह अलग बात है कि उनके लोकलुभावन बातों में फंसकर तमाम अभिभावक अपने बच्चों का नाम ऐसे स्कूलों में लिखवा देते हैं, लेकिन अधिकतर उन्हें पछताना ही पड़ता है।

अधिकांश निजी स्कूलों ने शिक्षा के मंदिर को व्यवसाय का अड्डा बना दिया है। अभिभावकों को विद्यालय से ही किताबें, ड्रेस, बैग व अन्य स्टेशनरी खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके लिए अभिभावकों को अधिक दाम देना पड़ता है, लेकिन उनकी ऐसा करने की मजबूरी होती है। जिन किताबों को स्कूल में बड़े कमीशन पर लगाया जाता है, वह बाजार में कहीं मिलती ही नहीं हैं।

शिक्षा के व्यवसायीकरण का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रधानाचार्य कक्ष से ही पुस्तकों की धड़ल्ले से बिक्री की जाती है।

> अकबरपुर के इबने हसन व अरशद अली कहते हैं कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई होती नहीं। ऐसे में अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए ऐसे विद्यालयों में अपने बच्चों का प्रवेश कराना पड़ता है। हालांकि उन्हें मालूम है कि इन विद्यालयों में शोषण अधिक, पढ़ाई कम है, लेकिन क्या करें मजबूरी है। - अरशद अली

> धारक नंगला के विक्रम सिंह व विकास कुमार ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को ऐसे निजी स्कूलों पर लगाम कसनी चाहिए। क्योंकि साधन संपन्न लोगों को तो कोई समस्या नहीं होती, लेकिन मध्यम वर्ग के लोगों के समक्ष व्यापक मुश्किलें खड़ी हो जाती हैं। - विक्रम सिंह

> डिलारी के रामचंद्र सिंह व अवधेश ने कहा कि प्रवेश से लेकर रिपोर्ट कार्ड देने तक अलग अलग प्रकार से धन उगाही विद्यालय प्रबंधन द्वारा की जाती है। यदि इंकार करो, तो बच्चे को तरह-तरह से परेशान किया जाता है। ऐसे में उनकी मजबूरी होती है कि जो भी विद्यालय द्वारा मांगा जा रहा है, उसे प्रदान करें। - रामचंद्र सिंह



शिविर में प्रतिभाग करते स्काउट एवं गाइड। ● अमृत विचार

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** बुधवार को राजेंद्रा एकेडमी भीकनपुर में स्काउट एवं गाइड का तीन दिवसीय शिविर (प्रवेश कैंप) का समापन समारोह मनाया गया।

भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से इस शिविर में विद्यालय के 80 स्काउट तथा 47 गाइड को अलग अलग ग्रुपों में बांटा गया। सभी ग्रुपों के बच्चों ने बांस , बल्ली चादर आदि से अपने-अपने टेंट लगाए।

इस शिविर में बच्चों को तरह-तरह के प्रशिक्षण दिए गए। उन्हें अलग अलग तरह की गांठे तथा फंदे लगाने का भी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कैंप प्रशिक्षक अक्षत शर्मा तथा शुभम सैनी ने बच्चों को स्काउट एवं गाइड के अंतर्गत आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर सुरेंद्र सिंह रि. ओनरी लेफ्टिनेंट तथा विद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैलाश चंद्र शर्मा ने सभी ग्रुपों के टेंटो में जाकर उनका निरीक्षण किया और ग्रुप हेड से बच्चों के शिविर अनुभव के बारे में जानकारी ली। अंत में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार सिंह ने भारत स्काउट एवं गाइड से आए हुए दोनों प्रशिक्षिकों का आभार व्यक्त करते हुए सभी बच्चों को उनके प्रमाण पत्र वितरित किए।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने जुआ खेल रहे दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**छजलैट, अमृत विचार :** पुलिस ने गस्त के दौरान जुआ खेलते हुए दो व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए दोनों व्यक्तियों से 560 रुपये नकद व ताश की गड्डी बरामद की गई है। पुलिस कांस्टेबल सोनू गत रात्रि पुलिसकर्मियों के साथ गस्त करते हुए ग्राम कोकरपुर के पास पहुंचे, जहां दो व्यक्ति ताश खेलते हुए हार-जीत की बाजी लगा रहे थे। पुलिस ने नाकेबंदी कर दोनों व्यक्तियों को दबोच लिया। एक व्यक्ति ने अपना नाम इशरत पुत्र अकबर अली तथा इसी गांव के दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम नाजिश पत्र मुख्त्यार बताया है। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों की तलाशी लेकर 560 रुपये व एक ताश की गड्डी बरामद की है। वहीं ग्राम समदपुर बुनियादपुर से उप निरीक्षक ईसार अहमद ने सोनू पुत्र रमेश निवासी खुशहालपुर थाना छजलैट एवं राशिद पुत्र साबिर निवासी ग्राम कोकरपुर को 4 किलो 600 ग्राम वजन के तांबे के तार के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।



शिविर में उपस्थित स्वास्थ्यकर्मी और आजमीन। ● अमृत विचार

### हज यात्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कांठ, अमृत विचार :** इस वर्ष हज जाने वाले यात्रियों को आयोजित शिविर में प्रशिक्षण दिया गया तथा सीएचसी कांठ की टीम द्वारा 107 आजमीनों को टीके लगाए गए। नगर स्थित मदरसा नासिरूल उलूम में इस वर्ष हज जाने वाले यात्रियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्र के हज ट्रेनर मौलाना मोहम्मद यामीन, मौलाना सिराजुद्दीन ने हज पर जाने वाले आजमीनों को हज अदा करने के हवाले से विस्तार से जानकारी दी। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ की टीम ने नगर व क्षेत्र से आए एक सौ सात हज आजमीनों का टीकाकरण किया। शिविर का आगाज मदरसे के छात्रों द्वारा तिलावत व पाक नात पेश करके हुआ। इस मौके पर डॉ. सिराजुद्दीन, डॉ. मोहम्मद आरिफ, डॉ. रईस अहमद अंसारी, शुजात करीम, फसाहत करीम अंसारी, हाजी मोहम्मद यामीन, हाजी मोहम्मद यूनुस तिवारी, हाजी शकील अहमद, शरीफ आजाद, तारिक रियाज, हाजी तस्लीम अहमद का सहयोग रहा।

### पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के निधन पर शोक सभा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पूर्व सांसद स्व. कुंवर सर्वेश कुमार के निधन पर श्री शिव मणि मंदिर व अग्रवाल सभा द्वारा एक शोक सभा आयोजित की गई। इसमें पूर्व सांसद स्व. कुंवर सर्वेश कुमार के फोटो पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में अभिषेक अग्रवाल, राकेश चंद्र गोयल, आशीष अग्रवाल, अनुराग सिंघल ,संजय सिंघल आदि उपस्थित रहे।

### पुत्र और पुत्रवधू ने की वृद्ध के साथ मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कलियुगी पुत्र व पुत्रवधू ने घर में घुसकर वृद्ध को मारपीट कर घायल कर दिया। वृद्ध के द्वारा शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों को आता देख दोनों पति-पत्नी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कलियुगी पुत्र व पुत्रवधू पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के गांव सुंदर नगर निवासी घासी पुत्र दलपत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका पुत्र और उसकी पत्नी रंजिशन आए दिन उसके साथ गाली गलौज करते हैं। बुधवार को दोपहर 2.00 बजे जब वह घर पर अकेला था। तभी उसका पुत्र और उसकी पुत्रवधू एक राय होकर घर में घुस आए। गाली गलौज करते हुए मारने-पीटने लगे। जिसमें वह घायल हो गया। चीख पुकार पर मोहल्ले के लोगों को आता देखकर वे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वृद्ध पिता ने पुलिस को तहरीर देकर पुत्र व पुत्रवधू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### विश्व मजदूर दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के निकटवर्ती गांव जहांगीरपुर में ऋषिपाल सिंह यादव के आवास पर बैठक कर मजदूर दिवस मनाया गया। बुधवार को नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट, नागरिक एकता परिषद की ओर से ग्राम जहांगीरपुर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व मजदूर दिवस पर विशेष चर्चा की गई। इस दिवस में जहांगीरपुर, फतेहपुर, इब्राहिमपुर, सफीपुर, ममरेजपुर बेरनी,द्वारा खास, स्यौडारा, धर्मपुर, बिचौला, कई लगभग एक दर्जन गांवों के लोग एकत्र हुए। बैठक में बोलते हुए प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी उस्मान एडवोकेट ने बताया कि मजदूर दिवस की जड़ें अमेरिका में 1886 में हुए एक श्रमिक आंदोलन से जुड़ी हैं। उस्मान ने कहा कि हजूर ने फरमाया कि मजदूर की मजदूरी पसीना सूखने से पहले दी जाए। इस दौरान ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार ने कहा कि भारत में बाबा साहब न होते तो मजदूर का भविष्य अंधकारमय होता। इस अवसर पर रामफल मौर्य, विजयपाल ,राजेंद्र, बद्री प्रसाद, राजपाल यादव आदि उपस्थित रहे।

### किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

**कांठ, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कांठ को किसानों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में ज्ञापन प्रेषित कर समस्याओं के समाधान की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने एसडीएम कांठ को सौंपे गए ज्ञापन में अवगत कराया कि गन्ना मिल बंद हुए लगभग एक महीना हो चुका है, लेकिन किसानों का भुगतान पूर्ण रूप से अभी तक नहीं किया गया है। छुट्टा पशुओं की समस्या निरंतर बढ़ रही है जिन्हें पकड़कर गौशाला भेजा जाए। पशु छोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। सड़कों पर बनाई गई स्पीड ब्रेकर पर पहचान हेतु पट्टी बनाई जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरदीप सिंह, तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह, पीयूष चौधरी, प्रिंस चौधरी आदि रहे।

# स्कूल में मजदूर दिवस का आयोजन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचारः** हॉवर्ड कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण प्रस्तुत किये गए। बच्चों द्वारा मजदूरों के महत्व को लेकर नुक्कड़ नाटक भी पेश किए गए।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मजदूर दिवस के अवसर पर सहसम्मान के रूप में छात्रों द्वारा सहायक कर्मचारियों को आभार कार्ड व गिफ्ट्स भेंट किए गए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मजदूर दिवस के महत्व को विस्तार पूर्वक समझाया गया।

इन गतिविधियों में सभी विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। स्कूल के सहायक कर्मचारियों, ड्राइवरों व माली का धन्यवाद किया गया। स्कूल प्रबंधक दीपेश सिंह व प्रधानाचार्या रंजीत कौर ने छात्र-छात्राओं को उनकी भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। उन्हें मजदूर दिवस के महत्व की जानकारी दी। प्रबंधक दीपेश सिंह ने कहा कि सभी को मजदूर वर्ग की मेहनत व समर्पण का सम्मान व सराहना करनी चाहिए। मजदूर समाज में सम्मान के पात्र हैं। उनके बिना हमारा समाज आगे नहीं बढ़ सकता, हम सभी को हमेशा इनका सम्मान करना चाहिए। प्रधानाचार्य रंजीत कौर ने कहा कि हर निर्माण कार्य में मजदूर की भूमिका अहम होती है। मजदूर ही है जो हमें कुछ करने की प्रेरणा देते हैं ,अगर मजदूर वर्ग एक दिन काम करना बंद कर दे तो हमारी सारी व्यवस्थाएं अस्थिर हो जाएंगी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।



मजदूर दिवस पर विभिन्न वेषभूषा में छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

# कैंटर व कार की टक्कर में महिला सहित चार घायल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार कैंटर व कार की आमने-सामने की टक्कर में महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार पर ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकाला। सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तत्काल चारों घायलों को उपचार के लिए उत्तराखंड स्थित काशीपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जिसमें एक महिला की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

बुधवार की सुबह 8:30 बजे उत्तराखंड काशीपुर के मोहल्ला प्रकाश सिटी निवासी विजय सिंह पुत्र हरकेश सिंह सहोता पेपर मिल का सामान लेकर रतुपुरा करनपुर मार्ग पर जा रहा था। इसी दौरान रूपपुर टंडोला गांव के निकट दिल्ली की ओर से आ रही तेज रफ्तार कैंटर की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। कैंटर भी पलट गई। कैंटर चालक विजय सिंह व कार में बैठे महिला सहित चार लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायल अवस्था में उन्हें निकालने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र चौहान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद निजी वाहनों से उत्तराखंड स्थित काशीपुर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना सुबह 8:30 बजे की है। दिल्ली की ओर से नैनीताल क्षेत्र के रहने वाले कार द्वारा अपने गृह क्षेत्र जा रहे थे। कार में बैठे बरकेश सिंह , अरुण कुमार पुत्र शहा सिंह व महिला सुहानी पत्नी वरकेश सिंह की कार रूपपुर टंडोला में दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# पूर्व सांसद की तेरहवीं में शामिल हुए भाजपाई

संवाददाता, कांठ

## शोक संवेदना

- भाजपाइयों ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की
- क्षेत्रवासियों से गहरा लगाव रहा है पूर्व सांसद से

**अमृत विचारः** पूर्व सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह की तेरहवीं में सैकड़ों भाजपाइयों ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया।

पूर्व सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी स्व. कुंवर सर्वेश सिंह का कांठ क्षेत्रवासियों से गहरा लगाव रहा है। वह यहां अधिकांश कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि बनकर आते रहे हैं और क्षेत्रवासियों का मनोबान बढ़ते रहे हैं। उन्होंने यहां लगातार जनता दरबार लगाकर मजलूम व सताए लोगों को न्याय दिलाया है, जिस कारण वह क्षेत्रवासियों के लिए काफी लोकप्रिय हो गए थे। भाजपा कार्यकर्ता तो उनके निधन के पश्चात अपने आप को असहाय महसूस कर रहे हैं। सैकड़ो की संख्या में भाजपाइयों के अलावा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी तेरहवीं में शामिल होकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, अभय विश्नोई, सौरभ अग्रवाल, मधु चौहान, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र चौहान, भूपेंद्र सिंह उर्फ टिल्लू चौहान, रतेश शर्मा, सुरेश चौहान, सचिन उर्फ बंटी चौहान, हरपाल सिंह चौहान, राजन विश्नोई, कौशल चौहान, रामनरेश चौहान, ओमकार भगत जी, आदि सम्मिलित हैं।

# दिवंगत भाजपा नेता के गांव में जुटे दिग्गज

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** दिवंगत पूर्व सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह की तेरहवीं में बुधवार को जहां राजनीतिक दिग्गजों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की, वहीं उनके पुत्र विधायक कुंवर सुशांत सिंह को पगड़ी बांधकर दिवंगत सर्वेश सिंह के सपनों को पूरा करने का संकल्प दिलाया।

रतूपुरा स्थित सुखदेई स्मारक डिग्री कॉलेज परिसर में बुधवार को दिवंगत सर्वेश सिंह की तेरहवीं की रस्म अदा की गई। इसमें आरएसएस के संगठन मंत्री शिवप्रकाश सिंह, कुंडा विधायक राजा भैया, पूर्व विधायक संगीत सोम समेत दिग्गत राजनीतिज्ञों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करने के साथ चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उनके पुत्र कुंवर सुशांत सिंह को पगड़ी पहनाकर दिवंगत कुंवर सर्वेश सिंह के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने का वचन दिलाया। एहसास कराया कि दुख : की घड़ी में परिवार के साथ खड़े हैं। इस अवसर पर सहारनपुर प्रत्याशी पूर्व सांसद राघव लखनपाल, अमरोहा पूर्व सांसद एवं प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर, बिजनौर के पूर्व सांसद भारतेंदू सिंह, नगीना के पूर्व सांसद यशवंत सिंह, मुरादाबाद जिला पंचायत अध्यक्ष डा. शैफाली सिंह, बिजनौर जिला पंचायत शाकेंद्र चौधरी, धामपुर विधायक अशोक राणा, जसपुर आदेश चौहान, नगर विधायक रितेश गुप्ता, मेयर विनोद अग्रवाल, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो, जयपाल सिंह व्यस्त, गोपाल अंजान, पूर्व विधायक विजय यादव, पाकबड़ा से जाहिद हुसैन आदि थे।



पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के तेरहवीं में पहुंचे कुंडा विधायक राजा भैया। ● अमृत विचार

# हज के लिए जाने वाले जायरीनों को लगाए टीके

**कुंदरकी , अमृत विचार :** हज कमेटी ऑफ इंडिया की ओर से इस वर्ष हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण और टीकाकरण कार्यक्रम बुधवार को नगर स्थित मदरसा बशीरूल उलूम में आयोजित किया गया। इसमें यूपी हज कमेटी ने यात्रियों को प्रशिक्षण दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने बताया कि कैंप में 250 हजयात्रियों को टीके लगाए गए जिसमे 48 लोग 65 वर्ष से अधिक उम्र के यात्री थे। उनको मेनिंगोकोकल, इन्फ्लूएंजा के इंजेक्शन वा पोलियो की खुराक पिलाई गई। चिकित्सा प्रभारी राजेश उपाध्याय ने स्वयं कैंप में जाकर जायजा भी लिया। टीकाकरण कैंप में चार एन एम शाहीन,शमीम,निशा मेहराब की ड्यूटी लगाई गई थी।

## आयोजन
**कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों ने सरस्वती वंदना केसाथ किया**

# छात्रवृत्ति परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वालों का सम्मान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- विद्यालय की ओर से बीडीओ ने शिक्षक को प्रशस्ति पत्र दिया

**अमृत विचारः** बुधवार को गडुवाला स्थित कंपोजिट विद्यालय में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बेगीश सिंह गोयल खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र गुप्ता खंड विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत सदस्य प्रमोद यादव , जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किया एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात सभी सम्मानित आगंतुक अतिथियों का विद्यालय स्टाफ द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में बच्चों ने सरस्वती वंदना की इसके बाद दिनेश कुमार प्रजापति ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालय में आयोजित किए गए कार्यक्रम की उन्होंने खूब सराहना की।

जिला पंचायत सदस्य प्रमोद यादव द्वारा कहा गया कि शिक्षा के क्षेत्र में उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर गढ़ूवाला बहुत तरक्की कर रहा है। खंड विकास अधिकारी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर इस अवसर पर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उन्होंने सभी बच्चों को पास होने वाले बच्चों से प्रेरणा लेने के लिए मोटिवेट किया और बच्चों को खूब मेहनत से पढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंत में इंचार्ज प्रधान अध्यापक मनोज कुमार ने इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने बताया की राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र/ छात्राओं के साथ-साथ सहायक अध्यापक अरविंद कुमार का विशेष योगदान है। इन्होंने बच्चों के साथ भरपूर मेहनत की है। अरविंद कुमार को विद्यालय परिवार की ओर से खंड विकास अधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सहायक अध्यापक महेंद्र सिंह , आलोक कुमार वत्सल , अखिलेश कुमार गौड़ , नितिन कुमार , सतीश कुमार ,नीतू सिंह एवं जगबीर सिंह एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



कंपोजिट विद्यालय में विजेता छात्राओं के साथ अतिथि।

# रिश्वतखोरी प्रकरण की जांच हुई शुरू

**डिलारी , अमृत विचारः** जिला कार्यक्रम अधिकारी अतिरिक्त प्रभार एसीएम प्रथम प्रीति सिंह ने बाल विकास परियोजना कार्यालय डिलारी में महिला सुपरवाइजर का रिश्वत लेते वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। जिसका प्रमुखता से अमृत विचार अखबार में प्रकाशन किया गया। खबर छपते ही विभाग में खलबली मच गई। आरोप है कि सेक्टर की महिला , बाल विकास विभाग की महिला सुपरवाइजर लाभार्थियों को राशन सामग्री न बांटने के बदले वेतन जारी करने आदि के एवज में आंगनबाड़ी कार्यकत्री से रिश्वत ली। जिसका वीडियो कार्यालय के किसी कर्मचारी ने बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। मामला जिला कार्यक्रम अधिकारी अतिरिक्त प्रभार एसीएम प्रथम प्रीति सिंह के संज्ञान में आया। बुधवार को विभागीय अधिकारियों की तीन सदस्यों टीम गठित कर जांच शुरू कर एक सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है।


# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद

पत्रांकः समग्र शिक्षा/ई०एम०आई०एस०/2816/2024-25 दिनांक 01-05-2024

**विज्ञप्ति**

जनपद मुरादाबाद में कक्षा 1 से 12 (कक्षा 1-5, 6-8, 1-8, 1-10, 9-10, 9-12, 11-12, 6-10, 6-12 एवं 1-12) तक संचालित परिषदीय विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, राजकीय विद्यालय, मान्यता प्राप्त (अनुदानित/ गैर अनुदानित) विद्यालयों, केन्द्रीय विद्यालय, के०जी०बी०वी०, जनजाति एवं समाज कल्याण विभाग, आई०सी०एस०ई०, सी०बी०एस०ई० से मान्यता प्राप्त विद्यालय, मदरसा, आदि द्वारा यू-डायस पोर्टल पर ऑनलाइन वर्ष 2023-24 में अध्ययनरत स्टूडेन्ट डाटा की फीडिंग / अपडेट की गयी है। विद्यालय द्वारा अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को PEN आवंटित है। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासन / विभाग द्वारा योजनाओं के लाभ प्राप्त करने तथा अन्यत्र विद्यालय में दाखिला कराने में PEN (Permanent Education Number) नम्बर की आवश्यकता होगी। अतः अभिभावकों से भी अनुरोध है कि जिस विद्यालय में आपका बच्चा अध्ययनरत है, उसी विद्यालय के माध्यम से यू-डायस पोर्टल पर छात्र/छात्रा का नाम रजिस्टर्ड होना चाहिए। यदि कोई भी छात्र-छात्रा यू-डायस पोर्टल पर फीडिंग से वंचित रह जाता है, इसका समस्त उत्तरदायित्व विद्यालय का होगा। क्योंकि विद्यालय द्वारा स्वयं अपने लॉगइन से अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का विवरण पोर्टल पर फीड किया जाता है। जनपद में कुल 3964 विद्यालय यू-डायस+ पोर्टल पर है, जिसका विवरण https://src.udiseplus.gov.in/ पर उपलब्ध है, जिसकी एक प्रति बी०एस०ए० आफिस के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। अभी भी कतिपय विद्यालयों द्वारा यू-डायस+ पर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है। जिससे छात्र-छात्राओं का PEN आवंटित न होने से दूसरे विद्यालय में प्रवेश के समय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अद्यतन 5 विद्यालयों द्वारा यू-डायस कोड आवंटित करने हेतु प्रार्थना पत्र/आवेदन पत्र खण्ड शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षरोपरान्त कार्यालय में उपलब्ध कराया है। ऐसे विद्यालय जिनका यू-डायस कोड नहीं है और जिन्होंने आवेदन भी नहीं किया है वह यू-डायस कोड के लिए दिनांकः 15-05-2024 तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यू-डायस कोड पोर्टल पर नहीं होने पर विद्यालय की मान्यता प्रत्याहरण की जायेगी। सर्व साधारण को यह सुझाव दिया जाता है कि बिना यू-डायस कोड प्राप्त विद्यालयों में अपने पाल्यों का प्रवेश न करायें।

(अजीत कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
मुरादाबाद।

## एक नजर

### रुपये लौटाने को घर बुलाकर दोस्त की बहन से की छेड़छाड़

मुरादाबाद, अमृत विचार : उधार के रुपये लौटाने के बहाने दोस्त की बहन को घर बुलाया और उससे छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता एसएसपी के सामने पेश हुई है। पीड़िता ने बताया है कि उनके पिता की मृत्यु हो चुकी है। उनका छोटा भाई डिजाइनगो फर्म में काम करता है। भाई की अपने सुपरवाइजर से अच्छी दोस्ती थी। आरोपी रुपये के अभाव में भूखंड नहीं ले पा रहा था तो पीड़िता ने भाई के नाते उसे 6.20 लाख रुपये उधार दिए थे। पीड़िता का कहना है कि घटना 29 अप्रैल की है। आरोपी ने उधार वाले रुपये देने के बहाने अपने बुद्धि विहार घर बुलाया था तो वह सुबह 11 बजे के दौरान अपनी बड़ी बहन के साथ उसके घर पहुंची थी। आरोपी ने उसे देखते ही गालियां गालियां देना शुरू कर दिया था। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उससे मारपीट करते हुए छेड़छाड़ की। इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने मझोला थानाध्यक्ष को कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

### लंबे समय से अव्यवस्थाओं से भरा है मैदान, खिलाड़ियों को अभ्यास में परेशानी

# जीआईसी हॉकी मैदान में घुसा पानी, खेल प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जीआईसी हॉकी मैदान में भरा सीवर पाइप लाइन का पानी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: महानगर के मशहूर जीआईसी हॉकी मैदान में सीवर पाइप लाइन का पानी घुस गया। जिससे खिलाड़ियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही खिलाड़ियों का खेल प्रभावित हो रहा है। आसपास के क्षेत्र में बदबू और संक्रमित बीमारी फैलने का खतरा बना है। कोच व खिलाड़ियों ने नगर निगम और जिला प्रशासन से हालात में सुधार की मांग की है।

कहने को तो जीआईसी हॉकी मैदान महानगर का सबसे पुराना हॉकी मैदान है। इस मैदान ने देश को अनगिनत राष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। बता दें कि देश के बंटवारे से पहले यहां कोच फसाहत यार खान थे। लेकिन, बंटवारे के बाद वह पाकिस्तान चले गए। जिसके बाद उन्होंने पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम को कोचिंग दी। आज भी इस मैदान पर खेलकर न जाने कितने खिलाड़ी सरकारी विभाग में नौकरी कर रहे हैं। खुद यहां मौजूद कोच इकबाल खान भी स्टेडियम से खेलकर आज रेलवे में कार्यरत हैं। कई खिलाड़ी अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में अपने खेल को निखार रहे हैं। मौजूदा दौर में मैदान की हालत खस्ता है। इन दिनों मैदान में सीवर पाइप लाइन का गंदा पानी आ गया है। जिससे मैदान में बदबू फैली हुई है। खिलाड़ियों को अभ्यास में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोच इकबाल खान और खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन व नगर निगम से स्थिति में सुधार की मांग की है।

### युवा खिलाड़ियों का टूट रहा मनोबल

राष्ट्रीय खिलाड़ियों की कर्मस्थली आज बदहाल है। यहां मैदान में चारों ओर कंकरीट पसरी हुई है। जहां देखों बस कंकरीट ही कंकरीट देखने को मिलती है। गुल्ली डंडा खेलने वाले गैर पेशेवर खिलाड़ियों ने मैदान पर कब्जा कर लिया है। पूरे दिन वह मैदान में खेलते हैं। जिस वजह से मैदान में गड्ढे हो गए हैं। खिलाड़ी बिलाल, विशाल समेत अन्य खिलाड़ियों ने बताया कि स्टेडियम में अव्यवस्थाओं के बीच अभ्यास करना मुश्किल होता जा रहा है। जिला प्रशासन और खेल विभाग ने अगर जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया तो कई युवा प्रतिभा दम तोड़ देंगी।

### महिला को दुष्कर्म के बाद घर से भगाया

मुरादाबाद, अमृत विचार : महिला के फेसबुक वाले दोस्त ने पहले उसे तीन महीने तक पत्नी की तरह अपने घर में रखा और फिर मारपीट कर भगा दिया। पीड़िता बुधवार को एसएसपी के सामने भी पेश हुई।

महिला ने बताया कि वह 28 वर्ष की है। उसने एसएसपी को बताया है कि आरोपी से उसकी मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। आरोपी मैनाठेर थाना क्षेत्र के डींगरपुर का रहने वाला है। महिला का कहना है कि आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। वह उसे कई बार अपने घर भी ले गया और शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म भी करता रहा। दो महीने तक परिवार की सहमति से घर में भी रखा। महिला ने बताया, वह 24 फरवरी को आरोपी के घर पर कमरे में अकेली थी। उसी दौरान उसके दोनों भाई कमरे में आ गए और उसे दुष्कर्म किया। शिकायत पर उसे घर से निकाल दिया। एसएसपी ने जांच के आदेश दिए हैं।

# हेलो, आपका बेटा जेल जा रहा है...

### साइबर ठगों ने बदला ठगी का ट्रेंड, पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को कर रहे फोन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : हेलो मैं पुलिस इंस्पेक्टर बोल रहा हूं...आपका बेटा जेल जा रहा है। गलत संगत में पड़ चुका है, ये पकड़ा गया है...। जी हां, मोबाइल पर कुछ इस तरह की कॉल आ रही हैं... आप ऐसी कॉल से घबराए नहीं पहले अपने बेटे के बारे में जांच-परख लें। तभी कॉल करने वाले की बात पर ध्यान दें। इन दिनों साइबर क्राइम सेल में इस तरह की ठगी वाले मामलों की संख्या सर्वाधिक है। लोग अपने बेटे या अन्य परिजन का कुछ पता लगाए बगैर अचानक घबरा जा रहे हैं और संबंधित ठग को मुंह मांगी रकम गूगल-पे या अन्य माध्यम से उनके खाते में ट्रांसफर कर दे रहे हैं।

इसी तरह का एक मामला अभी 28 अप्रैल सिविल लाइन क्षेत्र के सतीश त्रिवेदी के सामने आया है। वह भी ठगी के शिकार हुए हैं। इन्होंने ठग के खाते में गूगल-पे करने के बाद साइबर क्राइम सेल पहुंचकर घटना बताई। सतीश ने बताया कि उनका बेटा दिल्ली में पढ़ाई कर रहा है। तीन दिन पहले उनके मोबाइल पर फोन आया। कॉलर बोला कि आपका बेटा तीन-चार लोगों के साथ पकड़ा गया है। वैसे तो ये अच्छे घर का लग रहा है, इसलिए आपको फोन कर रहा हूं। लेकिन, क्या करें ये गलत संगत में पड़ गया है। इसे कम से कम दो साल के लिए जेल भेज रहा हूं। अगर आप 40,000 रुपये जमा कर सकें तो ठीक है, कुछ हेल्प करेंगे। सतीश ने बताया कि कॉलर की इतनी बात सुनकर वह घबरा गए और बेटे के बारे में कुछ जानने की कोशिश तक नहीं की और ठग की तरफ से दिए गए गूगल-पे पर उन्होंने तुरंत 10,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। लेकिन, कुछ देर बाद जब बेटे का फोन उनके मोबाइल पर आया तो उन्होंने उससे कुशलक्षेम पूछी तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ और वह पुलिस लाइन पहुंचकर साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई है। साइबर क्राइम सेल कर्मियों ने बताया कि इधर तीन-चार महीनों में ठगों ने साइबर अपराध का ट्रेंड बदला है। अब वह अपने को पुलिस अधिकारी बताकर कॉल करते हैं और ठगी कर ले रहे हैं। इस तरह से पिछले कुछ महीने से साइबर क्राइम सेल में कई मामले आ चुके हैं। साइबर क्राइम सेल प्रभारी ऋतिक पाठक ने बताया, कई पीड़ित बताते हैं कि साइबर ठग वीडियो कॉल करते हैं और उसमें पुलिस वर्दी पहने दिखते हैं। इसलिए उनके फर्जी होने पर संदेह ही मुश्किल रहता है। सेल प्रभारी ने बताया कि इतना ही नहीं, अपने को पुलिस अधिकारी बताने वाले साइबर ठग आमजन के भाव से खेलते हैं।

### अप्रैल में आए 75 मामले

सोशल मीडिया पर अश्लील संदेश, तस्वीरें, वीडियो व अन्य आपत्तिजनक वाले मामले भी बढ़ रहे हैं। इस तरह के कुल 75 मामले अप्रैल महीने में साइबर क्राइम सेल में दर्ज किए गए हैं। इनमें सबसे 15-15 प्रकरण सिविल लाइन और मझोला थाना क्षेत्र के दर्ज हुए हैं। 11 मामले कटघर थाना क्षेत्र से आए हैं। पाकबड़ा थाना क्षेत्र से चार और मुगलपुरा, कांठ व बिलारी थाना क्षेत्र से साइबर क्राइम के तीन-तीन प्रकरण दर्ज हुए हैं। इन मामलों में व्हाट्सएप, फेसबुक व इंस्टाग्राम चेटिंग के भी प्रकरण हैं। साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि अपरिचित से चेटिंग करने में बचें और यदि कोई मैसेज आए तो जवाब न दें।

साइबर ठग अपने को पुलिस अधिकारी बताकर लोगों को फोन कर रहे हैं और वह रिश्तों-भाव से खिलवाड़ कर लोगों को ठग रहे हैं। बेहतर होगा कि जब कोई ऐसी कॉल आए तो पहले आप अपने बेटा-बेटी के बारे में जांच लें, तभी कॉलर की बात को तवज्जो दें। धोखेबाज नकली पुलिस अधिकारी बनकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे-स्काइप पर आते हैं और आपको डराकर पैसे या व्यक्तिगत जानकारी लेते हैं। ऐसे स्काइप धोखे से स्वयं को सुरक्षित रखें।

-सुभाष चंद्र गंगवार, नोडल अधिकारी साइबर क्राइम/एसपी ट्रैफिक

### साइबर क्राइम विशेषज्ञों की सलाह

- नकली ट्रेंडिंग से सतर्क रहें।
- धोखाधड़ी नौकरी के ऑफर से सावधान रहें।
- स्कैमर को अपनी मेहनत व प्रतिभा का लाभ न लेने दें।
- गूगल से कस्टमयर केयर या अन्य कोई नंबर लेने से पहले उसकी हकीकत जरूर परखें।
- कॉलर के कहने पर एनीडेस्क एप या अन्य कोई एप डाउनलोड न करें, न ही उनके भेजे गए लिंक पर क्लिक करें।



हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी। ● अमृत विचार

## नाबालिग बाइक चलाएगा तो होगी सजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में बुधवार को स्कूली छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य नन्हे सिंह ने बताया कि छात्र स्कूल आते जाते समय 18 वर्ष की आयु पूरी करने तक किसी भी प्रकार के दो पहिया या चार पहिया वाहन न चलाएं।

बताया कि ऐसा करने पर उन्हें 5000 रुपये तथा उनके माता-पिता के पर 25000 रुपये की जुर्माना राशि के साथ-साथ जेल की सजा का भी प्रावधान सरकार द्वारा किया गया है। बताया कि 15 से 28 वर्ष की आयु के बालक या युवक सड़क दुर्घटनाओं में अपनी कीमती जिंदगी को सड़क पर न गंवाएं।

इस अवसर पर जिला सड़क सुरक्षा समिति सदस्य कपिल रस्तोगी ने स्कूली छात्रों के साथ-साथ सभी अध्यापक को यह भी बताया कि दो पहिया वाहन पर पीछे बैठने वाले व्यक्ति चाहे वह महिला या पुरुष कोई भी हो हेलमेट लगाया जाना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध भी बिना हेलमेट के वाहन पर बैठने के लिए प्रवर्तन की कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में जगदीश चंद्र, सुरेंद्र सिंह, विशाल वर्मा, ज्योति शर्मा, मीरा खुराना आदि मौजूद रहे

## जनसेवा केंद्र से लूटे 70,000 रुपये, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र के जैतिया सादुल्लापुर गांव में जनसेवा केंद्र पर बाइक सवार लुटेरों ने बुधवार सुबह 11.30 बजे ही लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। केंद्र में रखे 70,000 हजार रुपये लूट ले गए हैं। खबर मिलते ही सीओ कटघर रुद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे। फिलहाल, संदेह के आधार पर एक युवक को उठाया भी है। केंद्र मालिक की तहरीर पर पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली है।

बृजमोहन सिंह ने बताया कि गांव में ही उनका जनसेवा केंद्र है। उन्होंने बताया कि रिश्तेदार आने पर वह घर आ गए। केंद्र पर बेटे दिव्यांशु को बैठा दिया था। कुछ देर बाद बाइक पर सवार होकर दो युवक केंद्र पर पहुंचे थे। दोनों ने बेटे से कहा, उधार लिए गए 200 रुपये देने हैं। पैसे खुले नहीं होने पर दिव्यांशु को 500 रुपये देकर कहा, जाओ छुट्टा करा लाओ और वह केंद्र से उठकर चला गया। इसी बीच बदमाश जनसेवा केंद्र में घुसकर गल्ला तोड़कर रखे रुपये लूट लिए। दिव्यांशु वापस लौटा तो उसने केंद्र के अंदर घुसने की बात पर विरोध किया। इस पर लुटेरे दिव्यांशु को गोली मार देने की धमकी देकर फरार हो गए। बृजमोहन सिंह ने बताया, गल्ले में 70,000 रुपये थे। उधर, सीओ रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जैतिया सादुल्लापुर में ग्राहक सेवा केंद्र है। जहां लूट की घटना बताई जा रही है। सीओ ने कहा कि मामला लूट का नहीं टप्पेबाजी का है।

### बैंक खाते से चोरी हो गए 62,000 रुपये, रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार: बिना किसी को ट्रांजेक्शन किए ग्राहक के खाते से 62,000 रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में नबीहसन ने सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि उनका बैंक खाता केनरा बैंक सिविल लाइन शाखा में है। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी को उनके खाते से पहली बार में 25,000 फिर 10,000 इसके बाद 24, 000 फिर 3,000 रुपये निकाले गए हैं। एक ही दिन में चार चरण में कुल 62,000 रुपये उनके खाते से कटे हैं। नबी हसन ने बताया कि वह चक्कर की मिलक वार्ड नंबर 4 के रहने वाले हैं। इस मामले में थानाध्यक्ष सिविल लाइन रामप्रसाद शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है। प्रकरण की जांच की जा रही है।

## प्रभु के नाम का सदुपयोग जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



श्रीमद् भागवत कथा में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

अमृत विचार: वसुंधरा कालोनी समिति, मंडी समिति, मझोला द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे। बुधवार को कथा व्यास एवं धर्मगुरु आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी एवं वसुदेव की प्रार्थना पर उनकी संतान के रूप में प्रकट हुए।

उन्होंने बताया कि समस्त शक्तियों के स्वामी श्रीकृष्ण ने ब्रज वृन्दावन धाम को असुरों से मुक्त करके गोप गोपियों को परमानंद से परिपूर्ण कर दिया। भगवान के मंगलमय नाम से ऐसा कौन-सा कार्य है, जो सिद्ध नहीं हो सकता। ऐसा कौन-सा महा पाप है, जिसका नाश नहीं हो सकता। परंतु विचारने की बात तो यह है कि नाम का उपयोग कहां करना चाहिए। क्या नाम ऐसा तुच्छ पदार्थ है, जो केवल पापों को धोने में ही लगाया जाए या इस लोक अथवा परलोक की किसी नाशवान भोग्य वस्तु की प्राप्ति के लिए उसका प्रयोग किया जाए। कथा व्यास ने कहा कि जो पाप प्रायश्चित से या फल भोग से नाश हो सकते हैं, जो क्षण-भंगुर भोग्य पदार्थ पुण्य बल से मिल सकते हैं, उनके लिए नाम का प्रयोग करना चमकीले पत्थरों के लिए महारत्न दे देने के समान मूर्खता का कार्य है।

व्यवस्था में आशा लता सक्सैना, पूजा सक्सैना, संतोष भटनागर, अंशु भटनागर, महेंद्र सैनी, प्रीतम सैनी, अर्चना रानी, कुंज बिहारी, मीनाक्षी अन्नपूर्णा, कमलेश पाल, डोली कपूर, बेबी गुप्ता, मीनू चौहान, सुधा शर्मा, सपना चौधरी, देवांश अग्रवाल, निखिल प्रभु, श्रेया भटनागर, वरुण भटनागर आदि मौजूद रहें।

आयोजन | मुरादाबाद बालिका आवासीय विद्यालय में विश्व मजदूर दिवस पर कार्यक्रम

# 'मजबूर नहीं, मजदूर हूं मैं' नाटक का मंचन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




आंबेडकर पार्क सिविल लाइंस में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा वित्त पोषित विहान बालिका आवासीय निर्माण श्रमिक विद्यालय आशियाना कालोनी में बुधवार को मजदूर दिवस मनाया गया। इसमें मजदूरों से संबंधित योजनाओं आदि की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा निकाली गई प्रभातफेरी से हुई। छात्राओं ने मजदूरों के अधिकार से संबंधित संदेश दिए। मजदूर हूं, मजबूर नहीं, मेहनत कर खाता हूं आदि के माध्यम से उनके बारे में वर्णन किया गया। इसके बाद आवासीय विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि रोटरी क्लब संस्कृति की रीना मित्तल, डॉ गोपाल आदि रहे। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की महत्ता बताई गई। छात्राओं को पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। छात्राओं ने नाटक के माध्यम से बाल मजदूरी रोकने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन प्राची वर्मा ने किया। इसमें मधुरिमा, शोभा तिवारी, मोहसिन अहमद खान लेखाकार, प्राची वर्मा, दीपक खोसला, नईम फातिमा, रिंकी, राखी, रामकीर्ति, स्वाति, बलवीर आदि उपस्थित रहे।

### मजदूरों के संघर्ष को सराहा

मुरादाबाद, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस बुधवार को आंबेडकर पार्क सिविल लाइंस में संयुक्त रूप से मनाया गया। इस अवसर पर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कॉमरेड विष्णु दत्त शर्मा, रोहतास कुमार राजपूत और सुरेश पाल सिंह ने संयुक्त रूप से की। सभा में कहा गया कि 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर से शुरू हुआ मजदूरों का संघर्ष दुनिया भर के मजदूरों के लिए एक मिसाल बन गया। तत्कालीन अमेरिकी सरकार ने मजदूरों के इस जायज आंदोलन को कुचलने के लिए दमनात्मक रास्ता अपनाया। भारत भी इस आंदोलन के प्रभाव से अछूता नहीं रहा। इस दौरान विजयपाल सिंह, रंजन नंदा, शरीफ अहमद, औरंगजेब, दिनेश कुमार, सुरेश पाल सिंह, रानी सैनी, रूनू नंदा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए ।

## पुलिस संग एसओजी भी खोज रही डिवाइस व लुटेरे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मंगलवार दोपहर में सरेराह बच्चे के कान से कॉक्लियर इंप्लांट डिवाइस छीने जाने के मामले में पुलिस दूसरे दिन भी खाली हाथ रही। उधर, एसएसपी हेमराज मीना ने मामले को गंभीरता से लिया है और घटना के जल्द खुलासे के लिए कोतवाली पुलिस के साथ ही एसओजी टीम को भी लगाया है।

बुधवार शाम नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक ने बताया कि इसी मामले की जांच में पूरा दिन निकल गया है। पूरी सड़क छान डाले हैं। होटल और नगर निगम के लगे एक-एक कैमरे के फुटेज को जांचा है। कोई साक्ष्य नहीं मिला है। रेलवे स्टेशन के गेट-दो व तीन के बीच मार्ग पर इतनी अधिक भीड़ रहती है कि पैदल निकलना मुश्किल रहता है। फिर भी वहां कोई घटना हो और किसी को कानो-कान खबर न लगे, ये बात संदेह उत्पन्न करती है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उन्होंने बच्चे की मां कुसुमलता से पूछा था तो उन्होंने बताया है कि झपट्टा मारने वाला कौन था, यह उन्होंने नहीं देखा है। कुसुमलता अपने बेटे राघव राजपूत (6) जिस ऑटो पर सवार थीं, उसके बारे में भी वह कुछ नहीं बता पा रही हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक ने बताया कि बच्चे के कान में कॉक्लियर इंप्लांट डिवाइस लगी ही नहीं थी। साउंड प्रोसेसर का मामला है, जो उसके कान के पीछे लगा था। उन्होंने बताया कि कुसुमलता को भी फुटेज दिखवाए हैं और उनसे ऑटो पहचानने को कहा लेकिन, वह पहचान ही नहीं सकीं।




ओम शान्ति हॉस्पिटल



डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)

रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर

● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें

नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-

● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन

दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन

मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)



दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)



डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)

उपलब्ध सुविधायें

● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज

विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन

24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

## एक नजर

### उधार के रुपये मांगने पर हुई मारपीट, दो घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के संभल बस स्टैंड निवासी फैजान पुत्र नवाब अली टैक्सी चलाता है। उसके ग्राम मुबारकपुर कला निवासी इसरार पर पैसे उधार थे। बुधवार को फरजान द्वारा इसरार के घर पहुंच कर अपने पैसों का तगादा किया तो इस बात को लेकर इसरार उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। फरजान को बचाने आए उसके दोस्त बिलाल के साथ भी मारपीट कर दोनों को घायल कर दिया गया। दोनों घायल कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर पर ग्राम मुबारकपुर कला निवासी इसरार फैजान एवं नदीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी महावीर सागर व रोहित कुमार मंगलवार की शाम बाइक से किसी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गए थे। रात में वापस लौटते समय गांव शाहपुर के पास सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने हालात गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### गोया वर्ल्ड में मनाया गया मजदूर दिवस

**सैदनगली, अमृत विचार :** बुधवार को गोया वर्ल्ड स्कूल में लेबर-डे का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के तहत स्कूल की प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता ने गरीब मजदूर लोग- रिक्शा पोलर, मोची, बेलदार, ड्राइवर, दुकानों पर कार्यरत लोग तथा सफाई कर्मचारियों का सम्मान सहित पुरस्कार वितरित किए। पुरस्कार प्राप्त कर सभी मजदूरों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी। कार्यक्रम में जयपाल, हरिकिशन, सुरेश, कावेन्द्र, मदन सिंह, सतवीर सिंह, व छुट्टन आदि उपस्थित रहे।

# घर में पशुओं का अवैध कटान पकड़ा

## पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपी दबोचे, दो जिंदा पशु और मांस बरामद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


पुलिस की गिरफ्त में पशु कटान के आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पुलिस ने छापा मारकर घर में हो रहे पशुओं के अवैध कटान को पकड़ा। घर से चार क्विंटल मांस के साथ ही दो जिंदा पशु और कटान में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से दंपती समेत उनके बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काजीजादा का है। दरअसल शहर में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से पशुओं का कटान का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को भी पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला काजीजादा में पशुओं का अवैध कटान हो रहा है। यहां प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने पुलिस टीम के साथ हसीन कुरैशी के घर पर छापेमारी की। पुलिस को आता देख कटान कर रहे लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। यहां पशुओं को अवैध कटान चल रहा था। मौके से चार कुंतल मांस, दो जिंदा पशु व कटान में इस्तेमाल होने वाले छुरे समेत पशुओं के अवशेष बरामद हुए। पुलिस टीम ने मौके से हसीन कुरैशी उसकी पत्नी साजिदा और बेटे हन्ना समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि आरोपी जिंदा मिले पशुओं को भी काटने वाले थे कि इतने में पुलिस ने छापेमारी कर दी। मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान पशुओं का अवैध कटान पकड़ा है। एक ही परिवार के पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पति पत्नी व बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों का चालान कर दिया गया है। बताया कि यह लोग पिछले काफी समय से अवैध रूप से पशुओं का कटान कर रहे थे, उनका मांस बेचकर अवैध धंधे में लिप्त थे।

**कार्रवाई**
- गिरफ्तार आरोपियों में दंपति और उनका बेटा भी शामिल
- पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के विरुद्ध दर्ज किया मुकदमा

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला निवासी किशोरी को बहलाकर फुसलाकर ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को मामले में कोतवाल सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि नगर के एक मोहल्ला निवासी आरोपी गुड्डू पुत्र चंद्रपाल सिंह के खिलाफ दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### शादी में खाने को लेकर विवाद में युवक को पीटा

**डिडौली, अमृत विचार :** शादी में खाने लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने युवक को घर में घुसकर लाठी डंडों एवं तमंचे की बट से मारपीट कर घायल कर दिया।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जोया का है। दरअसल मोहल्ला जाटव कॉलोनी निवासी सुनील पुत्र शिवलाल पास में छिद्दा के घर पर शादी में खाना खाने गया था। जहां पड़ोसी वीर सिंह टीकाराम भी दावत में मौजूद था। सुनील का वीर सिंह से रोटी को लेकर विवाद हो गया। विवाद की गंभीरता को देख वीर सिंह एवं साथियों से बचकर घर की तरफ भागा। इसी दौरान वीर सिंह पुत्र टीकाराम आकाश, विकास व विशाल पुत्र वीर सिंह सुभाष पुत्र राजाराम रोशन सिंह पुत्र राम प्रकाश सभी मोहल्ला जाटव कॉलोनी कस्बा जोया लाठी डंडों से लैस होकर आ गए और लाठी डंडों से बुरी तरह पीटा। वीर सिंह ने तमंचा निकाल कर सिर पर मार दिया। जिससे सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सुनील को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायल सुनील के भाई सुखबीर की तहरीर पर डिडौली पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया है।

# नगर में अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन जारी, अधिकारी मौन

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर में कोतवाली के निकट आंबेडकर पार्क एवं अलंकार थिएटर के सामने टैक्सियां खड़ी हो रही हैं। अवैध स्टैंड होने के चलते यहां अक्सर जाम लग जाता है। लेकिन मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी नगर के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी पूरी तरीके से खामोश बैठे हैं।

प्रदेश में लगातार दूसरी बार सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिया था कि प्रदेश में संचालित सभी अवैध टैक्सी स्टैंड को हटाया जाए। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद परिवहन विभाग के साथ ही पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध रूप से चल रहे टैक्सी स्टैंड खत्म कराए थे। लेकिन अभियान के थमने के साथ ही एक बार फिर से नगर में अवैध टैक्सी स्टैंड शुरू हो गए हैं। नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर राजनीतिक संरक्षण के चलते अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन हो रहा है,राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी उनकी ओर देखने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। नगर के रहरा बस स्टैंड चौराहा, संभल बस स्टैंड, अमरोहा बस स्टैंड एवं ब्लॉक चौराहे से डग्गामार वाहनों का संचालन बेखौफ होकर किया जाता है। वहीं नगर के अंबेडकर पार्क,सरकारी अस्पताल मार्ग एवं गजरौला मार्ग पर अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह का कहना है कि डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। जल्द अवैध टैक्सी स्टैंडों के खिलाफ संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# डग्गामार वाहनों से यात्रियों की जान को खतरा

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग और पुलिस की मिली भगत से शहर में डग्गामार वाहनों का संचालन जारी है। परिवहन विभाग को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। डग्गामार वाहनों के संचालन से यात्रियों की जान भी जोखिम में बनी है। जिम्मेदार अधिकारी खामोशी साधे बैठे हैं।

गजरौला से संभल, चांदपुर, मुरादाबाद,समेत कई स्थानों के लिए डग्गामार वाहनों का संचालन होता है। खास बात यह कि यातायात पुलिस चौकी व पुलिस चौकी से चंद कदम दूरी से डग्गामार वाहनों में यात्रियों को बैठाकर चलाते हैं। इसके बाद इनके संचालन पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। चालक मानक से अधिक यात्रियों को बेतरतीब ढंग से वाहनों में बैठाते हैं।


गजरौला में डग्गामार वाहन में बैठतीं सवारियां। ● अमृत विचार

### अवैध वाहनों के खड़े होने से शहर में लगता है, जाम

डग्गामार वाहनों के बेतरतीब ढंग से जहां-तहां खड़े होने की वजह से शहर में रोजाना चौपला व इंदिरा चौक पर जाम स्थिति बनी रहती है। आए दिन लगने वाले जाम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। पुलिस को कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाना पड़ता है। वाहन चालकों के बीच सवारी बैठाने को लेकर भी होते हैं विवाद डग्गामार वाहनों में सवारी बैठाने को लेकर भी चालकों के बीच विवाद होते रहते हैं।

> लोकसभा चुनाव में लगे थे। लेकिन अब चुनाव निपट चुका है। डग्गामार वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर कारवाई की जायेगी।
> – श्वेताभ भास्कर, सीओ

# जलभराव से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता, बुरावली


जल भराव को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सांथलपुर बीच की मढ़ैया के ग्रामीणों ने रास्ते में जल भराव से निजात दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल निकासी की व्यवस्था न होने से सड़क पर एक-एक फिट पानी भरा रहता है। यह कोई दो-चार दिन की समस्या नहीं है बल्कि जल भराव की समस्या को 4 साल हो चुके हैं। यह मार्ग हर समय तालाब जैसी स्थिति में बना रहता है। इस संबंध में ग्राम स्तर से लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत भी कर चुके हैं। लेकिन समाधान नहीं हुआ। यह मार्ग 200 मीटर तक खराब है। ट्रैक्टर-ट्राली निकलने से रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग ढ़वारसी से दौरारा को भी जोड़ता है जबकि तीन जिलों को भी लोग इस मार्ग से होकर गुजरते हैं। यदि किसी कार्य हेतु जिले में प्रवेश करना हो तो लोग इस जल भराव से होकर गुजरने पर मजबूर हैं।

- चार साल से बनी समस्या का नहीं हुआ समाधान

इस मार्ग पर प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में दो प्राथमिक विद्यालय भी हैं। रोजाना बैंक ग्राहक व छात्र-छात्राओं को भी स्कूल जाने आने में परेशानी होती है। जल भराव से आसपास के घरों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। जल भराव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जल भराव की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह आंदोलन करने पर विवश होंगे। प्रदर्शन करने वालों में चंद्रभान, कालीचरण, उमेश कुमार, विपिन कुमार, टीटू कुमार, डॉ. ब्रह्मपाल, अरविंद, संजीव, याद राम सिंह, नरेश सिंह, ओमवीर सिंह, आनंद सिंह, हेमेंद्र सिंह, मास्टर नंदराम सिंह, गजराम सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पुजारी के घर में घुसे चोर जाग जाने पर भागे

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित एक मंदिर के पुजारी के घर के ताले तोड़कर चोर अंदर घुस गए। मगर जाग होने पर चोर भाग गए। पुलिस ने सूचना पर मकान का मौका मुआयना किया।

वृंदावन निवासी पं. जगमोहन शर्मा नगर के मोहल्ला होली वाला स्थित श्री राम मंदिर में पुजारी हैं। वह मोहल्ले में विवेक शर्मा के मकान में किराए पर अपने परिवार के साथ रहते हैं। मंगलवार की रात उनकी पत्नी मीना मंदिर में उनके लिए चाय लेकर घर का ताला लगाकर आई थी। लगभग एक घंटे बाद जब वह लौटकर घर आई तो उनके होश उड़ गए। क्योंकि घर के मुख्य दरवाजे के ताले टूटे हुए थे। जिसकी सूचना उन्होंने पुजारी एवं अन्य लोगों को दी। साथ पुलिस को भी सूचना दी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस द्वारा मौका मुआयना किया गया। पीड़ित पुजारी ने बताया कि चोरों द्वारा उनके घर के ताले तोड़ लिए गए हैं, लेकिन उनका कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# गर्मी से लोग परेशान, अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही

संवाददाता रहरा

**मौसम का असर**
- चिकित्सकों ने कहा- गर्मी में पानी का अधिक सेवन करें, धूप में सिर पर कपड़ा रखकर निकले

**अमृत विचार :** गर्मी का प्रकोप दिन प्रतिदिन देखने को मिल रहा है। इसका असर सीएचसी रहरा एवं प्राइवेट चिकित्सकों के यहां भी दिख रहा है।

चिकित्सकों के मुताबिक गर्मी के चलते बुखार और डायरिया के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। चिकित्सक सभी को बचाव के तरीके भी बता रहे हैं। तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया है। गर्म हवा के थपेड़ों ने चेहरे की रंगत उड़ा दी है। भीषण गर्मी का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। बुधवार को सीएचसी रहरा में खांसी, जुकाम, बुखार और डायरिया के मरीजों की भरमार रही। मरीज और तीमारदार भटकते दिखे। वही, पंजीयन, ओपीडी और दवा वितरण कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। गर्मी अधिक बढ़ने से लोग बीमार हो रहे हैं। उमस भरी गर्मी के चलते अस्पताल में उल्टी व दस्त के मरीजों की संख्या कई गुनी हो गई है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखकर चिकित्सकों की परेशानी बढ़ गई है।

सीएचसी प्रभारी डॉ. शशांक चौधरी ने बताया कि बुधवार को अन्य दिनों के मुकाबले बुखार एवं डायरिया के ज्यादा मरीज आए। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी होने की संभावना ज्यादा रहती है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीयें।

## सार-संक्षेप


रहरा सीएचसी में लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार

### बच्चे भी हो रहे बीमार

**रहरा, अमृत विचार :** डॉ. शशांक चौधरी ने बताया कि गर्मी ज्यादा होने के कारण बच्चों में सबसे ज्यादा केस डायरिया के हैं और इसके बाद वायरल बुखार के मामले आ रहे हैं। जिन बच्चों में डायरिया होने पर शरीर में पानी की कमी होती है, उन मरीजों को भर्ती भी करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि डायरिया होने पर बच्चों को ओआरएस का घोल पिलाते रहे और गर्मी से बचाव के तरीके अपनाने चाहिए और चिकित्सक की सलाह से उपचार कराना चाहिए।


कृष्ण कुमार शर्मा को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते लोग। ● अमृत विचार

### भाकिसं के जिला अध्यक्ष का सहयोग प्रशंसनीय : महेंद्र

**हसनपुर, अमृत विचार :** मंगलवार की शाम को अंबेडकर विकास मंच के पदाधिकारियों द्वारा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष एवं भदौरा सहकारी समिति के सभापति कृष्ण कुमार शर्मा को प्रतीक चिह्न एवं बाबा साहब का चित्र देकर सम्मानित किया गया। अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने बताया कि जनपद में सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने वाले और युवाओं, किसानों एवं शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा उत्कृष्ट कार्य करने वाले भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष एवं सहकारी समिति भदौरा के सभापति कृष्ण कुमार शर्मा का योगदान सराहनीय है। उनके सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने को लेकर अंबेडकर विकास मंच के पदाधिकारी द्वारा आज उन्हें बाबा साहब का चित्र एवं प्रत्येक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि हमें भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा को सम्मानित करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है।

### ईदगाह, वासुदेव मंदिर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**अमरोहा, अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा आज ईदगाह और वासुदेव मंदिर क्षेत्र के जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया जाएगा। जिस कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रखी जाएगी। बुधवार को विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया की गुरुवार को ईदगाह और वासुदेव मंदिर क्षेत्र के बिजली लाइन पर तारों को बदलने का कार्य किया जाएगा। इसलिए क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को सुबह 5 बजे से से लेकर दोपहर 2 बजे तक बंद रखा जाएगा। तारों को बदलने का कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को सुचारु कर दिया जाएगा।

### जिले की गोशालाओं में बढ़ी बेसहारा गोवंश की संख्या

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले की गौशालाओं में बेसहारा गोवंश की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। सभी गोशालाओं में कुल 3600 बेसहारा पशुओं को रखा गया है। पशु मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर खुशीराम ने बताया कि कि मार्ग पर भटकती गोवंशियों को जिले की गोशालाओं में भेजा गया है। जहां पर उनकी पूरी देखभाल की जा रही है और समय पर हरा चारा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गोशाला के लिए 300 बीघा चारगाह है। लेकिन उसमें पैदा हो रहे हरे चारे से जिले की गोशालाओं में रह रही गोवंशियों का पूरा नहीं हो पता है। इसलिए बाजार से भी खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मक्का चरई और घास को खेत में ही खरीद लिया जाता है उसके बाद उसको गोशाला में लाकर कुटी बनाकर गोवंश को दिया जाता है। पशु मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधिकारियों की टीम के साथ गंगेश्वरी ब्लॉक के गोशाला का निरीक्षण किया जहां पर उनको सब कुछ ठीक-ठाक मिला।

### 134 बेसहारा गोवंश को मिला नपा. के गोशाला में आसरा

**अमरोहा, अमृत विचार :** सड़कों पर भटकती बेसहारा गोवंशियों को नगर पालिका के गौशाला में आसरा मिला है। यहां पर सभी गोवंशियों को हरा चारा समय पर मिल रहा है। उनकी सेवा के लिए 6 कर्मचारियों को लगाया गया है। शासन के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा कांठ मार्ग पर अस्थाई गौशाला बनाई है। इस गौशाला में नगर पालिका प्रशासन की ओर से सड़कों पर भटकते हुए बेसहारा गोवंश को पड़कर गौशाला में आसरा दिया है। गौशाला में 134 गोवंश को आसरा मिला हुआ है। इनके लिए नगर पालिका की तरफ से बेहतर खाने पीने का इंतजाम किया गया है। गौशाला में गोवंश के लिए पंख लगे हुए हैं। उनकी सेवा के लिए नगर पालिका की तरफ से 6 कर्मचारियों को नियुक्त किया है। ईओ डा बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि 134 गोवंश के लिए 12 कुंतल चारा और चोकर के अलावा 8 कुंतल भूसा प्रतिदिन दिया जाता है। गोशाला में साफ सफाई की व्यवस्था भी बेहतर है। बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां व्यस्थाएं देखीं।

### बाइक सवार महिला की सड़क हादसे में मौत

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर बाइक सवार महिला को तेज गति से आते वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा रजबपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर हुआ। बुधवार को गजरौला कोतवाली इलाके के गांव सलेमपुर गोसाई निवासी 50 वर्षीय कमला देवी पत्नी रूप सिंह युवक के साथ बाइक पर बैठकर अमरोहा जा रही थी। बाइक नेशनल हाइवे पर स्थित वेंकटेश्वर हॉस्पिटल के सामने पहुंची सभी पीछे से आते एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर बाइक सवार युवक व महिला सड़क पर गिर गए। जिसमें महिला की मौत हो गई। जबकि बाइक चालक गंभीर घायल हो गया।

**अभिभावक बोले–** जिम्मेदार मौन, निर्धारित दुकान से ही मिल रहा है कोर्स

# निजी स्कूलों में कॉपी–किताबों के नाम पर मनमानी वसूली

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** रहरा क्षेत्र में आने वाले गांवों में संचालित निजी विद्यालयों में इन दिनों कॉपी किताब के नाम पर बच्चों के अभिभावकों से मनमानी राशि वसूली जा रही है। हर विद्यालय में प्रकाशकों की किताब हैं।

किताबों का जो सेट 250 रुपये में मिलता है उसके लिए अभिभावकों से 6 हजार रुपये तक वसूल किए जा रहे हैं। प्रतिवर्ष स्कूलों का कोर्स भी दुकानदार तय करते हैं कि स्कूल में कौन सी किताब पढ़ाई जाएंगी। आरोप है कि इसकी पीछे की वजह भी स्पष्ट है, विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रतिवर्ष अधिक परसेंटेज की मांग की जाती है, जिसके चलते दुकानदार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रेट वाली किताबें अभिभावकों को देते हैं। अब तो हद हो गई है, कॉपी भी स्कूलों की मर्जी से ही चल रही हैं।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिक्षा को व्यवसायिक रूप दिया जा रहा है। जिसके तहत बच्चों को पढ़ाने के एवज में अभिभावकों से मनमानी फीस वसूली की जा रही है, जिससे अभिभावक परेशान हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों का शोषण इस प्रकार किया जा रहा है कि बच्चों का कोर्स, ड्रेस शूज यहां तक की बच्चों की टाई व बेल्ट भी उनकी बताई गई दुकान पर ही मिलते हैं। निजी स्कूलों द्वारा शोषण का शिकार किसान, मजदूर व मध्यम वर्ग के लोग हो रहे हैं। इसका विरोध भी लोगों द्वारा किया जा रहा है, लेकिन सरकारी अधिकारियों की अनदेखी के चलते निजी स्कूल प्रबंधन के हौसले बुलंद हैं। अमृत विचार के माध्यम से अभिभावकों ने अपनी परेशानियां बताईं।

> क्षेत्र में प्राइवेट स्कूल अधिक संख्या में है। गांव–गांव में स्कूलों की भरमार है। अभिभावकों की जेब पर सीधा डाका डाला जा रहा है। बच्चों को किताबें, ड्रेस आदि स्कूल वालों की मनमर्जी से लेनी पड़ती है। साथ ही बहुत स्कूल वालों ने अपनी दुकान भी खोल रखी है। **– जगबीर कश्यप, रहरा**



> प्राइवेट स्कूल संचालकों द्वारा अभिभावकों को बहुत परेशान किया जा रहा है। मनमानी फीस एवं अपने स्कूल का कोर्स देकर अभिभावकों पर ड्रेस लेने का भी दबाव बनाया जा रहा है। एनसीईआरटी कोर्स तो क्षेत्र में किसी भी स्कूल के पास उपलब्ध नहीं है, जिससे परेशानी हो रही है।
> **–कलुआ खड़कवंशी, खुशहालपुर**



> निजी विद्यालयों में इन दोनों कॉपी व किताब के नाम पर अभिभावकों के साथ ठगी हो रही है। किताबें जो 250 रुपये तक मिलती थी, वह 6000 रुपये तक मिल रही हैं। हर वर्ष स्कूल वाले अपना किताबों का ब्रांड बदल देते हैं। मजबूरी में किताबें स्कूल से ही लेनी पड़ती है। **– मुनि देव, रहरा**



> प्राइवेट स्कूल वालों ने तो हद कर रखी है। हर वर्ष अपनी मनमर्जी से कोर्स बदल देते हैं। मजबूरी में नया कोर्स हर वर्ष लेना पड़ता है। कोर्स के दाम भी मनमर्जी के ही देने ही पड़ते हैं। इन विद्यालयों पर शासन एवं प्रशासन कोई अंकुश नहीं है।
> **–पंकज त्यागी, श्यामगढी**

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान किया शुरू

**अमरोहा, अमृत विचार :** गर्मी का मौसम आते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे बीमारियां भी फैलने लगी हैं। बीमारियों की रोकथाम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को शुरू किया गया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसोदिया ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉक में स्वच्छता अभियान को चलाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीरतापूर्वक स्वच्छता अभियान को चलकर ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाया जाए। उन्होंने इस अभियान में लापरवाही बरसाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिले के सभी ग्राम प्रधानों को निर्देश दिया है कि वह हर रोज गांव में नालियों की सफाई की जाए और कूड़े को एकत्र न होने दे और पानी भी कहीं भी एकत्र न हो इसके अलावा गांव में डीटी का छिड़काव कराया जाए।

# विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में नामांकन कराने पर दिया जोर

संवाददाता, हसनपुर


विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित करते रामवीर सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बुधवार को विद्यालय प्रबंध समिति गुलामपुर की बैठक प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक मे नवीन नामांकन और नियमित उपस्थिति पर जोर दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव और विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आना चाहिए और सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शत प्रतिशत रूप से होनी चाहिए। प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने कहा कि हम सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि नवीन नामांकन के अंतर्गत हमें 6 से 14 आयु वर्ष के बच्चों का प्रवेश परिषदीय विद्यालयों में अवश्य कराएं। वर्तमान माह नवीन नामांकन माह के नाम से चल रहा है। उन्होंने उपस्थित सभी से अधिक से अधिक नवीन प्रवेश कराने की अपील की।

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह ने समिति के सभी सदस्यों एवं उपस्थित अभिभावकों से विद्यालय प्रबंध समिति का सहयोग करते हुए अधिक से अधिक नवीन नामांकन करने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष इन्द्र सिंह ने की और संचालन प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर ऊदल सिंह, निरंजन कुमार, अनीस अहमद, श्याम सिंह, भीमसैन, वेदराम सिंह, अजय सागर, मनीष कुमार, राशिद अली, संतराम सिंह, अमित कुमार, शरीफ अहमद आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सगे भाइयों पर गाली गलौज व मारपीट का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर उतमा निवासी कल्लू मंगलवार की शाम बाइक पर सवार होकर बहजोई निवासी अपनी मौसी के घर से आ रहा था। कल्लू बाइक लेकर जैसे ही हयातनगर से जाने वाले रास्ते पर गांव आढोल के पास पहुंचा। आरोप है कि रास्ते पर खड़े दो सगे भाइयों ने कल्लू से बाइक को रुकवा लिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर सगे भाइयों ने कल्लू के साथ मारपीट की। आसपास के लोगों को आता देखकर सगे भाई कल्लू को धमकी देते हुए भाग गए। कल्लू ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर सगे भाइयों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों का पैदल मार्च

**संभल अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए कड़ी सतर्कता बरती जा रही है। बुधवार को संभल में कोतवाल पवन कुमार की अगुवाई में पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें पुलिस के साथ-साथ अर्धसैनिक बल के जवान भी रहे। पैदल मार्च कोतवाली से शुरू होकर सर्राफा बाजार, मुहल्ला ठेर, छंगामल की कोठी, नखासा तिराहा से होते हुए सिलवेंजा अस्पताल, टंडन तिराहा, यशोदा चौराहा पर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस बीच लोगों को सुरक्षा का अहसास कराते हुए निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया गया।

### पुलिस ने मौहम्मदपुर बाबई में किया पैदल मार्च

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत नरौली और मौहम्मदपुर बाबई में बुधवार की शाम आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ पैदल मार्च किया। नरौली के मोहल्ला काजी टोला, बंजारी कुआ, तेली वाला कुआं, साहूकारा, मुल्लाना, कुरैशियान आदि मोहल्लों में पैदल मार्च किया और लोगों से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। इस दौरान अजय कुमार त्यागी, आकाश कुमार, बाल चंद्रा, सूरज लाल भट्ट, उमैद सिंह, राजेन्द्र सिंह, सचिन कुमार, अक्षय त्यागी, विपिन कुमार आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# ट्राली के पहिए के नीचे दबकर युवती की मौत

- गेहूं की निकासी के दौरान युवती ट्राली के नीचे सो गई थी
- चालक ने ट्रैक्टर आगे बढ़ा दिया,जिससे हादसा हुआ

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में गेहूं की निकासी करते समय ट्राली के पहिए के नीचे दबकर युवती की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जबकि युवती ट्राली के नीचे सो रही थी और चालक ने ट्रैक्टर आगे बढ़ा दिया। युवती की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव बेहट करन निवासी प्रेम सिंह ने पड़ोसी गांव रसूलपुर के ज्वाला सिंह के खेत में बटाई पर गेहूं की फसल की पैदावार की थी। मंगलवार को देर रात प्रेम सिंह परिजनों के साथ खेत पर पहुंचा और थ्रेसर से गेहूं की निकासी शुरू करा दी। कुछ देर बाद प्रेम सिंह की बेटी प्रीति (18 वर्ष) ट्रैक्टर ट्राली के नीचे जाकर सो गई। देर रात करीब तीन बजे ज्वाला सिंह के बेटे दीपक ने अचानक ट्रैक्टर स्टार्ट करके आगे बढ़ा दिया। जिससे प्रीति ट्राली के पहिए के नीचे दब गई। उसके सिर पर ट्राली का पहिया चढ़ गया। नजारा देखकर परिजनों के होश उड़ गए। गंभीर रूप से घायल प्रीति को आनन फानन में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां डॉक्टर ने देखते ही प्रीति को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**संभल, अमृत विचार:** कैलादेवी थाना क्षेत्र में आग में झुलसी महिला की मौत होने के बाद मौके पर पहुंचे मायके वालों ने उसके ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया।

थाना क्षेत्र के गांव करनपुर कायस्थ निवासी दिनेश की पत्नी रामबेटी 35 वर्ष कमरे में आग से बुरी तरह झुलस गई थी। परिजनों ने बताया था कि रामबेटी जंगल में किसी से फोन पर बात कर रही थी। पति ने टोका तो उसने खुद की तेल छिड़ककर आग लगा ली थी। झुलसने पर परिजन घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, परिजन उपचार के लिए रामबेटी को लेकर दिल्ली जा रहे थे। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बुधवार को मायके वालों ने ससुराल वालों पर रामबेटी की हत्या का आरोप लगाया। बुधवार को थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# लोकसभा चुनाव को लेकर 14 जोन 142 सेक्टर में बांटा संभल जिला

- सभी जोन व सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में अधिकारियों को दी गई तैनाती
- जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण देकर दी गई जिम्मेदारियां

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** संभल में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराए जाने को लेकर जनपद को 14 जोन व 142 सेक्टर में बांटा गया है। चुनाव की व्यवस्था देखने के लिए इन पर जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। उन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी ने पोलिंग पार्टी रवाना होने से व मतदान को शांतिपूर्ण वन निष्पक्ष कराए जाने की जिम्मेदारी सौपी हैं।

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी को अंतिम दौर में ले जाना शुरू कर दिया है। चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर जनपद को 14 जोन व 142 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जिन पर जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने अनुभवी अधिकारियों को जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया है। इन्हें पोलिंग पार्टी रवानगी से लेकर मतदान के दिन आने वाली समस्याओं के निपटारे तक की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी गई है। मतदान के दिन कोई भी समस्या आती है तो यह ही समस्या का समाधान कराएंगे। पोलिंग बूथ की व्यवस्था चाक चौबंद करने की व्यवस्था इन्हीं की रहेगी। सुरक्षा को लेकर भी यह सभी व्यवस्थाएं देखेंगे।

> लोकसभा चुनाव को लेकर संभल जिले को 14 जोन व 142 सेक्टर में विभाजित किया गया है। सभी पर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनाती कर दी गई है। सभी को चुनाव से संबंधी जिम्मेदारियां दी गई हैं। वहीं उन्हें क्या कार्य करना है इसका भी प्रशिक्षण दे दिया गया है। पोलिंग पार्टी रवानगी से लेकर मतदान के दिन उनकी क्या भूमिका होनी है। इसकी भी जानकारी दे दी गई है। - **प्रदीप वर्मा,** उप जिला निर्वाचन अधिकारी

### विधानसभा वार सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को किया गया तैनात

| विस | जोनल मजिस्ट्रेट | सेक्टर मजिस्ट्रेट |
|---|---|---|
| चंदौसी | 3 | 37 |
| असमोली | 3 | 27 |
| संभल | 3 | 27 |
| गुन्नौर | 5 | 45 |
| कुल योग | 14 | 142 |

## पत्नी की शिकायत लेकर थाने पहुंचे युवक ने लगाई गुहार

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में युवक जब पत्नी की हरकतों से परेशान हो गया तो थाने पहुंचकर तहरीर दे डाली। युवक ने पत्नी पर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। हालांकि पुलिस मामले की जानकारी से इंकार कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव चंदूनगला में अजब-गजब मामला सामने आया है। गांव निवासी गुड्डू ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। युवक ने कहा कि उसकी पत्नी हमेशा मोबाइल पर बात करती रहती है। किसी अन्य व्यक्ति के संपर्क में है। जब वह पत्नी से मना करता है तो मारपीट पर उतारू हो जाती है। पत्नी से परेशान युवक ने पुलिस ने उसका मोबाइल नंबर सर्विसांस पर लगवाने और कार्रवाई करने की गुहार लगाई। वरिष्ठ उप निरीक्षक ललित कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच पड़ताल की जाएगी।

# कार्यकर्ताओं को उकसाने में भाजपा नेता गिरफ्तार

## नगर मंत्री ने कहा- विपक्षियों की वोटिंग रोकने को बूथ पर करें हंगामा ,वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

संवाददाता,बहजोई/संभल

**अमृत विचार:** चुनाव में जीत के लिए भाजपा नगर मंत्री ने कार्यकर्ताओं को जो टिप्स दिये उसका वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में भाजपा नेता कह रहे हैं कि विपक्षियों की वोटिंग रोकने को मतदान बूथ पर हंगाम कर दें। पोलिंग पार्टी के लोगों से एक दिन पहले मिल लें और पुलिस वालों की जेब में भी कुछ डाल दें। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने भाजपा नेता को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सपा ने कहा है कि चुनाव हार के डर से भाजपा के षड्यंत्र का खुलासा हुआ है।

बुधवार को सोशल मीडिया पर भाजपा नगर महामंत्री बहजोई के मोहल्ला नारायण टोला निवासी भुवनेश वार्ष्णेय का एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में नगर मंत्री कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चुनाव से पहले बूथ पर जैसे ही पोलिंग पार्टी आएं उनसे संपर्क किया जाए। उनकी हर तरीके की सेवा की जाए। जो भी अपने एजेंट बने हैं उन्हें उनसे मिलवा दिया जाए कि यह अपने आदमी हैं। चाहे पैसा दिया जाए चाहे कैसी भी सेवा हो। भाजपा नगर मंत्री ने आगे कहा कि अगर चुनाव के दिन विपक्षी प्रत्याशी की वोटिंग की रफ्तार तेज है तो उसे धीमी करने के लिए बूथ पर हंगामा किया जाए। जिससे वोट डालने की गति धीमी हो जाए। महिलाएं बूथ पर न पहुंचें तो अपने आप ही वोट डालने की गति धीमी हो जाएगी। यह वीडियो जैसे ही वायरल हुआ तो चुनाव प्रेक्षक ने इसका संज्ञान लिया। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। आनन फानन में पुलिस नगर मंत्री भुवनेश वार्ष्णेय की परचून की दुकान पर पहुंच गई। जहां पर बैठे नगर मंत्री भुवनेश वार्ष्णेय को पुलिस गिरफ्तार कर थाने ले आई। थाने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नगर मंत्री कर चालान कर न्यायालय में पेश कर किया है।



बहजोई में पुलिस गिरफ्त में भाजपा का नगर मंत्री। ● अमृत विचार

- सपा ने कहा कि चुनाव में हार के डर से भाजपा के षड्यंत्र का खुलासा हुआ

### पुलिस वाला पांच सौ, होमगार्ड पचास में मान जायेगा

**बहजोई,अमृत विचार :** वीडियो में भाजपा नेता आगे कहते दिख रहे हैं कि कुछ पुलिस वालों की ड्यूटी भी होती है उनसे भी एक दिन पहले मिलना पड़ेगा। उनकी जेब में भी डालने पड़ेंगे चाय पानी के लिए। पुलिस वाला पांच सौ होमगार्ड पचास में ही मान जायेगा। कह देना यह चाय के लिए दे रहे हैं। हालांकि वीडियो को लेकर भाजपा नगर मंत्री भुवनेश वार्ष्णेय ने कहा कि एडिट किया हुआ है। उन्होंने कोई कानून विरोधी या भड़काने वाली बात नहीं कही।

### नगर मंत्री गिरफ्तार हुए तो थाने पर जुटे भाजपाई

**बहजोई,अमृत विचार :** जैसे ही भाजपा नगर मंत्री भुवनेश वार्ष्णेय की गिरफ्तारी की जानकारी भाजपा कार्यकर्ताओं को लगी तो उनमें आक्रोश फैल गया। पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़कबंशी, बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू, जिला महामंत्री कमल कुमार कमल सहित दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता थाने पहुंच गए। जहां उन्होंने नगर मंत्री की पैरवी प्रारंभ कर दी। लेकिन वीडियो वायरल होने के मामले में पुलिस ने उनकी एक न सुनी और नगर मंत्री का चालान कर न्यायालय में पेश करने के लिए थाने से भेज दिया।

### हार के डर से भाजपा अपना रही हर हथकंडा

**बहजोई,अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा है कि संभल लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी की हार हो रही है। इसलिए भाजपा ऐसे षड्यंत्र रच चुनाव को हाईजैक करना चाहती है। भाजपा नगर महामंत्री भुवनेश वार्ष्णेय का वीडियो इस बात का प्रमाण है। निर्वाचन आयोग को इसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

## सार-संक्षेप



अनुराग कलेर का स्वागत करते परिजन व अन्य लोग। ● अमृत विचार

### दुबई से स्वर्ण पदक जीतकर लौटे अनुराग का स्वागत

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** दुबई में हुई 21वीं जूनियर एशियन चैंपियनशिप में शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीतकर लौटे अनुराग कलेर का भव्य स्वागत हुआ। कार्यक्रम में युवाओं को अनुराग कलेर से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। जनपद संभल के गांव भवालपुर बांसली निवासी अनुराग कलेर पुत्र वीरेंद्र सिंह ने 24 से 27 अप्रैल तक दुबई में आयोजित हुई 21वीं जूनियर एशियन चैंपियनशिप में शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीतकर नाम रोशन किया। बुधवार को दुबई से अनुराग कलेर के गांव लौटने पर परिजनों और ग्रामीणों ने डीजे और ढाले नगाड़े बजाकर फूल माला पहनाते हुए भव्य स्वागत किया। अनुराग कलेर ने प्राचीन शिव मंदिर पहुंचकर मेडल शिवलिंग को समर्पित किया। माता पिता के साथ पूजा अर्चना की। स्वर्ण पदक जीतकर लौटे अनुराग कलेर के पिता वीरेंद्र सिंह, मां कुसुम देवी, भाई कमलजीत, भाभी लवनित, बहनों अनु और मनु में खुशी का माहौल बना रहा। इस दौरान जोगिंद्र, सचिन, धर्मपाल, लोकेंद्र, चंद्रशेखर, महीपाल, साई सेंटर सोनीपत के कोच समीर सांगवान आदि मौजूद रहे।

### 21 वाहनों का चालान कर पांच किए सीज

**संभल,अमृत विचार :** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने को लेकर अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की तो परिवहन विभाग के अधिकारियों ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर डेढ़ दर्जन से अधिक वाहनों पर कार्रवाई की। अधिकारियों ने लोगों द्वारा नियमों का उल्लंघन करने पर 21 वाहनों का चालान किया जबकि इनमें से पांच वाहन सीज भी कराए। वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में जनपद संभल की सड़कों पर यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों में जागरूकता का माहौल नजर नहीं आ रहा। इसे लेकर अमृत विचार ने एक मई के अंक में पेज 7 पर बिना हेलमेट बाइक पर ट्रिपल राइडिंग, हादसे को न्योता ...शीर्षक से खबर प्रकाशित की। जिसके बाद बुधवार को परिवहन विभाग के अधिकारियों ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की। एआरटीओ प्रशासन डॉ .पीके सरोज ने बताया कि ओवरलोडिंग माल परिवहन में पांच, बीमा प्रस्तुत नहीं करने पर तीन, बिना फिटनेस पर एक, लाइसेंस प्रस्तुत नहीं करने पर छह, सीट बेल्ट नहीं लगाने पर चार, प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं होने पर एक, टैक्स अदायगी नहीं होने पर एक वाहन का चालान किया गया। इनमें से पांच वाहनों को सीज भी कराया गया।

### ग्रामीणों ने किया लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का एलान

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** ब्लॉक बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत छाबड़ा का मजरा नानकबाड़ी उर्फ दबैना के ग्रामीणों ने गांव में चार वर्षों से रात के समय बिजली न मिलने तथा गांव के पानी के निकास के लिए नाला न होने को लेकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की है। बुधवार को ग्रामीणों ने गांव के बाहर एकत्र होकर हाथों में चुनाव बहिष्कार का पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले चार वर्षों से गांव के लिए रात्रि के समय बिजली नहीं मिल रही है। दिन में दो से चार घंटे ही ट्रिपिंग के साथ बिजली मिलती है। इसके अलावा गांव के पानी का निकास न होने से गांव का पानी गांव के रास्तों में ही भरा रहता है। जिससे ग्रामीणों एवं बच्चों को निकलने में भारी असुविधा होती है। तहसील समाधान दिवस एवं जिलाधिकारी व विद्युत विभाग के अधिकारियों से अनेकों बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इसलिए 2024 के लोकसभा चुनाव में हमारे गांव का कोई भी व्यक्ति मतदान नहीं करेगा। प्रदर्शन करने वालों में प्रेम सिंह, राजेंद्र, चंद्रपाल, वीरपाल, डालचंद, महिपाल, सोमपाल, सुखलाल, महेंद्र, शीला देवी, सोमवती, ओमवती, पानवती, रुक्मणी, जसोदा, सर्वेश, कुसुमा, ओमप्रकाश, धर्मपाल, उमेदी, हुलासी, रामपाल आदि ग्रामीण शामिल रहे।

### राम वनवास प्रसंग सुन कर भावुक हुए श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के सप्तम दिवस पर कथा वाचक वीरेश रामायणी ने भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी का भावपूर्ण वर्णन किया। श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास प्रसंग सुन कर सभी श्रद्धालुओं की आंखें छलछला गईं। कहा कि मंथरा ने कैकई के मन में संदेह पैदा करके राजा दशरथ से पूर्व में दिए गए दो वरदान मांगने को कहा। जिनमें एक वरदान में भगवान श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास और दूसरे में भरत को अयोध्या का राज सिंहासन। रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई। श्रीराम अपने पिता राजा दशरथ के वचनों का पालन करने के लिए सब कुछ छोड़कर 14 वर्ष के लिए वन गमन कर जाते हैं। प्रभु श्रीराम के साथ माता सीता और भ्राता लक्ष्मण भी वन को जाते हैं। श्रीराम के वियोग में राजा दशरथ अपने प्राणों को त्याग देते हैं। वन गमन के दौरान प्रभु श्रीराम का चित्रकूट में आगमन हुआ। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार सर्राफ, मंजू लता अग्रवाल, चंचल अग्रवाल, शारदा ठाकुर, मोंटू सर्राफ, जयशंकर दुबे, विपिन चीनी, प्रमोद, हरिओम, ओमप्रकाश गोगी, लवकुश समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

### आधा दर्जन ईंट भट्ठों पर गरजी प्रशासन की जेसीबी

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** प्रशासन ने असमोली क्षेत्र में नियम विरुद्ध तरीके से चल रहे आधा दर्जन ईंट भट्ठों पर कार्रवाई की। जेसीबी से कच्ची और पक्की ईंटों को नष्ट कराते हुए ईंट भट्ठे बंद करा दिए। एसडीएम विनय कुमार मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुरादाबाद के अनिल ने टीम के साथ असमोली क्षेत्र में छापेमारी की। इस बीच हुसैन ब्रिक वर्क्स बेला, अलीदाद ईंट उधोग हरसिंहपुर, एनएसआर सीडल माफी, एमएल ब्रिक वर्क्स गुमसानी, जैन ब्रिक वर्क्स सीडल माफी सहित पांच ईंट भट्ठों पर कार्रवाई की गई। जेसीबी से कच्ची और पक्की ईंटों को नष्ट कराया। एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि नियमों का पालन नहीं करने पर बंदी के बावजूद ईंट भट्ठे संचालित मिले। कार्रवाई करते हुए ईंट भट्ठों को बंद कराया गया है।

# कल एक मंच पर होंगे दो प्रदेश के मुख्यमंत्री

संवाददाता,संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार :** संभल व बदायूं जीत के लिए भाजपा यादव मतों में सेंध के लिए जी तोड़ प्रयास कर रही है। कल तीन मई को बदायूं लोकसभा सीट के बबराला व संभल के यादव बाहुल्य कैला देवी पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जनसभाओं को संबोधित करेंगे। चार मई को सपा मुखिया अखिलेश यादव की भी बबराला में जनसभा है।

संभल व बदायूं लोकसभा सीट पर भाजपा जहां यादव मतदाताओं को रिझाने के लिए दांव लगा रही है तो सपा अपने परंपरागत वोट को साधने में जुटी है। यादव मतों के लिए भाजपा और सपा के बीच जोर आजमाइश का दौर शुरू हो चुका है। शुक्रवार को दो मुख्यमंत्री एक साथ आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां भाजपा के परंपरागत वोटरों में जोश का संचार करेंगे तो मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव गुन्नौर के यादवों को भाजपा के साथ लाने पासा फेकेंगे। मोहन यादव के सहारे यादव मतदाताओं को साधने के लिए भाजपा ने खास प्लान तैयार किया है। भाजपा की रणनीति मोहन यादव के जरिये यादवों को सकारात्मक संदेश देकर अपने पाले में लाने की है। संभल व बदायूं संसदीय सीट पर पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए भाजपा को परंपरागत वोटरों के साथ ही यादव वोटरों के एक बड़े हिस्से को अपने साथ लाने की दरकार है। भाजपा के रणनीतिकारों की सोच है कि इस क्षेत्र में सपा के लिए प्रतिबद्ध बताए जाने वाले यादवों में से यदि 25 से 30 फीसदी यादवों को रिझा लिया तो जीत आसान हो सकती है। वहीं यादव मतों में सेंधमारी रोकने के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा बबराला में चार मई को प्रस्तावित है।



कैला देवी में जनसभा के लिए बनकर तैयार हुआ पंडाल। ● अमृत विचार

- बबराला में योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव लुभाएंगे यादव वोटरों को

### कल कैला देवी और बबराला में होगी जनसभा

**संभल,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कल तीन मई को बबराला व कैला देवी धाम पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के लिए पहुंचेंगे। जनसभाओं के लिए पार्टी जहां भीड़ जुटाने के लिए जुटी है वहीं प्रशासन भी अपनी तैयारियां मुकम्मल कर रहा है। गुरुवार को दोपहर तक दोनों जनसभा स्थलों पर पंडाल और हेलीपैड बनाने का काम पूरा हो जायेगा।

# किसान क्रेडिट कार्ड से ऋण लेने वाले किसानों के दाखिल खारिज पर लगा ब्रेक

- सदर तहसील का मामला, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने राजस्व परिषद को भेजी शिकायत
- केसीसी के ऋण खातों का अमलदरामद पूर्व की भांति करने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** प्रशासन की मनमानी के चलते संभल तहसील क्षेत्र में केसीसी यानि किसान क्रेडिट कार्ड से ऋण लेने वाले सैकड़ों किसानों के दाखिल खारिज पर रोक लगा दी गई है। जिस कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साधारण दाखिल खारिज की पत्रावलियां भी निर्धारित समय में नहीं हो रही है। पूरे मामले को लेकर संभल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने राजस्व परिषद के प्रमुख सचिव, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी को डाक से शिकायत भेजी है।

संभल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता एडवोकेट ने शिकायत में कहा है कि सदर तहसील संभल में केसीसी वाले दाखिल खारिज नहीं किए जा रहे हैं। केसीसी के ऋण वाले खातों का अमलदरामद जो बैनामे किए गए हैं, ऋण भार सहित पूर्व की भांति किए जाने चाहिए। क्योंकि पहले दाखिल खारिज समय से किए जा रहे थे। अब दाखिल खारिज नहीं होने से वादकारियों को परेशानी हो रही है।

वहीं साधारण दाखिल खारिज की पत्रावलियां भी लंबित हैं। निर्धारित समय में शासनदेश के तहत पत्रावली निस्तारित नहीं हो पा रही हैं। परवाने अमलदरामद नियमानुसार दर्ज नहीं किए जा रहे।

इसके अलावा लगभग 200 से अधिक गांवों की रियल टाइम खतौनियां शासनादेश के तहत जल्द दाखिल खारिज दर्ज करने के उद्देश्य से बनाई जा रही हैं लेकिन संभल सदर तहसील तहसील की खतौनियों में ज्यादा किसानों के अंश गलत दर्शाए गए हैं। नाम ही खतौनियों से गायब कर दिए गए हैं। इसमें राजस्व कमियों ने भारी अनियमित्ताएं की हैं। उन्होंने आला अधिकारियों से समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई है।

> राजस्व परिषद के आदेश हैं कि जब तब भूमि बंधनमुक्त न हो जाए, तब तक दाखिल खारिज न किया जाए। उसी के मुताबिक दाखिल खारिज नहीं हो पा रहे हैं। पहले किस तरह दाखिल खारिज हो रहे थे, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। **-रवि सोनकर,** तहसीलदार संभल

# सरहद पर तैनात जवानों के मताधिकार का किया इंतजाम

- संभल लोकसभा क्षेत्र के 1090 सेना व अर्धसैनिक बलों के जवानों को भेजे मतपत्र
- मतगणना की सुबह 8 तक जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजेंगे मत पत्र

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** देश की सरहद पर सुरक्षा में तैनात संभल लोकसभा क्षेत्र निवासी सेना व अर्धसैनिक बल के 1090 जवानों को मतदान का अवसर देने के लिए सर्विस वोटर मानकर ऑनलाइन मत पत्र भेजे गए हैं। सभी सर्विस वोटरों के लिए हैडक्वाटर को मतपत्र और लिफाफे ऑनलाइन एनआईसी के जरिए भेजे गए हैं। अब वह डिजिटल तरीके से मतपत्र व लिफाफे निकालकर मतदान कराएंगे। मतगणना की सुबह 8 बजे तक उसे जिला निर्वाचन अधिकारी तक पहुंचाएंगे।

संभल लोकसभा क्षेत्र निवासी 1090 सेना व अर्ध सैनिक बल के जवान अपने पसंदीदा प्रत्याशियों को मतदान कर सकेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने इन सभी को एनआईसी के जरिए मतपत्र और लिफाफे सिक्योरिटी कोड भेजे गए। लिफाफे में टिकट समेत अन्य जानकारी बारकोड के साथ होगी। उनके हेड क्वार्टर पर ऑनलाइन भेजे गए हैं। अब वह डिजिटल के जरिए मत पत्र व लिफाफे निकालकर उनके रेजीमेंट इंचार्ज मतदान कर कराएंगे। फिर मतगणना की सुबह 8 बजे तक उसे जिला निर्वाचन अधिकारी तक भेजेंगे। उनके मत पत्रों को मतगणना में शामिल किया जाएगा।

> संभल लोकसभा में जन्मे सेना व अर्ध सैनिक बलों को जवानों को मतदान करने के लिए सर्विस वोटर के तहत एनआईसी से ऑनलाइन मतपत्र भेजे जा चुके हैं। मतगणना की सुबह 8 बजे तक मतदान करके भेजना होगा। **- प्रदीप वर्मा,** उप जिला निर्वाचन अधिकारी

# जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को उनके दायित्व बताए

- पोलिंग पार्टी की रवानगी से लेकर मतदान कराने की जिम्मेदारी सेक्टर मजिस्ट्रेट की
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव कराने को लेकर अब तक की तैयारियों की समीक्षा की

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराए जाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक में अब तक की गई तैयारी की समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को पोलिंग पार्टी के रवाना होने को लेकर व मतदान तक उनके दायित्व को बताया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टी रवानगी स्थान पर पहुंचेंगे। जहां से पोलिंग पार्टियां समय से अपने बूथ पर पहुंच जाएं।

सहायक निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि पार्टी रवानगी स्थान पर पोलिंग पार्टियों को बैठने तथा मिलान के लिए पंडाल सेक्टर वार बनाया जाए। सेक्टर मजिस्ट्रेट रवानगी स्थल पर पोलिंग पार्टी समय से पहुंच रही है या नहीं, यह देखें। किसी कारण अगर कोई पोलिंग पार्टी समय से नहीं पहुंच पा रही है तो शीघ्र ही अधिकारियों से संपर्क करेंगे।



सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी।

### मॉक पोल के बाद 7 बजे से प्रारंभ हो जाए मतदान

**बहजोई,अमृत विचार :** डीएम ने कहा कि सुबह ही पोलिंग पार्टी अपने बूथों पर पोलिंग एजेंट को बना लें। उन इसके बाद मॉक पोल कराया जाए और सुबह ठीक 7 बजे मतदान प्रारंभ हो जाना चाहिए। ईवीएम से लेकर सभी प्रपत्रों को ठीक से भरा जाए। अगर कोई समस्या आती है तो पीठासीन अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट से संपर्क करेंगे।

### व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी निभाएं सेक्टर मजिस्ट्रेट

**बहजोई,अमृत विचार :** डीएम मनीष बंसल ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश देते हुए कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट यह देखें कि बूथों का निर्माण हुआ है या नहीं। बूथों पर आवश्यक फर्नीचर, महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन के लिए बैरिकेडिंग का कार्य कराया जाए। व्यवस्थाओं को पूरे तरीके से चाक चौबंद किया जाए। मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या न आए। इसको लेकर भी व्यवस्थाओं को देखा जाए। पानी शौचालय की व्यवस्था भी महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**जुनावई,अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के बदायूं मेरठ हाईवे पर दुबारी कला गांव निवासी आरिफ गांव में ही सड़क पार कर रहा था। इसी समय अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना स्थल पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। घायल युवक को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने को खत्म किया पोस्टल खर्च

**बहजोई,अमृत विचार :** अब तक सर्विस वोटरों को मतदान करके मतपत्र अपने खर्चे पर डाक के जरिए जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजना पड़ता था। डाक खर्च अधिक होने से सर्विस वोटर कम मतदान करते थे। पहली बार चुनाव आयोग ने डाक खर्च को ही खत्म कर दिया है। खर्च का भुगतान डाकघर को निर्वाचन आयोग करेगा। इसलिए यह पूरी व्यवस्था सेना व अर्ध सैनिक बलों के जवानों को निशुल्क होगी।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में चार दोषियों को तीन-तीन वर्ष की सजा

## न्यायालय ने दोषियों पर सात- सात हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** गैर इरादतन हत्या के मामले में अदालत ने चार दोषियों को तीन-तीन वर्ष का कठोर कारावास व 7-7 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना 2013 की है। थाना गुन्नौर में धारा 308/34/323/34/504 आईपीसी के तहत हरदेई पत्नी रघुनाथ, राधेश्याम, महेंद्र, नेत्रपाल पुत्र गण रघुनाथ निवासी कुहेरा थाना गुन्नौर जनपद संभल के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया था और साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद बदायूं में विचाराधीन था। मुकदमें में अभियोजन पक्ष से डीजीसी अनिल कुमार राठौर ने साक्ष्यों के आधार पर अदालत में दलीलें पेश की। मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने चारों दोषियों को तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास व सात-सात हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।



- मुकदमा न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद बदायूं में विचाराधीन था

### एनडीपीएस एक्ट के दोषी को एक वर्ष का कठोर कारावास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी ने एनडीपीएस एक्ट के एक दोषी को एक वर्ष के कठोर कारावास व दो हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। जनपद संभल के थाना कैला देवी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रामरहीश पुत्र चेतराम निवासी बवनपुरीकलां थाना कैला देवी जिला संभल के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बुधवार को मुकदमें पर सुनवाई करते हुए न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी ने रामरहीश को दोषी करार देते हुए एक वर्ष के कठोर कारावास व 2000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

### अवैध शस्त्र के मामले में दोषी को एक माह की सजा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** न्यायालय जेएम गुन्नौर जनपद संभल ने अवैध शस्त्र के मामले में एक दोषी को एक माह के कारावास व 2000 रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। थाना धनारी पुलिस ने धारा 25 आयुध अधिनियम के तहत रियासत पुत्र मुस्ताक निवासी बाजपुर थाना धनारी जनपद संभल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने रियासत के पास से 315 बोर एक एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया था। मुकदमा न्यायालय जेएम गुन्नौर जनपद संभल में विचाराधीन चल रहा था। बुधवार को मुकदमें पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने रियासत को दोषी करार देते हुए एक माह के कारावास व 2000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार:** धनारी थाना पुलिस ने घर से भगाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने व शादी करने से मना करते हुए किशोरी के भाई के साथ मारपीट करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी शाकिब 12 फरवरी की रात को घर से घुसकर बहला-फुसलाकर पड़ोसी के रहने वाली किशोरी को भगाकर ले गया था। तलाश करते हुए 13 फरवरी को परिजनों ने किशोरी व शाकिब को बहजोई में संभल बाईपास मोड़ से पकड़ लिया था। जिसके बाद गांव में बैठी पंचायत में युवक ने ईंद बाद किशोरी के साथ शादी करने की बात कही थी। ईद बाद शादी करने से मना करते हुए शाकिब ने पिता बाबू व भाई इमरान के साथ मिलकर किशोरी के भाई के साथ मारपीट की थी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने शाकिब, बाबू व इमरान के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शाकिब को गिरफ्तार कर लिया ।

## सार-संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** आगरा मुरादाबाद हाईवे पर देर रात एक बाइक पर बैठे तीन युवकों को सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों को अलीगढ़ रेफर किया गया है। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव इसमपुर डांडा निवासी संजू उम्र 32 वर्ष पुत्र खेमरान अपने दो दोस्तों तेजस व त्रिभुवन के साथ बाइक पर सवार होकर नरोरा से अपने खेत की सिंचाई के लिए डीजल भरवा कर केन से ला रहे थे। नरोरा बेराज चौकी से निकलते ही सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में संजू की टक्कर लगते ही मौके पर मौत हो गई। जबकि तेजस और त्रिभुवन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हाईवे की एंबुलेंस स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। डॉक्टर ने तेजस और त्रिभुवन को गंभीर घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ भेज दिया। संजू की मौत से अस्पताल में चीख पुकार मच गई।

### हज पर जाने वाला यात्रियों का हुआ टीकाकरण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** हज पर जाने वाले यात्रियों का बुधवार को सीएचसी में टीकाकरण हुआ और पोलियो की ड्राप पिलाई गई। सुबह दस बजे सीएचसी प्रभारी डॉ. हरवेंद्र सिंह ने वैक्सीनेशन कैंप का आरंभ किया। इसके बाद हज यात्रियों का टीकाकरण आरंभ किया गया। जिसमें टीका लगाने के बाद ड्राप भी पिलाई गई। जिसमें 65 वर्ष से अधिक के दस लोगों का टीकाकरण किया गया। बाकी अन्य 55 हज पर जाने वाले यात्रियों का टीकाकरण कर पोलियो ड्राप पिलाई गई। कुल 65 यात्रियों का टीकाकरण हुआ। जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिद ने बताया कि रविवार को हज ट्रेनिंग कैंप लगाया जाएगा। जिसमें यात्रियों को हज पर जाने, वहां पर किस तरीके से हज करा जाएगा इसके बारे में बताया जाएगा। शाह आलम मंसूरी ने बताया कि हज पर जाने वाले यात्रियों की 9 मई से फ्लाइट आरंभ हो रही है। इस दौरान चिकित्सा स्टाफ मौजूद रहा।



एबीसी मांटेसरी स्कूल में श्रमिकों की वेशभूषा में सजे बच्चे। ● अमृत विचार

### स्कूल में मजदूर दिवस पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में मजदूर दिवस पर फैंसी ड्रेस कंप्टीशन का आयोजन किया गया। जिसमें प्री नर्सरी से एलकेजी के तक नन्हे-मुन्ने बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता को लेकर स्कूली बच्चे श्रमिकों व समाज सेवकों की वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे। बच्चों को बताते हुए विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य देश के निर्माण में श्रमिकों के योगदान को याद करना व सम्मानित करना है। इस दौरान बच्चे नई-नई वेशभूषा में जैसे पुलिस, दूधवाला, चिकित्सक, माली, चायवाला, किसान, ठेले वाला, शिक्षक, इंजीनियर, चौकीदार आदि की वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे। प्रतियोगिता में प्रीशा, आइश्या, मायशा, शानवी, त्रिशय, कार्तिक ने प्रथम, कियांश, मायेशा, जिशांत, वितिका, द्विज, प्रजल ने द्वितीय, कुश, अर्शदीप, रियांश, गुरवानी, रिदांत, निलंजना, ताशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान नेहा, सालू, निशा, पारुल, सरस्वती, मुस्कान, लक्षिता, नीरज, सोनम, अध्या, सरिता, रुपाली, संतोष, संतोष आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।

### राष्ट्र निर्माण को एकजुटता से मतदान करें महिलाएं : पूजा

**संभल, अमृत विचार :** संभल लोकसभा क्षेत्र के महिला मोर्चा सम्मेलन में मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए महिलाएं एकजुटता से मतदान करें। प्रेम वाटिका में आयोजित सम्मेलन में महिलाओं को संबोधित करते हुए पूजा कपिल मिश्रा ने आगे कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास अतुलनीय हैं। हमारे शास्त्रों में नारी को हमेशा पूजा गया है। नारी चाहे तो सब कुछ कर सकती है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने कहा कि मेरी बहनों का सम्मान भाजपा सरकार में ही मुमकिन है किसी ओर में नहीं। एक नारी एक परिवार चलती है, कहीं मां के रूप में तो कहीं बहन के रूप में, कहीं बेटी के रूप में तो कहीं पत्नी के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करती है। भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि एक सशक्त पुरुष के पीछे भी एक महिला का ही हाथ होता है। उन्होंने महिलाओं से अधिक से संख्या में मतदान करने का आह्वान किया।

### मजदूरों को वाजिब मजदूरी के साथ ही दें सम्मान

**संभल, अमृत विचार :** गोया वर्ल्ड स्कूल में श्रमिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में श्रमिकों का सम्मान किया गया। इस दौरान कहा गया कि श्रमिकों को उनके काम की वाजिद मजदूरी के साथ ही सम्मान भी दें। रम्पुरा जट् स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता ने कहा कि श्रमिकों की मेहनत की वजह से ही हमारा देश तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान रिक्शा पोलर, मोची, बेलदार, ड्राइवर, दुकानों पर कार्यरत श्रमिक तथा सफाई कर्मचारियों को पुरस्कार देकर उनका सम्मान किया गया। पुरस्कार पाकर सभी श्रमिकों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी। कार्यक्रम में जयपाल, हरिकिशन, सुरेश, कावेन्द्र, मदन सिंह, सतवीर सिंह, व छुट्टन आदि उपस्थित रहे।

### दिव्यांग ई-रिक्शा चालक को पीटकर नाले में डाला



**चन्दौसी, अमृत विचार :** गोशाला रोड पर शिव मंदिर के पास ई-रिक्शा के दिव्यांग चालक को स्कूटी सवार ने जमकर पीटा। इतना ही नहीं आरोपी ने दिव्यांग को नाले में डाल दिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मां चमेली देवी घायल पुत्र को कोतवाली लेकर पहुंची और तहरीर दी।कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ निवासी दिव्यांग सूरज ने किश्तों पर ई-रिक्शा लिया और चलाना शुरू कर दिया। बुधवार की सुबह साढ़े ग्यारह बजे ई-रिक्शा में सवारी लेकर बाजार जा रहा था। गोशाला रोड स्थित शिव मंदिर के पास सामने से आ रहे स्कूटी सवार ने स्कूटी को ई-रिक्शा के नजदीक से निकाली। इसके बाद स्कूटी चालक ने ई-रिक्शा चालक से टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने दिव्यांग को उतारकर पीटा। इतना ही नहीं दिव्यांग को नाले में डाल दिया।

## पति पर जबरन चूहा मार दवा खिलाने का आरोप

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बनियाठेर क्षेत्र के भैतरी फाटक स्थित नई बस्ती में महिला को चूहा मार दवा खिला दी। जिससे महिला की हालत बिगड़ी तो उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। बनियाठेर थाना क्षेत्र के भैतरी फाटक स्थित नई बस्ती में सोनम अपने पति व अपने दो बच्चों व ससुराल वालों के साथ रहती है। महिला का आरोप है कि अक्सर उसका पति नशे की हालत में उसके साथ मारपीट करता है। आरोप है कि बुधवार की शाम पति व अन्य ससुराल वालों ने महिला को जबरदस्ती चूहा मार दवा खिला दी। जिससे महिला की हालत बिगड़ने लगी। पिता दुल्हा हसन पुत्री की ससुराल पहुंचा। जहां उसकी पुत्री बेसुध हालत में पड़ी। महिला को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। महिला ने बताया कि जहरीला पदार्थ उसके पति ने जबरदस्ती खिलाया है।

# मजदूर दिवस पर श्रमिकों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** साक्षी चन्दौसी एडवोकेट यूनिटी की ओर से विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला न्यायालय परिसर में दोपहर दो बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 12 श्रमिकों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। पानी की बोतल, गिलास, मिष्ठान भेंट किए।

मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष रंजना शर्मा ने कहा कि भारत देश में मजदूर, श्रमिकों की प्रत्येक क्षेत्र में अहम भूमिका रहती है। आज आम जनमानस का मजदूरों के बिना जीवन असहज है। मजदूर घर बनाने, ढुलाई करने, कल कारखानों में कार्य कर अपनी आजीविका को चलाता है। उसे जीवन के हर मोड़ पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

संजय शर्मा ने कहा कि व्यस्त दिनचर्या में मजदूरों अपनी आजीविका चलाने में असहाय हैं।

इस अवसर पर पीयूष कुमार वार्ष्णेय, अजय सक्सैना, दीपक राठौर, अमित सक्सैना, राजेश कुमार, सचिन गोयल, साफिया कदीर, आकाश बाबू, राहुल मिश्रा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।





श्रमिकों को सम्मानित करते एडवोकेट यूनिटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार



मजदूर दिवस पर श्रमिकों को मिठाई बांटते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- 12 श्रमिकों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मजदूरों की समस्याएं सुनीं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत की ओर से संयुक्त रुप से बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने फड़याई बाजार में श्रमिकों के अड्डे पर पहुंच कर श्रमिकों को लड्डू वितरण कर उनकी समस्याओं एवं बीमारियों के बारे में जानकारी ली। उन्हें मजदूरी करने के बाद बीमारी के इलाज के लिए कैंप कार्यालय गणेश कालोनी 6बी बुलाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि देश की तरक्की मजदूरों और किसानों पर निर्भर करती है। किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में मजदूरों, कामगारों और मेहनतकशो की अहम भूमिका होती है। मजदूरों, कामगारों के बिना कोई भी औद्योगिक ढांचा खड़ा नहीं हो सकता है। इस दौरान अरविंद कुमार, कुंवर पाल, वीरेंद्र सिंह, गोविन्दराम, घनश्याम, रोहित, कमल, प्रेमपाल, नेम पाल सिंह, नानक चंद, मुनेश कुमार, चंद्रपाल, मदन, गेंदन लाल, मुख्तयार आदि श्रमिक मौजूद रहे।

# मेडल विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** नगर के आवास विकास स्थित नालंदा कोचिंग सेंटर पर उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। गुन्नौर के अनिकेत, काशी, शेखर और चन्दौसी के एलिस प्रताप सिंह का छह जून से 10 जून तक नागपुर में होने वाली नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2024 में चयन हुआ है।

जिला ओलंपिक व आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के महासचिव आशु शर्मा ने बताया कि 12 से 14 अप्रैल के बीच कासगंज के शोरो में उत्तर प्रदेश सब जूनियर व सीनियर आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश आर्म रेसलिंग एसोसिएशन की ओर से किया गया था।

उक्त चैंपियनशिप में जनपद संभल की टीम ने भी प्रतिभाग किया। जिसमें सबजूनियर वर्ग के 50 किलो भार वर्ग में राइट हैंड से गुन्नौर के शेखर ने ब्रोंज मेडल, 55 किलो भार वर्ग में गुन्नौर के ही अनिकेत ने लेफ्ट और राइट दोनों हैंड से गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

जूनियर वर्ग के 65 किलो भार वर्ग लेफ्ट हैंड में गुन्नौर के काशी ने ब्रोंज मेडल जीता। 90 किलो भार वर्ग के राइट हैंड से चन्दौसी के एलिस प्रताप सिंह ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त जनपद संभल की टीम से चन्दौसी के दक्ष, लव चौधरी, दीपक कुमार, गुन्नौर से अमित कुमार, शाहजहां, अवनेश, गोलू कुमार आदि खिलाड़ियों ने संतोष जनक प्रदर्शन किया। जिसमे गुन्नौर के अनिकेत, काशी, शेखर और चन्दौसी के एलिस प्रताप सिंह का चयन नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2024 नागपुर के लिए हुआ है। जो की 6 जून से 10 जून को होगा।



मेडल दिखते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- गुन्नौर के अनिकेत, काशी, शेखर और चन्दौसी के एलिस प्रताप सिंह का नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए चयन

## सीढ़ी से गिरा शाहजहांपुर का मजदूर, गंभीर घायल

**संभल, अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र में लकड़ी की सीढ़ी में लगी लोहे की कील उखड़ने से कमरे की छत पर सोने जा रहा मजदूर फर्श पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। साथी मजदूर आनन फानन में एंबुलेंस से मजदूर को लेकर उपचार के लिए जिला अस्पताल आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर मजदूर को हायर सेंटर रेफर किया गया।

शाहजहांपुर जिले के गांव फैजानपुर निवासी मजदूर जितेंद्र हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव दतावली में जल जीवन मिशन के तहत बनाई जा रही पानी की टंकी पर मजदूरी करता है। बुधवार की शाम साढ़े सात बजे जितेंद्र खाना खाकर सोने के लिए लकड़ी की सीढ़ी के सहारे कमरे की छत पर जा रहा था। अचानक से सीढ़ी में लकड़ी के डंडे को रोकने के लिए लगी लोहे की कील उखड़ गई। जिससे जितेंद्र सीढ़ी से नीचे फर्श पर गिरकर गंभीर घायल हो गया।

# चेकिंग के दौरान ऐचोड़ा में दो कारों से 19 लाख रुपये मिले

संवाददाता, संभल/सिरसी, ओबरी

**अमृत विचार:** ऐचोड़ा कंबोह थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान कार सवारों से 18 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। दूसरे प्वाइंट पर कार सवार से एक लाख की नकदी मिली। हजरतनगर गढ़ी थाना पुलिस ने भी साठ हजार की रकम बरामद की है।

ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में सैदनगली मनोटा मार्ग पर गांव इंकौदा तिराहे पर लगे बेरियर पर उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट अजय सिंह बुधवार को टीम के साथ वाहन चैकिंग कर रहे थे। स्विफ्ट कार लेकर आ रहे चालक अमरोहा जिले की नगर पंचायत उझारी निवासी शारिक को रोक लिया। तलाशी लेने पर कार से 18 लाख रुपये बरामद हुए। रुपये लेकर जाने के बारे में शारिक कोई पक्की जानकारी नहीं दे सका। वहीं मनोटा सैदनगली मार्ग पर गांव ज्ञानपुर सिसौना वाले बेरियर पर चालक रामपुर जिले के गांव वाजिदपुर निवासी गुरुसेवक सिंह की बलेनो कार की तलाशी लेने पर एफएसटी मजिस्ट्रेट अमित यादव ने 1 लाख रुपये की नकदी बरामद की। इसके अलावा हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में संभल मुरादाबाद मार्ग पर सिरसी में एफएसटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सिंह ने डीसीएम के केबिन में बैठे मुरादाबाद जिले के गांव बरैठा खिजरपुर निवासी सगे भाई मुन्ने व नन्हे हाजी से 60 हजार रुपये बरामद किए। रुपयों के लेन-देन के बारे में जानकारी मांगी, लेकिन सगे भाई इस बारे में कोई प्रमाण नहीं दिखा सके। उड़नदस्ता टीम ने कुल 19 लाख 60 हजार कब्जे में लेकर कोषागार में जमा कराएं।

**जागरूकता अभियान** | रामप्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं व शिक्षिकाओं को दिलाई शपथ

# अच्छी सरकार चुनने के लिए हर नागरिक को मतदान करना आवश्यक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** स्वीप कार्यक्रम को लेकर बिसौली गेट स्थित राम प्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज में मतदान जागरुकता पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिला हेल्प लाइन 1090 की डिस्ट्रिक्ट कोआर्डीनेटर संगीता भार्गव ने शपथ ग्रहण कराई। जिसमें कक्षा नौ से 12 तक की छात्राओं को जिम्मेदारी दी गई कि वह लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर बिना किसी भेदभाव के अपने निर्वाचन अधिकारों का प्रयोग अपने परिवार के सदस्यों से करवाएं। सही सरकार चुनना हमारा प्रथम कर्तव्य है। इस दौरान प्रधानाचार्य कीर्ति कुशवाह, उर्वशी, शीला, सौम्य, संतोष, स्वाति, दीप्ति, शारदा, ऊषा, रचना, संगीता आदि मौजूद रहे।



छात्राओं को मतदान की शपथ दिलातीं संगीता भार्गव। ● अमृत विचार



मतदाता जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### विद्यालयों में मतदान जागरूकता अभियान चलाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय मानव कल्याण समिति की ओर से विभिन्न विद्यालयों में मतदान जागरुकता अभियान चलाया। जिसमें हनुमानगढ़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, मेला ग्राउंड स्थित जीके सिल्वर स्टोन स्कूल, महाजन मोहल्ला स्थित सरस्वती शिशु मंदिर आदि में मतदान के प्रति जागरुक किया। समिति प्रबंधक डॉ. टीएस पाल ने मतदाता जागरूकता तथा शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। कहा कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें। मतदान के दिन मतदाताओं को वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ तक जाने तक प्रेरित करें। ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रह सके।

### रैली में छात्राओं ने लोगों से किया वोट डालने का आह्वान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री अक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर रैली का आयोजन किया गया। रैली को विद्यालय के प्रबंधक कौशल नंदन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से लोगों से सात मार्च को होने वाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया गया। जिसमें छात्राओं ने कहा कि नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करके अच्छी सरकार का निर्माण करें। एक-एक वोट की एहमियत को समझें। रैली में छात्राएं वोट डालने का आह्वान करती चल रही थीं। इस दौरान प्रधानाचार्य अंजू गुप्ता, डॉ. सफिया अंजुम, नीरू देवी, डॉ. ममता चौधरी, निधि अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें : क्षेत्रीय अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- भाजपा चुनाव कार्यालय पर विस संचालन समिति की हुई बैठक

**अमृत विचार:** बुधवार को गोशाला रोड स्थित यदुवंशी गार्डन में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा कार्यालय पर विधानसभा संचालन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह सिसोदिया और माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने समिति पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिंह सिसोदिया ने समिति के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की और विधानसभा में उनके द्वारा हो रहे कार्य की समीक्षा की। कहा कि लोकसभा संभल की मतदान तिथि नजदीक आ गयी है। इसलिए हम सभी को अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मतदाताओं से संपर्क कर मतदान प्रतिशत को बढ़ाने का कार्य करें और पन्ना प्रमुख के साथ जाकर अपने पन्ने की जिम्मेदारी को पूरा करें। राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को अधिक से अधिक वोट दिलाकर जीत दिलाने में मदद करें और पूरी विधानसभा में अलग-अलग टोली बनाकर जनसंपर्क करें।

जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारी बूथ अध्यक्षों और उनकी समिति के साथ बैठक कर बूथ पर सभी लाभार्थी मतदाताओं से संपर्क करें ओर उन्हें मोदी जी की लाभकारी योजनाओं को बताएं। संचालन विनोद कुमार बिन्नी ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, लोकसभा सहप्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, सुभाष भटनागर, राजेश शंकर राजू, ओमवीर सिंह खड़गवंशी, कमल कुमार, मनोज कठेरिया, अंकित जैन, सतीश अरोरा आदि रहे।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मो.उवैस को बिना परिजनों की अनुमति के प्रेम विवाह करने व गलत आचरण के चलते अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। जाकिर हुसैन पुत्र शब्बीर अहमद ग्राम सहसपुरी डिलारी, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम FAHIM से बदलकर FAHEEM KHAN रख लिया है। फहीम खाँ पुत्र श्री आबिद खाँ नि0 पहाड़ी गैट मस्जिद झब्बू खाँ रामपुर।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम उदय बाबू से बदलकर उदय प्रताप भारती ( UDAY PRATAP BHARTI ) रख लिया है। भविष्य में मुझे उदय प्रताप भारती के नाम से जाना व पहचाना जाये। उदय प्रताप भारती पुत्र अलोक कुमार नि0 मौ0 कटरा कस्बा धनौरा, तह0 धनौरा जनपद अमरोहा।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्या प्रियवादिनी च ।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या के ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं ।

## संपादकीय

# संघर्ष विराम का समय

गाजा में हर दिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। राफा पर इजराइल के सैन्य हमले से संघर्ष में वृद्धि होगी और इसके कारण हजारों फिलिस्तीनी नागरिक मारे जाएंगे। शीघ्र ही अगर युद्ध विराम समझौता नहीं किया गया तो यह युद्ध गाजा में चौतरफा विनाश और भीषण परिणामों के साथ, पूरे क्षेत्र में और भी भयंकर नतीजों के साथ फैल जाएगा। गाजा में युद्ध 7 अक्टूबर 2023 को उस समय भड़का था, जब हमास ने इसराइल के दक्षिणी इलाके में घातक हमला किया था जिसमें लगभग 1200 लोग मारे गए थे। उसके बाद इजराइली सैन्य हमलों में 34,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश नागरिक हैं और 73 हज़ार से अधिक घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने एक बार फिर इजराइल और हमास से युद्ध विराम के लिए सहमति की अपील की है। गुटेरेस की यह अपील ऐसे समय में जारी की गई है जब इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते के लिए बातचीत चल रही है। उधर युद्ध विराम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन बुधवार को इजरायल पहुंच गए हैं। हमास और इजरायल के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से एंटनी ब्लिंकन की यह सातवीं यात्रा है। उन्होंने इजराइली नेताओं से मुलाकात की। क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन इजराइल को गाजा पट्टी के एक हिस्से में बड़ा जमीनी हमला शुरू करने से रोकने की कोशिश कर रहे थे, जहां फिलिस्तीनियों ने युद्ध के दौरान शरण मांगी थी।

इजराइल ने इजराइली जेलों में बंद लगभग 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास की हिरासत में अपने 33 बंधकों (महिलाओं, बुजुर्गों और बीमारियों से पीड़ित) को रिहा करने के मध्यस्थों के सुझाव पर सहमति व्यक्त की है। जेलों में बंद इन फिलिस्तीनियों में से कई हत्या के मामलों में आरोपी हैं। ब्लिंकन और बिडेन के अन्य शीर्ष सहयोगी भी हमास से छह सप्ताह के संघर्ष विराम और कुछ फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में बंधकों को मुक्त करने के लिए एक समझौते पर सहमत होने का आह्वान कर रहे हैं। वार्ता महीनों से रुकी हुई है और इजराइली अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि वे अपनी मांगें कम करने पर सहमत हुए हैं। नवंबर में, हमास ने सात दिवसीय संघर्ष विराम के दौरान 100 से अधिक बंधकों को मुक्त कर दिया। वास्तव में अब और देरी नहीं कार्रवाई करने का समय आ गया है। क्योंकि कोई अन्य विकल्प नहीं है। अस्थायी संघर्ष विराम से स्थायी संघर्ष विराम हो सकेगा।

# आर्थिक उदारवाद से मध्यवर्ग की आकांक्षाओं को लगे पंख



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

> आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी। कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए।

90 के दशक से ही निजीकरण के महिमा मंडन ने मध्य वर्ग को बेहद उत्साहित कर रखा था और दस वर्ष के मनमोहन काल में बढ़ी समृद्धि ने इस वर्ग की आकांक्षाओं को जैसे पंख लगा दिए थे। इन्हीं पंखों पर चढ़ कर कारपोरेट नेशनलिज्म ने अपनी ऊंची उड़ान भरी जिसे जमीन पर रेंगता आर्थिक रूप से निम्न तबका हसरत भरी निगाहों से ताकता रहा।

कारपोरेट नेशनलिज्म इसी तरह आता है जैसे भारत में आया। स्वप्नों को त्रासदियों में बदल देने वाले छद्म राष्ट्रवाद और पुनरुत्थानवाद की आड़ में मुनाफे का निरंकुश खेल, जिसमें राजनीति बंधक बन जाती है और लोकतंत्र जैसे किसी प्रहसन में तब्दील हो जाता है। चल रही व्यवस्था से नाराज लोगों को अच्छे दिनों के ख्वाब दिखाना, बेरोजगारी से त्रस्त समाज को नौकरी के सब्जबाग दिखाना, अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरोसा दिलाना और जनता की तमाम जहालतों का ठीकरा व्यवस्था पर काबिज लोगों और उनकी नीतियों पर फोड़ना। इस तरह यह अपना रास्ता बनाता है।

इतना ही काफी नहीं होता। कारपोरेट नेशनलिज्म को अपने पांव पसारने के लिए एक ऐसे प्रायोजित नायक की जरूरत होती है जिसके छद्म छवि निर्माण से जनता को भ्रमित और चमत्कृत किया जा सके ताकि उसे लगे कि हमारा उद्धार करने वाला आ गया और कि हमें उसका खैर मकदम करते हुए अपने सिस्टम की चाबी उसे सौंप देनी चाहिए।

अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

ऐसा दौर, जिसने भारतीय पत्रकारिता का घोर नैतिक पतन देखा, जिसने मध्य वर्ग की जटिल मानसिकता के भीतर की कुरूपताओं को उजागर किया, तथाकथित सवर्णों के बड़े हिस्से की सांप्रदायिक चेतना को उभारा और जिसने तथाकथित निचली जातियों के कई भ्रष्ट राजनीतिक ठेकेदारों के राजनीतिक चरित्र को खोल कर सामने रख दिया। सबसे महत्वपूर्ण कि इस दौर ने नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की परतों को उधेड़ कर रख दिया और हमें अहसास दिलाया कि अपने मुनाफे के लिए कारपोरेट का एक प्रभावशाली तबका किस कदर जन विरोधी हो सकता है।

कारपोरेट नेशनलिज्म ने निजीकरण को मुक्ति का मार्ग घोषित किया। हमारे देश के बिजनेस क्लास ने साबित किया कि मुनाफे की संस्कृति में अधिकाधिक लाभ कमाने के लिए वह नैतिक रूप से कितना नीचे गिर सकता है। अधिकाधिक मुनाफा कमाना, अधिकाधिक श्रम लेना, न्यूनतम वेतन देना। नीति निर्माण की प्रक्रिया पर अपनी पकड़ को निरंतर सख्त करता यह वर्ग अमानवीयता की हदों से गुजरता गया जहां शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत संरचनाओं पर उसके बढ़ते आधिपत्य ने एक पतित संस्कृति का निर्माण किया।

जब हम नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की बातें करते हैं तो हम इसके चरित्र को यूरोप और अमेरिका से अलग कर देखने की कोशिश करते हैं। लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक और पढ़े लिखे देशों में निजी उपक्रमों पर नियामक संस्थानों का कठोर नियंत्रण होता है और वे निर्धारित मानकों की उपेक्षा नहीं कर सकते। हमारे देश में ये उपक्रम तय मानकों को धता बताने में बिलकुल भी गुरेज नहीं करते। ऐसा हर क्षेत्र में है जिस कारण हमारे देश में निजीकरण संगठित लूट का एक माध्यम बन गया है। क्या कोई सोच सकता है कि यूरोप के पढ़े लिखे देशों के डिजाइनर प्राइवेट स्कूल हमारे देश की तरह बच्चों की स्तरीय शिक्षा से अधिक चिंता उनके ड्रेस और उनकी किताबों के माध्यम से अधिकाधिक मुनाफा लूटने पर करें?

आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी।

कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए। हेल्थ स्ट्रक्चर में सरकारी निवेश से अधिक तवज्जो करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलाई जा रही बीमा योजनाओं के माध्यम से निजी सेक्टर को मुनाफा के अवसर देना इसी आर्थिक चिंतन का हिस्सा है।

हालांकि, कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका तक में सार्वजनिक हेल्थ बीमा के माध्यम से चिकित्सा प्रणाली की विफलता उजागर हो चुकी है। हमारे देश में तो उस दौर की दुर्दशा की याद अभी भी अधिक पुरानी नहीं पड़ी। लेकिन उस दुर्दशा के बावजूद न नीति निर्माताओं ने कोई सीख ली, न जनता ने।

कोरोना संकट ने साबित किया कि दुनिया के जिस भी देश ने स्वास्थ्य में सरकारी संरचना को मजबूती दी है वही इस महामारी का बेहतर तरीके से सामना कर सका। लेकिन, कॉर्पोरेट संस्कृति इन सीखों पर भ्रम का आवरण चढ़ाने में देर नहीं लगाती। कारपोरेट नेशनलिज्म जब एक बार किसी सिस्टम पर काबिज हो जाता है तो आसानी से इसके तंबू नहीं उखड़ते। जब तक यह बकरों के खून को चूस सकता है, जब तक यह मानवता को तहस नहस कर सकता है, तब तक अंतिम दम तक यह फन काढ़कर खड़ा रहता है। बहुत सारे लोग, जिनमें कुछ नामचीन चिंतक पत्रकार भी शामिल हैं, उम्मीदें लगाए हैं कि 2024 शायद इनका विराम बिंदु साबित हो। लेकिन, यह इतना आसान नहीं। कोई राजनीतिक दल या दलों का समूह तब तक इन्हें अपदस्थ नहीं कर सकता जब तक जनता इनके तंबुओं के बांस उखाड़ने पर आमादा न हो जाए। फिलहाल तो ऐसी अधिक उम्मीद नहीं।

नौकरी और अच्छे भविष्य, अच्छी अर्थव्यवस्था और अच्छे दिनों के आश्वासनों के पुल पर चढ़ कर आया, नेशनलिज्म और ठेठ सांप्रदायिकता को अपने औजारों की तरह यूज करते कारपोरेट राज को असल चुनौती किसी राजनीतिक दल से नहीं, जनता से ही मिलती है और इसके कनात तब उखड़ते हैं जब तक चतुर्दिक त्राहि त्राहि नहीं मच जाती और बिलबिलाती जनता विरोध में मुट्ठियां नहीं कस लेती। इतिहास इस तथ्य का साक्षी है। हालांकि बिलबिलाती जनता जब विरोध में मुट्ठियां कस लेती है तो झूठे स्वप्नों का आख्यान रचते, देश और जनता को ठगते सिस्टम के अलंबरदारों की कैसी दुर्गति होती है यह भी इतिहास अनेक उदाहरणों से हमें बताता है। लगता नहीं कि भारत के मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अभी उस व्यामोह से बाहर निकल सका है जिसका वितान कारपोरेट नेशनलिज्म के सूत्रधारों ने रचा है। शायद अभी और फजीहतें बाकी हैं।

## प्रसंगवश

# विकास के अग्रदूत:श्रमिक



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जब बहुत बड़ा भार होता है, तब पांच-सात मजदूर मिल कर उसे खिसकाते हैं, उठाते हैं, खड़ा करते हैं और यथास्थान ले जाते हैं, तब वे एक स्वर में जिन शब्दों का उच्चारण करते हैं, वे शब्द मानो उनके जीवन की व्यथा-कथा हैं, विवशता और हिम्मत। निर्धन मजदूर का जीवन मानो इन शब्दों का ही आख्यान है -

पल्ले पर गई हे ईसा।/ कोई बात नहीं है हे ईसा।/ थोरी रह गयी हे ईसा।/ पार पकर लयी हे ईसा। जिन श्रमिकों ने सडकें बनायी हैं, समुद्र को पाटा है, पर्वतों को पीस कर खेत बनाए हैं, खानों में प्रवेश करके संपदा का दोहन किया है, अपनी जान हथेली पर लेकर बहुमंजिले महल बनाए हैं, जिनकी बदौलत उद्योग चल रहे हैं, वे श्रमिक ही विकास के अग्रदूत हैं, देश का असली निर्माण करने वाले तो वे श्रमिक ही हैं। परन्तु यह कैसी व्यवस्था है, यह कैसी विडंबना है कि इतने श्रम के बाद भी वे ही आवासहीन हैं, वे ही धनहीन हैं? उनका जीवन त्रासदियों से आकुल-व्याकुल है।

इन कमेरों के श्रम के बिना वह बाजार और बाजार की नियामक-शक्तियां, वह अर्थव्यवस्था, वे बैंक, वह पैसा उत्पादन नहीं कर सकता। निर्माण नहीं कर सकता। रक्षा नहीं कर सकता। बाजार की नियामक-शक्तियां सब मिल कर के भी बाजार को नहीं चला सकेंगी। श्रम के बिना बाजार नहीं चलेगा। यह अलग है कि श्रम अपने परिवेश और व्यवस्था में कितना सस्ता और कितना महंगा है। बाजार की शक्तियां मनुष्य की इस श्रम-शक्ति का यांत्रिक-विकल्प खोजती रहती हैं। बेरोजगारी जितनी अधिक होगी, श्रम उतना सस्ता होगा। उत्पादक को उत्पादन का लाभ न मिले और बिचौलिया मुनाफ़ा कमाए तो भला उत्पादन कैसे बढ़ेगा? प्राइवेट-स्कूल-कालेज हैं, अध्यापक और अध्यापिकायें पढ़ा रही हैं, उन्हें क्या मिल रहा है? दस हजार-पंद्रह -हजार? बाकी मुनाफा कौन ले रहा है? जो खेती कर रहा है, उसे क्या मिला? कितना मिला? बाकी मुनाफा किसे मिला? श्रमिक आधे पेट रहे और कारपोरेट का पेट फूलता जाय। इस विश्व बाजार-व्यवस्था में मनुष्य की श्रम शक्ति का महत्व दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा है। मनुष्य की महिमा घट रही है।

# अर्थव्यवस्था की वैश्विक चुनौतियां



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

> अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है।

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक पंडितों को धता बताते हुए भारत, वैश्विक अपेक्षाओं से भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इसी के फलस्वरूप पूरी दुनिया अब भारत को निर्विवाद रूप से तेज़ी से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था मान चुकी है। परंतु इसी के साथ अपने प्रतिस्पर्धी एवं पड़ोसी देश चीन के साथ अपनी तुलना करने पर हमें कुछ कठोर यथार्थ का भी सामना करना पड़ता है। आज नहीं तो कल वैश्विक मंच पर चीन को पछाड़ने के लिए हमें कठोर यथार्थ को स्वीकार करते हुए उन सभी मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जहां हम चीन से पीछे रह गए हैं। एक ओर जहां चीन की प्रति कैपिटा इनकम 12 हजार अमेरिकी डॉलर से अधिक है। तो वहीं दूसरी ओर भारत की प्रति कैपिटा इनकम मात्र 2200 अमेरिकी डॉलर है। एक तरफ चीन ने अपने देश से गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। तो वहीं दूसरी ओर भारत में गरीबी एक यक्ष प्रश्न है। देश की आजादी के समय भारत की स्थिति चीन से काफी बेहतर थी किंतु भारत की अर्थव्यवस्था के विकास में हुई कुछ भारी गलतियों के कारण हम चीन से विकास की रफ्तार में बहुत पीछे छूट गए थे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है। सभी आयात एवं निर्यात संबंधी गणना को 'बैलेंस ऑफ पेमेंट' के नाम से जाना जाता है। इसमें दो तरह के खाते होते हैं। जिसमें से पहला 'कैपिटल अकाउंट' और दूसरा 'करंट अकाउंट' के नाम से जाना जाता है। 'कैपिटल अकाउंट' में वह सभी ट्रांजैक्शन (लेन-देन) दर्ज होते हैं जो कि किसी दीर्घकालिक संपत्ति (एसेट) या फिर उत्तरदायित्व (लायबिलिटी) से संबंध रखते हैं। उदाहरण स्वरुप कोई कर्ज लेना एक लायबिलिटी है। तो कोई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एसेट का निर्माण करता है। इसके इतर 'करंट अकाउंट' वह खाता है जहां दर्ज किए गए ट्रांजैक्शन किसी एसेट अथवा लायबिलिटी से संबंध नहीं रखते हैं। यह करंट अकाउंट दो भागों में विभाजित हो जाता है। पहला 'ट्रेड अकाउंट' जिसमें सभी वस्तुएं जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रोलियम, कृषि संबंधित उत्पाद आदि शामिल रहते हैं। तथा दूसरा 'इनविजिबल अकाउंट' जिसमें सेवाएं, लाभांश, दान, उपहार, ब्याज आदि को दर्ज किया जाता है।

यदि करंट अकाउंट के इन्हीं ट्रेड एवं इनविजिबल खातों का कुल योग ऋणात्मक होता है, तो इसे 'करंट अकाउंट डेफिसिट' बोला जाता है। यही करंट अकाउंट डेफिसिट भारत की लगभग स्थाई समस्या बन चुकी है। आसान शब्दों में इसे समझें तो भारत लंबे समय से आयात की अपेक्षा निर्यात कम कर रहा है। और हम विश्व मंच पर एक आयात प्रधान देश बन कर रह गए हैं। केंद्र सरकार इस क्षेत्र को गंभीरता से लेते हुए अपने दूरगामी लक्ष्य पर जिस प्रकार से कार्य कर रही है, उसी का परिणाम है कि हमारा करंट अकाउंट डिफिसिट कम होने की ओर अग्रसर है। भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत का चालू खाता घाटा अप्रैल-सितम्बर 2022 के 48.8 बिलियन डॉलर के मुकाबले आधे से अधिक घटकर वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 17.5 बिलियन डॉलर का हो गया है। परंतु इस घाटे से उबर कर 'सरप्लस अकाउंट' बनने में अभी समय लगेगा।

भारत के साथ अच्छी बात यह है कि साल दर साल हमारे चालू खाते का घाटा देश के कैपिटल अकाउंट के सरप्लस से बैलेंस हो जाता है। और इस तरह से भारत का फॉरेन एक्सचेंज रिज़र्व लगातार मजबूत होता रहता है। परंतु कैपिटल अकाउंट को मजबूती विदेशी निवेश तथा कर्ज से मिलती है और इसलिए बहुत हद तक इस पर वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक स्थितियों का नियंत्रण होता है। मंदी की चपेट में आते ही किसी देश का कैपिटल अकाउंट सरप्लस खत्म हो सकता है। ऐसी स्थिति में भारत के लिए अत्यंत आवश्यक खनिज तेल इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व प्राकृतिक गैस के आयात पर संकट उत्पन्न हो सकता है। और इस संकट का अर्थ है देश में गंभीर स्थितियां पैदा होना। साथ ही कैपिटल अकाउंट का मूल्यवर्धन होने का अर्थ लाभ ब्याज एवं डिविडेंड के रूप में पैसा बाहर जाना भी होता है। इसलिए कैपिटल अकाउंट के बढ़ने से यदि विदेशी मुद्रा कोष बढ़ रहा है, तो इसे स्वस्थ दृष्टिकोण नहीं माना जाना चाहिए। इसका अर्थ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला यह उपकरण भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। भारत का बड़ा ऊर्जा आयातक होना इस घाटे में बड़ा रोल अदा करता है।

## सोशल फोरम

# हर मजदूर का एक मालिक



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है?

हर मज़दूर का एक मालिक होता है। मालिक एक निश्चित तनख़्वाह के एवज में यह तय करता है कि मजदूर क्या करेगा, क्या नहीं करेगा, कब करेगा। मालिक खुद काम नहीं करता वो काम करवाता है। मालिक बात मनवाता है और मज़दूर बात मानता है। मालिक मन की बात करता है, मज़दूर सुनता है। मालिक की मर्ज़ी, चाहे जब उठे, चाहे जब सो जाए। जब मर्ज़ी हो मज़दूरों की तरफ देखे जब चाहे अनदेखा कर दे। पर मज़दूर को इस बाबत बुरा मानने का हक नहीं होता। पर ना मज़दूर की गति मालिक के बिना, और ना मालिक की हैसियत मज़दूरों के बिना। दोनों लड़े झगड़े या शांति से रहें, इन्हें साथ रहना ही होता है।

पर मालिक होता है चतुर। चतुर है इसीलिए मालिक है। बहुत बार वो मजदूर की तरफ़ मुस्कुरा कर निहार लेता है। पीठ थपथपा देता है, हाल चाल पूछ लेता है बच्चों के। मज़दूर इतने भर में निहाल हो जाते हैं और चतुर मालिक इसके एवज़ में मज़दूरों से वो सब भी करवा ले जाता है जिसे बेगार कहते हैं।

मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है? उसे क्या चाहिए। इसके बदले में मुस्कुराती है सभी को देखकर और यदा कदा पप्पियों से नवाजती है। मजदूर राजी हैं इस तनख़्वाह से और मजे की बात यह कि काम के घंटे तय न होने के बावजूद राजी हैं। चूंकि मालिक मिलनसार और खुशमिजाज है, इसलिए वो उसकी हर ख़्वाहिश को सिर माथे पर लेने के लिए तैयार बने रहते हैं। मालिक मज़दूर दोनों एक दूसरे से खुश हों ऐसी व्यवस्था अमूमन होती नहीं। पर हमारे घर में है। और इस व्यवस्था के चलते सब राजी खुशी हैं और अमन चैन कायम है।

-फेसबुक वॉल से

# ढंग से जीने की आजादी देता है संविधान



हफीज किदवई
लेखक

> इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुक़ूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है।

अगर कोई आपको पकड़ कर कहे कि चलो उठो, तुम्हें फ़लाने नेता को खून देना है। तो आप उसे किस अधिकार से मना कीजिएगा। यही नहीं अगर कोई अधिकारी कह दे कि आपकी किडनी निकालकर फ़लाने को लगा दी जाए। तो आपके पास ऐसी कौन सी ताक़त है, जो यह करने से रोकिए।

अच्छा अगर कोई कहे कि सुबह आपको नाश्ते में पोहा, दोपहर खाने में बाटी चोखा और रात को हल्का खाना ढोकला ही खाना है। इसके अतिरिक्त कुछ नहीं खाया जा सकता, पीने के केवल दो विकल्प हैं, सत्तू या फिर पानी, बाकी कोई सॉफ्ट ड्रिकन नहीं पी सकते हैं। तो ऐसा करने से मना करने की कौन सी ताक़त है आपके पास। अच्छा यह भी छोड़िए, अगर कोई आपसे कह दे कि आप सिर्फ फ़लाने तरीके की लड़की या लड़के से ही शादी कर सकते हैं। कोई दूसरे से नहीं, या फिर आप प्रेम सिर्फ अपने ही धर्म, मज़हब या फिर कॉलोनी में कर सकते हैं, तो वह कौन सी ताकत है, जिससे आप इस पाबंदी से निपटेंगे। मसला यह है कि आप जो रोजमर्रा की ज़िंदगी जीते हैं, अगर इसमें कोई अपना ज़बरन हस्तक्षेप करे, तो वह कौन सी ताक़त है, जो इसे रोकेगी।

जानते हैं यह ताकत क्या है। यह है हमारे देश का संविधान। इसमें लिखी हमारे अधिकार और कर्तव्यों की वह लाइन है, जो ऐसा हर काम करने से रोकती है यह है हमारी ताक़त। हमारे संविधान ने हमें दैहिक स्वतंत्रता दी है। इसलिए कोई भी,कभी भी, खड़ा होकर हमारी नसों से खून नहीं निकलवा सकता है, हमारी किडनी नहीं छीन सकता है, हमारी गाड़ी नहीं उठवा सकता है, हमारे खानों को सीमित नही कर सकता है, हमारे मनोरंजन पर पहरा नहीं बैठा सकता है।

लोग संविधान को केवल आरक्षण जैसे विषयों पर ही लाकर ख़त्म कर देते हैं। आरक्षण तो सिर्फ़ एक मामूली हिस्सा है, असली बात तो यह है कि हमारा संविधान, हमें, हमारे ढंग से जीने की आज़ादी देता है। अगर यह नहीं होगा, तो कोई भी ताकतवर आपको पकड़कर चार यूनिट खून ले लेगा और कोई अधिकार न होने पर, आप सिर्फ खून देंगे और रोएंगे। इसलिए ज़रूरी है संविधान, इसलिए ही बात हो रही है कि इसे बचा लो। आरक्षण के पन्ने से ज़्यादा यह बात महत्वपूर्ण है, जिसपर बात ही नहीं हो रही।

अभी वैक्सीन का तमाशा बाहर आया है। जानते हैं सुप्रीम अदालत में हुक़ूमत ने क्या कहा है कुछ रोज़ पहले, यही की उसने कभी भी वैक्सीन लगाना अनिवार्य नहीं किया था। यानि वैक्सीन वैकल्पिक थी। यह जानते हैं किस डर से कही गई बात है। संविधान का डर, क्योंकि वह ज़बरदस्ती से रोकता है। जबकि आपको पता है कि हर जगह पर वैक्सीन लगवाना अनिवार्य ही था मगर यह विभागीय स्तर पर हुआ था। हमारा संविधान इतना ही शक्तिशाली है कि उसमें हर कमज़ोर के लिए ताकत रखी गई है।

आपको हमेशा लगता होगा कि आप बड़े ताकतवर हैं। आपको संविधान की ज़रूरत ही क्या है। संविधान हमारी ज़िंदगी मे क्या ही रोल निभाता है। यह तो दलित और अल्पसंख्यक के लिए है। मगर जब कभी आप कमज़ोर पड़ते हैं, डॉक्टर के आगे, वकील के आगे, पुलिस के आगे, अधिकारी के आगे, दबंग के आगे, नेताओं के आगे,तब यही संविधान होता है, जो आपकी ताक़त बनकर इनका मुकाबला करता है। यह सिर्फ कुछ पन्नों की किताब नहीं है, इसकी अहमियत समझिए ।

यहां कोई यह नही कह सकता है कि फलानी कुर्सी पर सिर्फ काले रंग के लोग बैठेंगे। कोई यह नही कह सकता कि इस नल से केवल गोरे लोग पानी पिएंगे। यहां केवल छोटे कद के लोगों का इलाज होगा। यहां सिर्फ लंबे कद के लोगों की सुनवाई होगा। यहां हमारा संविधान हमें रंग, कद, वज़न, लिंग, धर्म, जाति, वर्ग से बराबर करता है और कुछ लोग कहते हैं मसला केवल आरक्षण है।

ज़रा ग़ौर कीजिये। संविधान नहीं रहेगा, तो सिर्फ आरक्षण ही नहीं जाएगा, बहुत कुछ जाएगा और नया क्या आएगा, आपको और हमें नहीं पता। इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुक़ूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है। इस बात की गंभीरता को समझिए। देश के संविधान का सम्मान कीजिए।

# बिहार: सनातन और कानून तार तार



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय देश में सनातन धर्म और संस्कृति की झंडाबरदार भाजपा सरकार है। बिहार में कुछ दिन पहले तो उसके मुखिया नीतीशकुमार कथित 'सेकुलर' पाले में थे और विशेष अवसरों पर पल्लेदार मुस्लिम टोपी भी लगा लेते थे, किंतु अब, जैसा कि वे कहते हैं, उनका स्थायी हृदय परिवर्तन हो गया है और वे भाजपाई खेमें में ही हमेशा रहेंगे। ऐसे में बिहार को भी भगवा मान लेना समीचीन होगा। वहां भाजपा का सत्ता में साझा है और उसके दो उप मुख्यमंत्री भी हैं। ऐसा होते हुए भी वहां हो रही घटनाएं विचलित कर देने वाली हैं, क्योंकि उनसे सनातन धर्म सांसें तोड़ रहा है और कानून की धज्जियां उड़ रही हैं। यहां के बांका जिले के सदर थाना क्षेत्रांतर्गत हिरमोती गांव में एक दामाद का अपनी सास से विवाह संपन्न हो गया। सिकंदर यादव का विवाह ढाई दशक पहले दिलेश्वर और गीता दंपति की बेटी के साथ हुआ था, जो दो बच्चों को जन्म देने के बाद परलोक सिधार गई। सिकंदर ने अन्यत्र शादी कर ली, लेकिन पटी उससे भी नहीं और तलाक़ हो गया। इस बीच सिकंदर का पहले वाली ससुराल आना जाना बना रहा और 45 वर्षीय सास गीता से प्रेम हो गया। प्रेम उभय पक्षीय था। बात बढ़ी और एक दिन ससुर ने दोनों को गलत हालत में देख लिया। पंचायत बुलाई गई। दोनों की पेशी हुई। दोनों ने परस्पर प्रेम प्रसंग को स्वीकारा। तब ससुर सहित सबने दोनों के विवाह का निर्णय लिया। लोग बुलाए गये और डंके की चोट पर दामाद ने सास की मांग में सिंदूर डाला और विदा कराकर अपने घर ले गया। यही नहीं, इस विवाह का प्रशासन तंत्र में पंजीकरण भी हुआ। क्षेत्र में खूब चर्चा हुई।

सनातन धर्म के सिद्धांतों और लोकमान्य संस्कृति के अनुसार यह विवाह घृणास्पद और गर्हित है। सास धर्म-माता होती है। अंग्रेज भी इसे 'मदर-इन-ला' कहते हैं, यानी विधानतः माता। तथ्य यह भी है कि कानून भी ऐसे विवाह की अनुमति नहीं देता। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 5 को धारा 11 के साथ पढ़ने पर स्थिति साफ हो जाती है। कुछ रिश्तों में शादियां वर्जित हैं, जैसे मां बेटा, भाई बहन, ससुर बहू आदि इनमें सास और दामाद भी है। इसके अलावा जिन दो का विवाह हो रहा हो, यदि उनमें किसी का जीवन साथी जिंदा है, तो बिना तलाक़ हुए विवाह नहीं हो सकता। ज्ञातव्य है यह विवाह अवैध होने के कारण धारा 494 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत 7 वर्ष की सजा से दंडनीय है।

बिहार के सनातन धर्म के ध्वज वाहक कहां हैं? इन दिनों भाजपा 'मंगलसूत्र' को भी चुनावी मुद्दा बना रही है। तो क्या 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मोदी-नीतीश एक एक महिला को दो दो मंगल सूत्रों से सज्जित कर देंगे? यानी जीवित पतियों वाली नारियों के अमर्यादित विवाह होने देंगे?

## वोटों के बंटवारे और ध्रुवीकरण से

# खिल सकता कमल

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। पश्चिम बंगाल में सात मई को तीसरे चरण में मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद लोकसभा सीट पर वोट डाले जाएंगे। इससे पहले राज्य में पहले चरण में कूच बिहार अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी तथा दूसरे चरण में दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट में मतदान हो चुका है। तीसरे चरण के चुनाव वाला पूरा इलाका आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा है। यहां के नौजवानों को काम की तलाश में कोलकाता जाना पड़ता है, तो बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने दूसरे राज्य भी जाते हैं। जाहिर है कि गरीबी और बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। मालदा और मुर्शिदाबाद दोनों जिलों में गंदगी और जाम की समस्या भी विकराल है। गंगा नदी मालदा से होकर मुर्शिदाबाद में प्रवेश करती है। यह डेल्टा क्षेत्र है, जिसके कारण नदी तट कटाव भी बड़ी समस्या है। गंगा की कटान में पिछले कुछ वर्षों में कई सौ गांव समा चुके हैं और हजारों लोग विस्थापित होकर बेघर हैं। इस बार भी सभी राजनीतिक दल और उनके नेता पिछले चुनावों की ही तरह नदी कटाव से प्रभावित लोगों को आश्वासन दे रहे हैं कि चुनाव बाद ठोस कदम उठाए जाएंगे। सीएए मुद्दे की गूंज भी यहां कम नहीं है। तृणमूल कांग्रेस नेता कह रहे है कि सीएए का असल उद्देश्य मुसलमानों को शिविरों में भेजना है। तृणमूल ने सीएए-एनआरसी के मुद्दे पर 2021 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी।

### पं. बंगाल : मोदी बनाम ममता के बीच चुनाव

**तीसरा चरण - 04 सीटें**

पिछला परिणाम

- टीएमसी 02
- भाजपा 01
- कांग्रेस 01



## टीएमसी, कांग्रेस और माकपा में मुस्लिम मतों के लिए घमासान, भाजपा कर रही जबरदस्त प्रचार

मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद लोकसभा सीटों पर मुस्लिमों की आबादी ठीक-ठाक है, यही वजह है कि तृणमूल, वामपंथी और कांग्रेस में मुस्लिम समुदाय का समर्थन हासिल करने की होड़ है। ऐसे में भाजपा की उम्मीद मुस्लिम वोटों के विभाजन और मतदाताओं के ध्रुवीकरण पर टिकी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन चार सीटों में भाजपा ने मालदा उत्तर का चुनाव जीता था। कांग्रेस मालदा दक्षिण में विजयी रही थी, जबकि तृणमूल को जंगीपुर और मुर्शिदाबाद में सफलता मिली थी। इस बार भाजपा ने चारों सीटों पर जोरदार प्रचार अभियान छेड़ रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने मालदा में चुनाव प्रचार किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुर्शिदाबाद में रैलियां की हैं, तो तृणमूल की तरफ से ममता बनर्जी और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी लगातार सक्रिय हैं। कांग्रेस जरूर प्रचार के मामले में थोड़ी पीछे नजर आ रही है।

## मालदा उत्तर : मुस्लिम वोट बंटने से भाजपा 2019 में पहली बार जीती, इस बार भी जीत का समीकरण वही

भाजपा नेता खगेन मुर्मू मालदा उत्तर से सांसद हैं। पार्टी ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा है। खगेन मूर्मू का इस बार मुकाबला पूर्व आईपीएस अधिकारी टीएमसी प्रत्याशी प्रसून बनर्जी से है। कांग्रेस ने यहां मुश्ताक आलम पर दांव लगाया है। कांग्रेस के इस बार मालदा दक्षिण से प्रत्याशी ईसा खान चौधरी 2019 के लोकसभा चुनाव में मालदा उत्तर से चुनाव लड़े थे, लेकिन जीत नहीं पाए थे। तृणमूल कांग्रेस ने उनकी फुफेरी बहन मौसम बेनजीर नूर को मैदान में उतार दिया था। आपस की लड़ाई और मुस्लिम वोट बंटने से दोनों को हार मिली थी और भाजपा ने पहली बार इस सीट पर कमल खिला दिया था।




### मालदा दक्षिण : पिछली बार मामूली अंतर से हारी भाजपा इस बार कांग्रेस के गढ़ में सेंध लगाने के प्रयास में

- भाजपा की श्रीरूपा मित्रा इस बार यह सीट जीतने में पूरा जोर लगाए हैं। पिछली बार वह आठ हजार वोटों के मामूली अंतर से कांग्रेस अबू हासेम खान चौधरी से हार गई थीं। टीएमसी ने यहां शाहनावाज़ अली रेहान को मैदान में उतारा है, तो कांग्रेस ने अपने मौजूदा सांसद की उम्र देखते हुए उनके पुत्र ईशा खान चौधरी पर दांव लगाया है, जो अपनी पारिवारिक विरासत को बनाए रखने के लिए जूझ रहे हैं। यह सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। लेकिन इस बार संघर्ष त्रिकोणीय दिख रहा है। ईशा खान चौधरी के पिता अबू हासेम खान चौधरी पिछले तीन चुनाव से इस सीट पर जीत रहे थे। इससे पहले उनके चाचा स्व. एबीए गनी खान चौधरी कई बार सांसद चुने गए थे। कांग्रेस प्रत्याशी ईशा खान चौधरी इस लोकसभा क्षेत्र की वैष्णवनगर और सूजापुर सीट से विधायक रह चुके हैं। लेकिन 2021 के विधानसभा चुनाव में वह सूजापुर विधानसभा सीट पर तृणमूल कांग्रेस से हार गए थे।

**2019 का वोट शेयर**

| 35% | 34% | 27% |
|---|---|---|
| कांग्रेस | भाजपा | टीएमसी |

### भाजपा ने झोंकी ताकत मोदी की फिर सभाएं

तीसरे चरण के चुनाव के साथ राज्य में चौथे और पांचवे चरण के मतदान का माहौल अपने पक्ष में बनाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं। एक दिन पहले उन्होंने मालदा में जोश भरा था। अब अगले दो दिनों में उनकी फिर राज्य में रैलियां हो सकती हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के दौरे के बाद असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा भी सभाएं करने आएंगे।

### मुर्शिदाबाद : त्रिकोणीय मुकाबले में चौंकाने वाले परिणाम के कयास

मुर्शिदाबाद सीट पर सीपीआई-एम (माकपा) के राज्य सचिव और तेजतर्रार नेता मोहम्मद सलीम, तृणमूल कांग्रेस से मौजूदा सांसद अबू ताहेर खान और भाजपा के गौरी शंकर घोष के बीच तिकोना मुकाबला हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी मुर्शिदाबाद विधानसभा सीट से 2021 में विधायक चुने गए थे, पार्टी ने लोकसभा का टिकट देकर मैदान में उतारा है। सीपीआई-एम का इस सीट पर 1980 से 1999 तक लाल झंडा फहराता रहा है। कांग्रेस ने 2004 और 2009 में जीत हासिल की थी, लेकिन सीपीआई-एम के बद्दरुद्दोज़ा खान ने 2014 में सीट वापस छीन ली थी। 2019 में तृणमूल के अबू ताहेर खान ने जीत हासिल की थी। मुर्शिदाबाद में रामनवमी जुलूस के दौरान हिंसा हुई थी। यहां वोटों का ध्रुवीकरण होने की आशंका जताई जा रही है, लोग मान रहे हैं कि परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं।

**2019 का वोट शेयर**

| दल | वोट शेयर |
|---|---|
| टीएमसी | 41 % |
| कांग्रेस | 26 % |
| भाजपा | 17 % |
| माकपा | 13 % |

### जंगीपुर : प्रणब दा के बेटे मैदान में नहीं, टीएमसी दूसरी जीत की कोशिश में

जंगीपुर को बीड़ी उद्योग के लिए जाना जाता है। लोकसभा सीट से दिगग्ज कांग्रेस नेता पूर्व राष्ट्रपति स्व. प्रणब मुखर्जी ने 2004 और 2009 में चुनाव लड़कर जीता था। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 2012 में हुए उपचुनाव में उनके बेटे अभिजीत मुखर्जी यहां से सांसद चुने गए। 2014 की मोदी लहर में भी अभिजीत यहां से चुनाव जीते थे। 2019 में टीएमसी के उम्मीदवार बीड़ी कारोबारी खलीलुर्रहमान यहां से विजयी हुए थे। उन्होंने भाजपा की माफूजा खातून को तीन लाख से ज्यादा वोटों से शिकस्त दी थी। अभिजीत को ढाई लाख से ज्यादा वोट मिले थे पर वह तीसरे स्थान पर पिछड़ गए थे। इस बार खलीलुर्रहमान फिर टीएमसी से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने भाजपा ने संगठन से जुड़े नेता धनंजय घोष को मैदान में उतार है, जबकि कांग्रेस ने अभिजीत मुखर्जी के स्थान पर मुर्तजा हुसैन पर दांव लगाया है।

**2019 का वोट शेयर**

| दल | वोट शेयर |
|---|---|
| टीएमसी | 43 % |
| कांग्रेस | 24% |
| भाजपा | 20 % |
| माकपा | 7 % |

# एनडीए के लिए साख और राजद की नाक का सवाल

**बिहार तीसरा चरण 05 सीटें**

2019 का परिणाम

- एनडीए 05
- इंडिया गठबंधन 00

चुनाव डेस्क



अमृत विचार। बिहार में सात मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में पांच सीटों मधेपुरा, झंझारपुर, सुपौल, अररिया और खगड़िया में वोट डाले जाएंगे। यहां एनडीए और इंडिया गठबंधन ने प्रचार मे अपनी ताकत झोंक रखी है। इन सभी पांच सीटों पर 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने जीत हासिल की थी। ऐसे में इस बार के चुनाव में एनडीए के सामने जहां इन सीटों पर कब्जा बनाए रखने की चुनौती है, वहीं इंडिया गठबंधन में खासतौर पर राजद जिसका पिछले लोकसभा चुनाव में खाता ही नहीं खुला था, इस बार कुछ सीटें छीनने की लड़ाई लड़ता नजर आ रहा है।

एनडीए में जदयू को तीसरे चरण में पांच में तीन वह सीटें मिली हैं, जिस पर उसके सांसद हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस सीटों पर अपने मौजूदा सांसदों को ही चुनाव मैदान में उतारा है। इस चरण में भाजपा और लोजपा (चिराग पासवान) ने एक-एक सीट पर प्रत्याशी उतारे हैं।

इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन में राजद तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। एक-एक सीट पर विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का उम्मीदवार मैदान में है। इंडिया गठबंधन से चुनावी अभियान में अगुवा तेजस्वी यादव का साथ केवल मुकेश सहनी देते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस और वाम दलों के बड़े नेताओं के दौरे, रैली, रोड शो कुछ भी नहीं हुआ है। बिहार में राहुल गांधी की अब तक केवल एक सभा हो पाई है। इसके मुकाबले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच जनसभाएं कर चुके हैं। दो और रैलियों के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गृह मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक पूरी ताकत लगाए हैं। इस तरह प्रचार में इंडिया गठबंधन पीछे नजर आ रहा है। लेंकिन पांचों सीटों पर यादव और मुस्लिम समीकरण लड़ाई दिलचस्प भी बना रहा है।

### मधेपुरा : जनता यहां यादव सांसद ही चुनती, इस बार मुकाबला बराबरी का

मधेपुरा तीसरे चरण की सबसे चर्चित सीट है। यहां से राजद प्रमुख लालू यादव, शरद यादव और पप्पू यादव चुनाव लड़ चुके हैं। यहां यादव मतदाता ही जीत-हार तय करते आए हैं। 2019 में इस सीट पर जदयू के दिनेश चंद्र यादव जीते थे। 2014 में राजद के टिकट पर पप्पू यादव जीते थे। इस बार जदयू ने मौजूदा सांसद दिनेश चंद्र यादव पर भरोसा जता है, तो राजद ने प्रो. कुमार चंद्रदीप को मैदान में उतारा है। 1998 के बाद से इस सीट पर तीन बार जदयू और तीन बार राजद ने जीत हासिल की है। दिलचस्प बात यह है कि यहां से अभी तक यादव जाति से ही सांसद चुने गए हैं। लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में चार पर जदयू और एक-एक पर भाजपा व राजद का विधायक है।

**2019 में पप्पू यादव को दिया नाकार**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | दिनेश चंद्र यादव | 6,24,334 | 54.41 |
| राजद | शरद यादव | 3,22,807 | 28.14 |
| जेएपी | पप्पू यादव | 97,631 | 3.35 |

### झंझारपुर : बसपा की चुनौती से त्रिकोणीय संघर्ष होने के आसार

झंझारपुर में जदयू ने मौजूदा सांसद रामप्रीत मंडल को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की ओर से मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सुमन कुमार महासेठ चुनावी रण में ताल ठोंक रहे हैं। सुमन महासेठ पूर्व विधान पार्षद सदस्य हैं। विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं लेकिन लोकसभा का चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं। यहां मुकाबला त्रिकोणात्मक बनाने को लेकर बसपा के गुलाब यादव पूरा जोर लगाए हैं। पिछले चुनाव में जदयू के रामप्रीत मंडल ने राजद के गुलाब यादव को हराया था। माना जाता है कि यहां की राजनीति पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के सांसद ही करते रहे हैं। 2019 में रामप्रीत मंडल ने राजद के गुलाब यादव को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराया था। 2014 में यहां पहली बार भाजपा जीती थी।

**2019 में बहुत पीछे था राजद उम्मीदवार**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | रामप्रीत मंडल | 6,02,391 | 56.80 |
| राजद | गुलाब यादव | 2,79,440 | 27.10 |

### सुपौल : अति पिछड़ा ही इस सीट पर तय करेंगे जीत और हार

सुपौल लोकसभा सीट पर सामान्य वर्ग के वोटरों का दबदबा रहता है। राजद ने अनुसूचित जाति के चंद्रहास चौपाल को यहां उम्मीदवार बनाया है, उनकी लड़ाई जदयू के दिलेश्वर कामत से है जो अति पिछड़ा समाज से आते हैं। अब दोनों उम्मीदवार में सामान्य वर्ग के वोट अपने पाले में जंग की छिड़ी है। मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। सुपौल में अति पिछड़ा वोटरों की संख्या 40 प्रतिशत से ज्यादा मानी जाती है, जो चुनाव में जीत-हार तय करते हैं। यहां से 2014 में कांग्रेस की रंजीत रंजन जीती थीं और 2019 में चुनाव हार गई थीं।

**2019 में अति पिछड़ा वर्ग ने दिलाई जीत**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| जदयू | दिलेश्वर कामत | 5,97,377 | 53.78 |
| कांग्रेस | रंजीत रंजन | 3,30,524 | 30.00 |

**2014** में कांग्रेस की रंजीत रंजन यहां जीती थीं चुनाव

**2019** में जदयू के दिलेश्वर कामत ने दी थी रंजीत रंजन को मात

### खगड़िया : लोजपा को बाहरी उम्मीदवार उतारना पड़ सकता भारी

इंडिया गठबंधन में माकपा को खगड़िया सीट मिली है। माकपा ने यहां से संजय कुमार को उतारा है। बसपा ने डॉ. रवि कुमार पर दांव लगाया है। एनडीए में यह सीट चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) को मिली है। पिछले दो चुनाव से लोजपा यहां जीत रही है। लोजपा ने राजेश वर्मा पर दांव लगाया है। राजेश वर्मा भागलपुर से आते हैं। इस कारण 'बाहरी उम्मीदवार' की चुनौती से निपटना पड़ रहा है। इस सीट से लोजपा के महबूब अली कैसर 2014 और 2019 में जीते थे। कहा जाता है कि यहां पिछड़े और अति पिछड़े चुनावी परिणाम प्रभावित करते रहे हैं। यादव बड़ी संख्या में हैं, पर राजद को सिर्फ एक बार ही जीत मिली है। राजद ने लोजपा के सांसद महबूब अली कैसर को शामिल करके लोजपा को बड़ा झटका दिया है।

**2019 में मुकेश सहनी रह गए बहुत पीछे**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| लोजपा | चौ. महबूब अली | 5,10,193 | 52.8 |
| वीआईपी | मुकेश सहनी | 2,61,623 | 27.10 |

### अररिया : भाजपा सीट बचाने में जुटी राजद की राह भी नहीं आसान

- अररिया लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रदीप कुमार सिंह को फिर चुनावी मैदान में उतारा है। राजद ने शाहनवाज आलम को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के पास जहां अररिया में अपनी साख बचाने की चुनौती है, वहीं राजद की राह आसान नहीं दिख रही है। शाहनवाज पूर्व केंद्रीय मंत्री व मो. तस्लीमुद्दीन के पुत्र हैं। 2018 में तसलीमुद्दीन के निधन के बाद हुए उपचुनाव में राजद के सरफराज आलम और भाजपा-जेडीयू के प्रदीप सिंह में मुकाबला हुआ था। इसमें राजद प्रत्याशी को जीत मिली थी। लेकिन 2019 में भारतीय जनता पार्टी के प्रदीप सिंह ने बाजी मारी थी। उन्होंने राजद के उम्मीदवार सरफराज आलम को करीब एक लाख 37 हजार मतों से हरा दिया था।

**2019 में राजद ने खो दी थी यह सीट**

| दल | उम्मीदवार | प्राप्त मत | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | प्रदीप कुमार सिंह | 6,18,434 | 52.87 |
| राजद | सरफराज आलम | 4,81,193 | 41.14 |

# शिवसेना उद्धव को यहां मिली राकांपा से चुनौती

चुनाव डेस्क



उद्धव बालासाहेब ठाकरे।

अमृत विचार । महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित उस्मानाबाद को अब धाराशिव नाम से जाना जाता है। हालांकि लोकसभा क्षेत्र का नाम अभी उस्मानाबाद ही है। उस्मानाबाद लोकसभा सीट पर कभी एक-दूसरे के सहयोगी रहे शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजित पवार के बीच मुकाबला होगा। शिवसेना (उद्धव) ने इस सीट से मौजूदा सांसद ओमप्रकाश राजेनिम्बालकर को राकांपा प्रत्याशी अर्चना पाटिल के खिलाफ मैदान में उतारा है। अर्चना पाटिल का यह पहला चुनाव है। बसपा ने संजय भागवत बाघमारे को टिकट दिया है। एआईएमआईएम से सिद्दीक इब्राहिम बाउदीवाले प्रत्याशी हैं।

उस्मानाबाद लोकसभा सीट पर 1952 से 1996 तक कांग्रेस का एकछत्र राज रहा। लेकिन कोई प्रत्याशी दोबारा नहीं चुना गया, कांग्रेस ने हर बार नया चेहरा दिया। 1984 से 1996 तक लगातार तीन बार कांग्रेस के टिकट से अरविंद कांबले सांसद बने। 2009 में एनसीपी के टिकट पर पद्मसिन्हा पाटील चुने गए थे। 2019 के चुनाव में इस सीट से शिवसेना के प्रत्याशी ओमप्रकाश भुपाल सिंह राजेनिम्बालकर को जीत मिली थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस के राणा जगजित सिंह दूसरे नंबर पर रहे थे।

उस्मानाबाद सीट पर सात मई को मतदान होगा। इस सीट के अंतर्गत उस्मानाबाद, तुलजापुर, ओमेरगा, लोहारा, कलांब, भूम, परांडा और वाशी विधानसभा सीटें आती हैं। शिवसेना (यूबीटी) नेता के अनुसार राजेनिम्बालकर लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं को सुनकर उनका हल निकालते हैं, जिससे वह लोगों के प्रिय बन गए हैं। राजेनिम्बालकर का कहना है कि उनके पास चीनी कारखाने या कॉलेज नहीं हैं, इसलिए उनका समय पूरी तरह से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए समर्पित है। पिछले चुनाव में हम (अविभाजित शिवसेना) भाजपा के साथ थे, इसलिए उन्हें लगता है कि मैं मोदी लहर के कारण जीता, लेकिन इन पांच सालों में मैंने लोगों के लिए काम किया है।

राजेनिम्बालकर के मुकाबले में उतरीं राकांपा अजित पवार की अर्चना पाटिल राकांपा से भाजपा में गए तुलजापुर के विधायक राणा जगजीतसिंह पाटिल की पत्नी हैं। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और भाजपा का महायुति गठबंधन उन्हें जिताने के लिए एकजुट है।

अर्चना पाटिल का कहना है कि एक महिला यहां से चुनाव लड़ रही है और यह लोकसभा सीट देवी तुलजा भवानी का घर भी है। महायुति महिलाओं का सम्मान करती है। महिलाएं बड़ी संख्या में उनके लिए मतदान करने आएंगी




**समर्थन करें**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कोडरमा में पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

## इस सीट पर दूसरे चरण में पड़ने थे वोट, बसपा प्रत्याशी के निधन सेअब सात मई को तीसरे चरण में होगा मतदान

# हैंडक्रॉफ्ट की नगरी में कांग्रेस को वनवास के खात्मे का इंतजार

**बैतूल संसदीय सीट**

दिग्विजय सिंह

### 2019 में रामू टेकाम को मिली करारी हार

कांग्रेस ने 2019 में भी रामू टेकाम को उम्मीदवार बनाया था तब भाजपा के दुर्गा दास उइके ने उन्हें बड़े अंतर से हराया था। इस चुनाव में बसपा अशोक भलावी तीसरे नंबर में थे। हालांकि बसपा ने उनके निधन के बाद उनके बेटे अर्जुन भलावी को इस चुनाव में मैदान में उतार दिया है। अुर्जन भलावी लगातार पिता की समाजसेवा के सहारे वोट मांग रहे हैं। जबकि भाजपा मोदी की गारंटी के सहारे है तो कांग्रेस लोगों को यही बताने में जुटी है कि अगर भाजपा आई तो संविधान खत्म कर देगी। पांच गारंटी के बारे में भी लोगों को बताकर रामू टेकाम द्वारा वोट मांगने की कोशिश की जा रही है।

- भाजपा ने वर्तमान सांसद दुर्गा दास उइके पर दोबारा जताया है अपना विश्वास
- कांग्रेस से रामू टेकाम दे रहे टक्कर, बसपा ने प्रत्याशी के निधन के बाद पुत्र को उतारा

### विधान सभा चुनाव में क्लीन स्वीप नहीं कर पाई भाजपा

विधानसभा की यहां आठ सीटें हैं। भाजपा की कोशिश थी कि सभी सीटों को जीत लिया जाए, लेकिन दो सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार जीतने में कामयाब हो गए थे। विधानसभा चुनाव परिणाम पर भी गौर करें तो यहां भाजपा का पलड़ा भारी है।

**अमृत विचार।** ग्रीन सिटी के नाम से प्रसिद्ध और हैंडक्राफ्ट उत्पादों के लिए भारत में अलग पहचान रखने वाली बैतूल संसदीय सीट पर कांग्रेस 1996 से वनवास काट रही है। इस सीट से कांग्रेस के अंतिम सांसद प्रसिद्ध हाकी खिलाड़ी असलम शेर खान थे। उन्होंने 1991 में यहां राम लहर के बावजूद जीत दर्ज की थी। इसके बाद यहां के मतदाताओं को भगवा रंग ऐसा भाया कि वे कांग्रेस के हाथ के साथ जाने से परहेज करते रहे। कांग्रेस ने इस बार रामू टेकाम को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने अपने सांसद दुर्गा दास उइके पर दांव लगा दिया है। बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए अर्जुन भलावी के साथ समर में उतरी है। इस सीट पर बसपा ने पहले उनके पिता को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन नामांकन के बाद उनका निधन हो गया था। इस कारण दूसरे चरण में होने वाला मतदान चुनाव आयोग ने रोक दिया था। अब यहां तीसरे चरण में सात मई को वोट डाले जाएंगे।

1952 में जब पहला चुनाव हुआ था तब कांग्रेस के भीकूलाल चांडक जीते थे। इसके बाद पार्टी के नरेंद्र कुमार साल्वे लगातार दो बार सांसद चुने गए। जब 1977 में चुनाव हुआ तो इस सीट को जनता पार्टी ने कांग्रेस से छीन लिया। जब 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने यहां से मुस्लिम चेहरे के रूप में गुफरान आजम को मैदान में उतार दिया। उन्होंने न सिर्फ इस सीट को कांग्रेस की झोली में डाल दी बल्कि पार्टी अगला चुनाव जब 1984 में लड़ी तो फिर उसे यहां से जीत मिली हालांकि तब कांग्रेस का चेहरा गुफरान नहीं बल्कि असलम शेर खान थे। 1989 में जब अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर आंदोलन शुरू हुआ तो कांग्रेस के लिए इस सीट पर जीतना मुश्किल हो गया। ऐसी लहर आई की भाजपा के आरिफ बेग ने कांग्रेस के हराया। हालांकि 1991 में राम मंदिर निर्माण आंदोलन की लहर होने के बाद भी भाजपा को यह सीट गंवानी पड़ी थी। तब असलम शेर खान फिर यहां से जीते। यह कांग्रेस के लिए जीत वाला अंतिम चुनाव था। 1996 से लगातार कांग्रेस इस सीट पर हार रही है।

इस सीट पर कांग्रेस हर बार चक्रव्यूह बनाती है लेकिन भाजपा उसे भेद देती है। 1996 में भाजपा के विजय खंडेलवाल जीते थे। उन्होंने इस सीट पर 1998, 1999 और 2004 में भी भाजपा की झोली में डाला। 2008 में उप चुनाव हुआ तो हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा को जीत दिलाई। इसी साल परिसीमन बदला और यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गई। फिर कांग्रेस ने तगड़ी व्यूह रचना की लेकिन उसका कोई भी दांव काम नहीं आया।



बदायूं लोकसभा सीट

# सपा को अपने ही गढ़ में मिल रही है बड़ी चुनौती

भाजपा तीसरी बार मैदान जीतने के लिए लगा रही पुरजोर ताकत, बसपा अभी तक नहीं खोल सकी खाता इस बार दिया है मुस्लिम प्रत्याशी

**6.5** लाख मुस्लिम-यादव मतदाता सपा का मजबूत वोट बैंक

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं

**अमृत विचार :** सपा का गढ़ कही जाने वाली बदायूं लोकसभा सीट 2019 में भाजपा की झोली में आई थी। इससे पहले 1991 में चिन्मयानंद भाजपा से जीते थे। इसके अलावा भाजपा को बदायूं सीट पर कभी जीत नसीब नहीं हुई है। इस बार के चुनाव में पार्टी तीसरी बार मजबूती से चुनौती दे रही है। संसदीय क्षेत्र के लगभग साढ़े छह लाख यादव व मुस्लिम वोटों को सपा अपने पक्ष में मानती है। इसके मुकाबले भाजपा उम्मीदवार केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं गिनाकर हर वर्ग को अपने पक्ष में करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। बसपा प्रत्याशी ने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा के बाद प्रचार तेज कर दिया है। वह सपा के मुस्लिम फैक्टर को प्रभावित कर रहे हैं, जिसे भाजपा अपने लिए जीत का समीकरण मान रही है। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य स्थानीय हैं। वह विकास क्षेत्र समरेर के गांव ब्राह्मपुर के निवासी हैं। उनका क्षेत्र से अच्छा जुड़ाव है। वह स्थानीय भाषा में संबोधित करके लोगों को अपना बना रहे हैं। इसके अलावा भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने के बाद वह कई बार जिले में आए। वहीं सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव यहां से पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें क्षेत्र के लोगों से ही यहां की जानकारी मिल रही है। ऐसे में वह पिता के अनुभव से लोगों को साध रहे हैं। बसपा प्रत्याशी मुस्लिम खां विधायक रह चुके हैं। मुसलमानों में उनकी पकड़ अच्छी है।

### स्वामी चिन्मयानंद भी रह चुके हैं सांसद

- बदायूं लोकसभा सीट पर अब तक 17 चुनाव हुए हैं। 1991 के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी स्वामी चिन्मयानंद ने जीत हासिल की। इसके बाद 2014 तक लगातार सपा का कब्जा रहा। 2019 में भी सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने 492898 वोट लेकर अच्छी टक्कर दी लेकिन वह 511352 वोट पाने वाली भाजपा प्रत्याशी डॉ. संघमित्रा मौर्य से हार गए। बदायूं सीट पर बसपा अभी तक खाता नहीं खोल सकी है।
- बदायूं लोकसभा क्षेत्र में यादव मतदाता 3 .50 लाख और मुस्लिम मतदाता 3 लाख माने जाते हैं। सपा को इसी यादव और मुस्लिम वोट से आस है। इनकी सबसे ज्यादा संख्या गुन्नौर और सहसवान विधानसभा में हैं। जिसके चलते सपा और भाजपा की इन विधानसभा क्षेत्रों में ज्यादा नुक्कड़ सभाएं हुई हैं। बसपा प्रमुख मायावती भी जनसभा कर चुकी हैं।

### विधानसभा वार मतदाता

| | |
|---|---|
| बिसौली | 429943 |
| सहसवान | 425200 |
| बिल्सी | 356006 |
| बदायूं | 379964 |
| गुन्नौर | 413591 |



**02** लाख मौर्य जाति के मतदाता भी इस सीट पर निर्णायक भूमिका में होते हैं

### मंडल में मुस्लिम प्रत्याशी न होने पर बदल सकता है समीकरण

- मुसलमान और यादवों को अपना बताने वाली सपा ने एक भी मुस्लिम प्रत्याशी नहीं उतारा है। जिससे सपा का जातीय समीकरण गड़बड़ा सकता है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव व पांच बार के सांसद सलीम इकबाल शेरवानी और राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा ने इसे लेकर खिलाफत भी की थी। दोनों नेताओं ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। सपा मुखिया ने आबिद का इस्तीफा नामंजूर कर दिया था। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह की जिले में आमद हुई तो सबसे पहले उन्होंने नाराज नेताओं को पकड़ा। दोनों नेताओं से अपने बेटे के कार्यालय का उद्घाटन कराया। इसके अलावा सपा से नाराज चल रहे अन्य मुस्लिम नेताओं को मना रहे हैं।

### जातीय समीकरण अनुमानित

| | |
|---|---|
| यादव | 3 .50 लाख |
| मुस्लिम | 3 लाख |
| मौर्य | 2 लाख |
| दलित | 1.8 लाख |
| क्षत्रिय | 1.3 लाख |
| वैश्य | 1.4 लाख |
| ब्राह्मण | 1.6 लाख |
| लोध राजपूत | 75 हजार |
| कश्यप | 55 हजार |
| साहू | 50 हजार |
| पाल | 40 हजार |
| अन्य | 3 लाख |



दुर्विजय सिंह शाक्य, भाजपा प्रत्याशी।



मुस्लिम खां बसपा प्रत्याशी।



आदित्य यादव सपा प्रत्याशी।

### 17 चुनाव में छह बार सपा दो बार भाजपा की हुई जीत

- 1951 – बदन सिंह , कांग्रेस
- 1957 – रघुवीर सहाय, कांग्रेस
- 1962 – ओंकार सिंह, बीजेएस
- 1967 – ओंकार सिंह, बीजेएस
- 1971 – करन सिंह, कांग्रेस
- 1977 – ओंकार सिंह, लोकदल
- 1980 – असरार अहमद, कांग्रेस
- 1984 – सलीम इकबाल शेरवानी, कांग्रेस
- 1989 – शरद यादव, जनता दल
- 1991 – चिन्मयानंद, भाजपा
- 1996 – सलीम इकबाल शेरवानी,सपा
- 1998 – सलीम इकबाल शेरवानी, सपा
- 1999 – सलीम इकबाल शेरवानी, सपा
- 2004 – सलीम इकबाल शेरवानी, सपा

### सहसवान और गुन्नौर के वोटरों में सेंधमारी की कोशिश

- सपा बदायूं सीट पर जिले की सहसवान विधानसभा क्षेत्र और जिला संभल के गुन्नौर से जीतती आई है। इस बार भी सपा को पूरी उम्मीद है कि इन क्षेत्रों में उसका परचम लहराएगा। वहीं भाजपा इन सीटों पर सेंधमारी की कोशिश कर रही है। पूर्व मंत्री अजीत यादव उर्फ राजू की मां व गुन्नौर की दो बार की विधायक पुष्पा यादव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में भाजपा प्रत्याशी को जिताने का आह्वान कर चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि यादवों गुमराह मत होना। शिवपाल सिंह यादव के घर के व्यक्ति को वोट मत देना।

### 2009 में कौन जीता

| | | |
|---|---|---|
| धर्मेंद्र यादव | सपा | 2,33,744 |
| डीपी यादव | बसपा | 2,01,202 |

### 2014 का परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| धर्मेंद्र यादव | सपा | 4,98,378 |
| वागीश पाठक | भाजपा | 3,32,031 |



# रॉबर्ट्सगंज में सपा व अपना दल का चेहरा तय नहीं

चुनाव डेस्क

- 2019 में भाजपा की सहयोगी अपना दल को मिली थी इस सीट पर जीत
- बसपा ने उम्मीदवार उतारा, सपा कर रही है जिताऊ प्रत्याशी के नाम पर मंथन

**अमृत विचार।** सोनभद्र की चार और चंदौली जिले की एक सीट को मिलाकर बनाई गई रॉबट्सगं्ज संसदीय सीट पर 2019 में भाजपा की सहयोगी अपना दल एस (अद एस) के पकौड़ी लाल कोल जीते थे। इस बार पकौड़ी लाल को टिकट मिलेगा या नहीं अभी तय नहीं है। इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पार्टी सपा भी अपना दल के उम्मीदवार का इंतजार कर रही है। वैसे सपा भी किसी कोल जाति के ही चेहरे को मैदान में उतारेगी। वह चेहरा कौन होगा यह पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व ही तय करेगा फिलहाल स्थानीय इकाई ने तीन नामों का पैनल भेजा है। वैसे भी इस सीट पर मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है क्योंकि बसपा भी यहां मजबूत स्थिति में है। पार्टी ने धनेश्वर गौतम को उम्मीदवार बनाया है।

**अपना दल बदल सकती है उम्मीदवार:** इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि अपना दल एस इस सीट से अपने उम्मीदवार को बदल सकती है। हालांकि पार्टी नेतृत्व अभी खुलकर नहीं बोल रहा है। उम्मीदवार की घोषणा कभी हो सकता है। नेतृत्व की ओर से कई नामों पर चर्चा की जा रही है। हालांकि सांसद पकौड़ी लाल कोल भी टिकट को पक्का करने को लेकर संघर्षरत हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि अगर अपना दल उनका टिकट काटती है तो सपा उन्हें फिर से मौका दे सकती है। वह 2014 में भी सपा के टिकट पर लड़े थे लेकिन तीसरे नंबर पर रहे थे तब बसपा को यहां दूसरा स्थान मिला था।

**मतदाताओं ने हर दल को दिया मौका:** इस संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस, भाजपा, सपा, बसपा हर दल के उम्मीदवार को सांसद बनाकर दिल्ली भेजा। 1989 की राम लहर में भाजपा ने इस सीट को जीता था लेकिन जब 1991 में प्रचंड राम लहर थी तब यहां से जनता दल को जीत मिली। पार्टी के राम निहोर राय यहां से सांसद बनने में कामयाब हो गये थे। 1977 में जनता पार्टी का भी परचम लहरा चुका है। बसपा ने पहली बार 2004 में इस सीट को जीता था लेकिन 2007 में उप चुनाव हुआ। हालांकि बसपा का उम्मीदवार फिर जीता लेकिन इसके बाद से बसपा को कभी जीत नसीब नहीं हुई। 1989 में हार के बाद कांग्रेस के उम्मीदवारों को भी सांसद बनने का मौका नहीं मिला।

### 2019 का जनादेश

| पार्टी | उम्मीदवार | मिले मत |
|---|---|---|
| अपना दल एस | पकौड़ी लाल कोल | 4,47,914 |
| सपा | भाई लाल | 3,93,578 |

### भाजपा लगा चुकी है जीत की हैट्रिक

- कांग्रेस के बाद भाजपा के उम्मीदवार को ही यहां से हैट्रिक लगाने का मौका मिला। 1962,1967 व 1971 में कांग्रेस के राम स्वरूप ने हैट्रिक लगाई थी जबकि 1996, 1998 और 1999 में भाजपा के राम सकल लगातार तीन चुनाव जीते। 2008 में जब परिसीमन बदला तो इस सीट पर सपा के पकौड़ी लाल कोल पहली बार सांसद बने। बाद में वे अपना दल एस में शामिल हुए और 2019 में उन्हें पुन: सांसद बनने का मौका मिला। वैसे तो 2014 में भाजपा ने यह सीट जीती थी लेकिन 2019 में यह सीट उसने अपनी सहयोगी अपना दल को दे दिया था।

रिश्ता जोड़ा



आसाम के ढुबरी में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने जनसभा के दौरान केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। नेताओं ने उनका सम्मान किया।

# भाजपा की हैट्रिक रोकने की तैयारी

इटावा संसदीय सीट

बीरेश मिश्रा, इटावा

- 2014 में अशोक कुमार दोहरे और 2019 में डॉ. रामशंकर कठेरिया जीते
- सपा ने जितेंद्र दोहरे और बसपा ने पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल पर लगाया दांव

**अमृत विचार।** इटावा संसदीय सीट पर इस बार लड़ाई काफी रोमांचक है। भाजपा जहां इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब दिख रही है तो बसपा और सपा उसकी जीत को रोकने के लिए पूरा प्रयास कर रही हैं। इस संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें हैं। इनमें से तीन पर भाजपा और दो पर सपा का कब्जा है। इटावा, औरेया और सिकंदरा सीट पर भाजपा तो भरथना और दिबियापुर सीट पर सपा के विधायक हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस सीट पर जीत के लिए रात दिन एक कर दिया है तो पांच मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां जनसभा कर मतदाताओं को अपनी गारंटी के बारे में बताएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां जनसभा कर चुके हैं। बसपा मुखिया मायावती की भी सभा होने की उम्मीद है।

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सांसद अशोक कुमार दोहरे का टिकट काट दिया था और डॉ. राम शंकर कठेरिया को मैदान में उतारा था। तब सपा से कमलेश कुमार मैदान में थे। कांग्रेस ने अशोक कुमार दोहरे को टिकट दिया। सपा- बसपा गठबंधन के बाद भी भाजपा यह सीट जीतने में कामयाब हो गई थी। राम शंकर कठेरिया को 5,22,119 मत तो सपा के कमलेश कुमार को 4,57,682 वोट प्राप्त हुए थे। जबकि अशोक कुमार दोहरे को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। इस बार सपा ने जितेंद्र दोहरे तो बसपा ने पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल को मैदान में उतारा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ ही शिवपाल यादव भी इस सीट को जीतने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। रामशंकर कठेरिया को अपने काम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। 1991 के चुनाव में बसपा के संस्थापक कांशीराम यहां से सांसद बने थे। 1998 में भाजपा को पहली बार इस सीट पर जीत मिली थी। तब सुखदा मिश्रा सांसद बनीं थीं। सपा ने 1999 और 2004 के और 2009 में जीत दर्ज की।



विक्ट्री निशान

पूर्वी दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ रोड शो करके नामांकन किया। उन्होंने समर्थन की अपील की।

# 'संविधान बचाओ' का नारा क्या धीरे-धीरे बनने लगा चुनावी मुद्दा

- इंडिया गठबंधन लगातार चुनावी रैलियों और भाषणों में इस मुद्दे को उठाकर आगाह कर रहा
- भाजपा के 400 पार नारे को विपक्ष के नेता संविधान बदलने से जोड़कर कर रहे हमला

राजपुरुष

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में 'लोकतंत्र बचाओ' या फलाने को हटाओ और देश बचाओ का नारा काफी पुराना है, जनता से वोट मांगने के लिए इस तरह के नारों का इस्तेमाल चुनावी बयानों, सभाओं और रैलियों में पक्ष-विपक्ष दोनों तरफ से खूब होता रहा है।

इसी तरह सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ प्रचार में लोकतंत्र के साथ संविधान बचाने की बात भी नेताओं द्वारा पहले भी कही जाती रही है। लेकिन इस बार 'संविधान बचाओ' का नारा जिस तरह इंडिया गठबंधन और उसमें शामिल दलों के नेताओं द्वारा एक स्वर में बुलंद किया जा रहा है, वैसा पहले नहीं देखा गया।

इंडिया गठबंधन की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले ही मोदी सरकार के खिलाफ 'संविधान बचाओ' को मुद्दा बनाने के प्रयास



शुरू कर दिए गए थे। वामपंथी दल इसे लेकर पहले ही मुखर थे। कांग्रेस ने संविधान बचाओ मुहिम की अगुवाई की, तो सपा, राष्ट्रीय जनता दल, द्रमुक, शिवसेना उद्धव ठाकरे, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी शरद पवार और आम आदमी पार्टी जैसे दल भी खुलकर साथ आ गए। यह इस मुद्दे की सर्व व्यापकता का असर रहा कि ममता बनर्जी की तृण मूल कांग्रेस और मयावती की बहुजन समाज पार्टी जो कि इंडिया गठबंधन की हिस्सा नहीं थीं, उन्होंने भी मोदी सरकार से संविधान को बचाने के मुद्दे को धार देना शुरू कर दिया।

बात आगे बढ़ी और भाषणों से होती हुई सोशल मीडिया के माध्यम से डिजिटल प्लेटफार्म तक पहुंची तो एनडीए गठबंधन की तरफ से इसका जवाब आना ही था। अब तो चुनाव में एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों ही ओर से संविधान बचाने के नाम पर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच लगातार अपना-अपना नैरेटिव सेट करने की कोशिश की जा रही है।

हालांकि दोनों प्रमुख गठबंधनों के घात-प्रतिघात में आम मतदाता अभी यह तक यह बात पूरी तरह से समझने में विफल है कि आखिर वह कौन से कारण हैं, जिनके चलते सत्ता पक्ष से संविधान खतरे में है, और संविधान को बचाना क्यों और कितना जरूरी है। दरअसल, जो कोई राजनीतिक दल विपक्ष में रहता है, उसे चुनाव आने पर संविधान बचाने की चिंता ज्यादा ही सताने लगती है। अब आम चुनाव के तीसरे चरण में पहुंचने के साथ फिलहाल इतना तो नजर आ रहा है कि देश में संविधान बचाने का मुद्दा चुनावी हथियार की शक्ल लेने की तरफ बढ़ गया है। चर्चा दोनों पक्षों में होने लगी है।

एक तरफ इंडिया गठबंधन यह बताने में लगा है कि भाजपा 400 पार का नारा इसलिए लगा रही है कि ऐसा होने पर वह देश में बहुत से कानूनों को बदलने में सक्षम हो सके। साफ नजर आ रहा है कि बाबा साहेब आंबेडकर के बनाए संविधान से छेड़छाड़ की बात फैलाकर दलितों और अति पिछड़े वर्ग को गोलबंद करने की कोशिश की जा रही है।

आम आदमी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा जिनके मुख्यमंत्री जेल में हैं, उन दलों की आवाज को राष्ट्रीय स्वर देकर यह कहा गया कि ईडी-सीबीआई जैसी सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर सरकार मनमानी कर रही है। इस चुनावी अभियान में नैतिकता और अनैतिकता की बात पीछे छूट गई। विपक्ष लगातार यही बात फैलाने में लगा है कि भाजपा सरकार वापस आती है तो कमजोर वर्गों के आरक्षण पर तलवार चल सकती है। उधर, भाजपा भी कांग्रेस के घोषणा पत्र के सहारे हमलावर है कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो अनुसूचित जातियों और पिछड़ों के आरक्षण में मुस्लिम लोगों को भी हिस्सा दे दिया जाएगा। अब ऐसे में जबकि अभी चार चरणों का चुनाव बाकी है, यह देखने वाली बात होगी कि जनता इन बातों और संविधान बचाओ के मुद्दे से कब और कितना प्रभावित हुई है।

### झूठ और भ्रमजाल के सिवाय और कुछ नहीं

- कांग्रेस नेता और राहुल गांधी बार-बार यह बात कह कह रहे हैं कि भाजपा इसीलिए 400 सीट चाहती है ताकि वह संविधान को बदल सके। आरक्षण को खत्म कर सके। इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीभी बार-बार कह रहे हैं कि संविधान को कोई माई का लाल बदल नहीं सकता है। कांग्रेस सत्ता में आ गई तो वह जरूर एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देगी। फिलहाल इस मुद्दे को देश भर में नेता भुनाने में लगे हैं। सवाल यह भी है कि सामाजिक न्याय के लिए जाति जनगणना की बात करने वाली कांग्रेस ने यूपीए सरकार में जातिगत गणना नहीं कराई। यहां तक कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में उसकी सरकार ने भी कभी इस ओर कदम नहीं उठाया। कर्नाटक में जाति जनगणना हुई पर उसकी रिपोर्ट प्रकाशित नहीं हो सकी है। संपत्ति बंटवारे के लिए सीलिंग एक्ट कांग्रेस के समय में आया। संपत्ति को मौलिक अधिकार से बाहर करने के लिए संविधान संशोधन करने का प्रयास भी कांग्रेस राज में हुआ



### मुद्दे को धार देने के लिए संविधान की प्रति लेकर पर्चा भरा तनुज पुनिया ने

- संविधान बचाने की शपथ और रामनामी का पटका ओढ़कर बाराबंकी सुरक्षित लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी तनुज पूनिया अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंच गए। संविधान बचाओ की मुहिम को लेकर चुनावी मैदान में उतरे तनुज पूनिया पर्चा भरने के लिए अपने साथ संविधान की प्रति लेकर भी आए थे।



### सपा की युवा प्रत्याशी भी भाजपा के खिलाफ संविधान को बना रहीं हथियार

- सपा की सबसे युवा प्रत्याशी प्रिया सरोज मछलीशहर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। यहां उनके पिता और पूर्व सांसद तुफानी सरोज विधायक हैं। कानून में स्नातक पिरया कह रही हैं कि संविधान को बचाना उनके चुनाव अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि वह उस भाजपा से मुकाबला कर रही हैं, जो विपक्ष को ही खत्म करना चाहती है। अगर भाजपा सत्ता में वापस आती है, तो संविधान की बुनियादी संरचना को बदल देगी।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद ईदगाह के विवाद में एक और वाद दायर

## इसमें लंदन निवासी सहित लखनऊ और दिल्ली के वकील हैं शामिल

मथुरा, एजेंसी

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद ईदगाह के बीच चल रही कानूनी लड़ाई में अब तक दायर किये गए वादों की श्रंखला में एक नया वाद और जुड़ गया है। इस वाद को चार वकीलों ने मिलकर सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में दायर किया है और इनमें से एक वकील लंदन का निवासी है।

लंदन निवासी वकील प्रशांत कुमार, लखनऊ निवासी हर्ष वर्धन सिंह, नीलम सिंह, और दिल्ली निवासी रंजन कुमार राय ने मंगलवार को मथुरा में सिविल जज सीनियर डिविजन कोर्ट में एक वाद दायर किया था इसमें वादियों में श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशवदेव, स्थान श्रीकृष्ण जन्मभूमि कटरा केशवदेव को भी वादी बनाया गया है। इसकी



जानकारी लंदन निवासी इस वाद के वादी एवं वकील प्रशांत कुमार ने बुधवार को पत्रकारों को दी। यह निर्णायक मामला कृष्ण जन्मभूमि मंदिर और सटे शाही ईदगाह मस्जिद की भूमि के वास्तविक स्वामित्व और गहरे ऐतिहासिक महत्व को लेकर है। इस वाद के प्रतिवादी अध्यक्ष/चेयरमैन यूपी सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ, इंतजामिया कमेटी शाही मस्जिद ईदगाह, श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान एवं मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट हैं।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में हो रही अलग सुनवाई

**विधि संवाददाता, प्रयागराज** : इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान मंदिर पक्ष ने अपने तर्क प्रस्तुत किए। उक्त मामले को समयाभाव के कारण न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने गुरुवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया। बुधवार को हुई सुनवाई में हिंदू पक्ष ने तर्क दिया कि वर्ष 1968 में हुए कथित समझौते में भगवान पक्षकार नहीं थे और न ही 1974 में पारित न्यायालय की डिक्री (आदेश) में वह पक्षकार थे।

प्रशांत कुमार ने बताया कि वादीगणों ने सिविल जज सीनियर डिवीजन से प्रार्थना की है कि वह 1967 के सिविल सूट 43 में सिविल जज मथुरा द्वारा 20-7-1973 और 7-11-1974 को दिये गए फैसले को रद करें।

उनका दावा है कि ढांचा कटरा केशवदेव की जमीन पर बनाया गया है इसलिए वादी नम्बर 1 और 2 यानी अध्यक्ष/चेयरमैन यूपी सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ, इंतजामिया कमेटी शाही मस्जिद ईदगाह, को या उनके आदमियों को इस भूखण्ड में जाने से रोक लगाई जाय। यह मुकदमा केवल संपत्ति की पुनः प्राप्ति से अधिक है। यह इतिहास की पुस्तकों को सही करने और पवित्र पूजा स्थल की खोई हुई गरिमा को पुनर्स्थापित करने की खोज है। प्रशांत कुमार ने कहा कि हमने ऐसे प्रमाण प्रस्तुत किए हैं जो सुझाव देते हैं कि शाही ईदगाह को मूल मंदिर के ऊपर बनाया गया था जो इन पवित्र भूमि पर खड़ा था। यह वाद मंगलवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन मथुरा की अदालत में दायर किया गया था।

## अतीक के बेटे अली अहमद के मामले की सुनवाई टली

**विधि संवाददाता, प्रयागराज** : अतीक अहमद के बेटे अली अहमद के विचाराधीन मुकदमे की होने वाली सुनवाई एक बार फिर टल गई है। जिला न्यायालय में बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ की ओर से घोषित हड़ताल के चलते मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए आगामी 15 मई की तिथि सुनिश्चित की है।

विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट (कक्ष संख्या 7) पलाश गांगुली की कोर्ट में होनी थी। केंद्रीय कारागार अधीक्षक, नैनी ने कोर्ट में पत्र भेज कर आचार संहिता लागू होने के कारण पर्याप्त फोर्स उपलब्ध न रहने की वजह से पूरी कार्यवाही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करने की प्रार्थना की थी। गौरतलब है कि यह सभी मामले करेली थाने में दर्ज हुए हैं इनमें अवैध रूप से पिस्टल रखना, रंगदारी मांगना, धोखाधड़ी आदि शामिल है।

## नाबालिग पहलवान से छेड़छाड़ का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**आगरा, एजेंसी** : थाना ताजगंज क्षेत्र के गांव अकबरपुर बगदा में सोमवार देर रात दंगल के दौरान नाबालिग पहलवान से कथित तौर पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग पहलवान के साथ हाथरस के नामी पहलवान और उसके साथियों ने कथित तौर पर छेड़खानी और अभद्रता की। सूत्रों ने बताया कि इस विवाद में दंगल के दौरान गोलीबारी भी हुई। ताजगंज थाना पुलिस ने शिकायत पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना ताजगंज प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह के अनुसार, नाबालिग पहलवान ने आरोप लगाया है कि 29 अप्रैल को गांव अकबरपुर बगदा में दंगल देखने आई थी और दंगल में आए हाथरस निवासी पहलवान रामेश्वर और उसके साथियों ने पीछा किया और गाड़ी में खींचने का प्रयास किया। पुलिस ने पहलवान रामेश्वर और उसके साथी अरविंद, असनुर खां, सुखवीर व चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## नहर में स्नान करते समय सगी बहनों समेत चार डूबे, सभी की जान गई

संवाददाता, नानपारा, बहराइच

- नानपारा कोतवाली के गिरधरपुर गांव स्थित नहर में स्नान करते समय डूबने से हुई घटना

**अमृत विचार:** नानपारा कोतवाली के गिरधरपुर गांव में स्थित नहर में बुधवार को गांव के हम उम्र की किशोरियां और बालक स्नान कर रहे थे। स्नान करते समय सभी डूब गए। इनमें सगी बहनों समेत चार लोगों की पानी में डूब कर मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार कोतवाली नानपारा अंतर्गत गिरधरपुर गांव के ठीक सामने नहर स्थित है। नहर में इस समय पानी भरा हुआ है। बुधवार दोपहर में गर्मी अधिक होने पर गांव निवासी आंचल (12) पुत्री शोभाराम, चोइनी (10) पुत्री शदबरन, बड़ी बहन माही (14) और राहुल (13) पुत्र सागर स्नान करने के गए। दोपहर 12 बजे सभी स्नान कर रहे थे। इसी दौरान स्नान करते समय पैर फिसलने से सभी बच्चे पानी में डूब गए। कुछ देर बाद परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की तो नहर के निकट कपड़े और चप्पल मिले। जिस पर सभी ने नहर में खोजबीन शुरू की। ग्रामीणों की मदद से नहर से आंचल, चोईनी और राहुल का शव बरामद कर लिया गया।

जबकि माही का कुछ पता नहीं चल सका। उसकी खोजबीन की जा रही थी। देर शाम को उसका भी शव बरामद कर लिया गया। नहर में डूबने से सगी बहनों समेत कुल चार मौत हो गई। हादसे की जानकारी होने पर एसडीएम अश्विनी पांडेय, सीओ राहुल पांडेय और कोतवाल आरके सिंह, तहसीलदार गांव पहुंचे। सभी ने जांच कर बयान दर्ज किया। कोतवाल ने बताया कि सगी बहनों की नहर में डूबकर मौत हुई है। एसडीएम ने बताया कि सभी के आश्रितों को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता राशि दिलाया जायेगा। मालूम हो कि सभी एक ही परिवार के मृतक हैं।

## पोस्टिंग के इंतजार में दो डीजी एक एडीजी अवकाश पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजी पीवी रामाशास्त्री और रेणुका मिश्रा हैं डीजी इन वेटिंग

**अमृत विचार :** पुलिस में महानिदेशक स्तर पर दो अफसर पोस्टिंग के इंतजार में हैं। इनकी पोस्टिंग कब होगी इस पर कुछ नहीं कहा जा सकता। वहीं, प्रतिनियुक्ति पर सीआरपीएफ नार्थ-ईस्ट के रूप में तैनात रहे एक एडीजी रिलीव होने के बाद लंबी छुट्टी पर चले गए हैं। उन्होंने अभी तक पुलिस मुख्यालय रिपोर्ट नहीं किया है। ऐसे में उनके आने के बाद ही पोस्टिंग के बारे में विचार किया जाएगा।

1989 बैच के आईपीएस पीवी रामाशास्त्री 28 मार्च से ही डीजी इन वेटिंग चल रहे हैं। डेढ़ महीना बीतने के बाद भी अभी रामाशास्त्री की भूमिका पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। वह इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें डीजी सीबीसीआईडी बनाया जा सकता है। इस बारे में शासन मंथन कर रहा है। वहीं, 1990 बैच की आईपीएस रेणुका मिश्रा विगत दो महीने से डीजी इन वेटिंग हैं।

दरअसल, उप्र. पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद पुलिस भर्ती बोर्ड स्तर पर लापरवाही सामने आने पर 5 मार्च को उन्हें भर्ती बोर्ड के डीजी पद से हटाया गया था। वहीं, सीआरपीएफ नार्थ-ईस्ट में बतौर एडीजी तैनात रहे आईपीएस बिनोद कुमार सिंह के ऊपर आरोप लगने के कारण उन्हें 2 अप्रैल को उनके कॉडर से रिलीव कर दिया गया था। ऐसे में उन्हें यूपी पुलिस मुख्यालय में ज्वाइनिंग देनी थी। एक महीना बीतने को है, लेकिन अभी तक उन्होंने ज्वाइनिंग नहीं दी। बताया गया कि वह लंबी छुट्टी पर हैं। ज्वाइनिंग के बाद ही उनकी भूमिका पर निर्णय होगा।

## पुलिस ने 8,317 बिना लाइसेंसी शस्त्र सीज किए

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र. के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा की गई कार्रवाई में 16 मार्च से 30 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4694 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,27,735 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस जारी किया गया है, जिनमें से 22,36,435 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 8317 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8384 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 455 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3559 केंद्रों पर रेड डाली गई और 157 केंद्रों को सीज किया गया।

## नहीं होगी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर बनाने वाली नीट एसएस-24 परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कोविड महामारी के दौरान प्रभावित 2021 बैच को लेकर एनएमसी ने उठाए कदम

**अमृत विचार :** सुपर स्पेशलिस्ट (एमडी, एमसीएच व डीएनबी) चिकित्सक बनने का सपना देखने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों की उम्मीदें इस साल टूट सकती हैं। इसके लिए पीजी 2021 बैच का हलावा देते हुए एनएमसी ने नोटिफिकेशन जारी कर स्पष्ट किया है कि नीट एसएस 2024 नहीं होगी। हालांकि एनएमसी ने इस साल की परीक्षा को अगले साल 2025 में कराने का आश्वासन भी दिया है। वहीं, कई चिकित्सकों का मानना है कि इसे अंतिम निर्णय नहीं मानना चाहिये।

सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक बनाने के लिए हर साल आयोजित होने वाली नीट एसएस की परीक्षा में पीजी चिकित्सक आवेदन करते हैं। मगर, इस साल नीट एसएस 2024 परीक्षा पर संशय बरकरार है। क्योंकि नेशलन मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने फरवरी 2024 को संपन्न बैठक के हवाले से स्पष्ट कर किया है कि 2021 बैच के चिकित्सकों को प्रवेश मई 2022 में मिला था, इसलिए इस साल नीट एसएस 2024 परीक्षा नहीं करायी जा सकती है। वहीं, प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस विषय पर चुप्पी साध ली है।

### एनएमसी पाठ्यक्रमों को गंभीरता से ले: डॉ. अतुल

बरेली के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल अग्रवाल का कहना है कि एनएमसी को मेडिकल एजुकेशन के पाठ्यक्रमों को गंभीरता से लेना चाहिये। सत्र समय से शुरू करें और जरूर शुरू करें, सत्र शून्य कर देने से देश का नुकसान है, सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर कम हो जायेंगे।

## इस बार आएंगे चौंकाने वाले परिणाम : राजीव शुक्ला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते राजीव शुक्ला व अन्य।

**अमृत विचार :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि इस बार चुनाव में चौंकाने वाले परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, वरिष्ठ नेताओं लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी व अन्य नेताओं की उपेक्षा हो रही है। इसी कारण मतदान प्रतिशत काम हो रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पहले चार सौ पार की बात करता था, पर दो चरणों के मतदान के बाद अब ये दो सौ-ढाई सौ की बात करने लगे हैं। भाजपा दूसरे दलों से आयातित नेताओं को मंत्री व महत्वपूर्ण पद दे रही है, जबकि अपने पार्टी नेताओं के उपेक्षा हो रही है। यही वजह है कि मतदान प्रतिशत गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब हिन्दू-मुस्लिम पर उतारू हो गई है। भाजपा नेता झूठी बयानबाजी कर रहे हैं। सवालों के जवाब में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम राम मंदिर के हमेशा समर्थक रहे हैं, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत राम मंदिर का निर्माण हुआ है, भाजपा ने इसे अपनी पार्टी का कार्यक्रम बना दिया। उन्होंने कहा कि हम भाजपा की तरह भक्ति का प्रदर्शन नहीं करते, पर भक्ति करते हैं। प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय व अन्य नेता मौजूद रहे।

## शिक्षकों को इसी माह से टैबलेट पर लगानी होगी हाजिरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित सभी प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में शिक्षकों को टैबलेट के माध्यम से अपनी उपस्थिति इसी माह से देनी होगी। टैबलेट के लिए सिम और डाटा की व्यवस्था बीएसए करेंगे। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने बुधवार को आदेश जारी कर दिया है। बीएसए को अपने-अपने जिले में बेहतर नेटवर्क वाली कंपनियों के सिम स्कूलों में खरीदकर देने होंगे। शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में विद्यालयों में शिक्षकों को टैबलेट के माध्यम से ही कार्य करना होगा। बता दें कि प्रदेश के स्कूलों में सवा दो लाख से अधिक टैबलेट का वितरण पिछले ही सत्र में किया जा चुका है, लेकिन शिक्षक लगातार विभाग से सिम और डाटा की मांग कर रहे थे।

# अयोध्या पहुंच भक्ति भाव में डूब गई राष्ट्रपति

अयोध्या कार्यालय



रामलला के सामने हाथ जोड़ खड़ी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पहली बार बुधवार शाम अयोध्या पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भक्ति भाव में डूब गई। श्रीराम मंदिर के गर्भगृह में रामलला को अपलक निहारती रहीं। आरती में शामिल हुईं। दोनों हाथ उठाकर जयकारे में शामिल हुईं। हनुमानगढ़ी में हनुमंतलला के दर्शन किये। आरती उतारी। मां सरयू आरती में भी शामिल हुईं। उन्होंने तीन घंटे से भी अधिक समय रामनगरी में बिताए।

भव्य और दिव्य राम मंदिर निहार वह भाव-विभोर दिखी। राष्ट्रपति बुधवार शाम 4:20 पर भारतीय वायु सेना के विमान से अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचीं। यहां उनका स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। सड़क मार्ग से सीधे अयोध्या हनुमानगढ़ी पहुंचीं। बजरंगबली के दर्शन कर आरती उतारी। उनका आशीर्वाद लेकर मंदिर की परिक्रमा की। मुख्य पुजारी राजू दास ने राष्ट्रपति को स्मृति चिह्न भेंट किया।

सरयू तट पहुंची राष्ट्रपति ने 2100 बत्ती से मां सरयू की आरती उतारी। दुग्धाभिषेक किया। करीब आधे घंटे बाद वह सीधे राम जन्मभूमि परिसर पहुंचीं। उन्होंने नवनिर्मित मंदिर देखा। गर्भगृह में पहुंची। रामलला की आरती में शामिल हुईं। आरती के दौरान वह रामलला को अपलक निहारती रहीं। हाथ उठाकर जयकारे में शामिल हुईं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास ने शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। शाम लगभग 7:30 बजे दर्शन पूजन कार्यक्रम संपन्न करने के बाद वह अयोध्या एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गईं।

### राष्ट्रपति ने 30 मिनट में 51 बार सरयू को किया प्रणाम

**अयोध्या, अमृत विचार :** सरयू की जलधारा में अस्ताचल की ओर प्रस्थान करते सूर्य के प्रतिबिंब के बीच बुधवार शाम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ 5 :58 पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरयू तट पर अपने पग धरे। सरयू तट पूरी श्रद्धा के साथ 5 :58 से 6 :28 बजे तक सलिला सरयू की साधना में लीन रहीं। 30 मिनट की इस अवधि के दौरान उन्होंने करीब 51 बार सलिला सरयू को प्रणाम करते हुए अपनी आस्था व्यक्त की।

## वर्ग पहेली-57

**बाएं से दाएं**

4. साथ चलने या रहने वाला।
5. ख़र्च या व्यय किया हुआ, किसी कार्य या व्यवसाय में लगाया हुआ, निवेश किया हुआ (धन)।
7. 1. बंगाल नामक प्रांत 2. एक दवा जो ताकत बढ़ाती है।
8. धन या रुपया प्राप्त करने की घोर लालसा; प्रबल धनलिप्सा; संपत्ति हासिल करने की लालसा या घोर तृष्णा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विस्तार, फैलाव, प्रसार 2. परिमाण 3. समूह, झुंड।
2. आपत्तिजनक संवादों
3. 1. (इस्लाम) ख़ुदा या ईश्वर का हुक्म जिसका पालन करना बंदों का फ़र्ज़ होता है
5. 1. निरोध करने की क्रिया या भाव, बंधक या रोक में रखना 2. रोक, रुकावट 3. वैद्यक या आयुर्वेद में पारा का शोधन करते समय किया जाने वाला एक संस्कार।
6. झींगा मछली।





### वर्ग पहेली -56 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 के | द | | | | | 2 घूँ |
| मा | | 3 पे | 4 प | र | वे | ट |
| | 5 स् | | चे | | | ना |
| 6 अ | व | हे | लि | त | | |
| | यं | | म | | 7 म | |
| | से | | | 8 जू | झ | ना |
| 9 नि | वा | र | ण | | ला | |

## सुडोकू -136

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | | | | | | | |
| | | 1 | | 7 | 2 | | | |
| 6 | | | | 9 | | | 5 | 3 |
| 7 | | | 8 | 6 | | | | |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| | 6 | | | 5 | 1 | | | |
| 2 | 9 | | | | | | | 5 |
| | | | 6 | 3 | | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 7 | 8 |

### सुडोकू -135 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 5 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 3 मई 01.52 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-घनिष्ठा 3 मई 01.49 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** — आज कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। आप जितनी मेहनत करेंगे आपको उसका परिणाम तुरन्त प्राप्त होगा। नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा।

**वृष** — आज युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने काम का पूरी तरह से आनन्द ले पायेंगे। कारोबार में कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। अपने लाभ के लिये स्वार्थी बनना ठीक नहीं है। आज लोगों के प्रति अपना व्यवहार न बिगाड़ें।

**मिथुन** — घर में आज बिना बुलाये मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में थोड़ी अनियमितता हो सकती है। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। हर विषय पर आपको राय देने से बचना चाहिए।

**कर्क** — आज सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। लेकिन आज आपको यात्रा करने से बचना चाहिए। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। कार्यस्थल पर आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह** — आज आप धर्म-कर्म में काफी व्यस्त रहने वाले हैं। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा। किन्तु आप अनावश्यक बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं। अपना मन शांत रखें व अच्छी संगत में रहें। चल-अचल सम्पत्ति के विवाद शांत होंगे।

**कन्या** — आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। सेहत की समस्या दूर होगी।

**तुला** — आज शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। बच्चों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। मन आज थोड़ा व्यथित रहेगा। प्रेमी जन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। कमर दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज महत्वपूर्ण मीटिंग आदि से बचें। कार्यक्षेत्र में लोगों से बहुत ज्यादा अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा। परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है।

**धनु** — आज बॉस आपके ऊपर कुछ ज्यादा निर्भर रहेंगे। आज किसी को धोखा न दें। रुके हुए बहुत से काम आसानी से हो जायेंगे। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा करना उत्तम होगा। लम्बी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मकर** — आज आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं। नींद में बाधा उत्पन्न हो सकती है। योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अङ्ग बनाएं। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे।

**कुंभ** — आज आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। जोश में आकर कोई गलत निर्णय न लें। सभी कार्य समय पर हो जायेंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**मीन** — आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए बेहद सुखद रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। जीवनसाथी को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें। अपनी जीवनशैली में बदलाव न करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा — सुबह : 09 .55
आखिरी गुलाम — रात : 07 .11

&pictures
धड़क — सुबह : 10 .41
जवानी जानेमन — रात : 08 .00

SONY PIX
टैक्सी ड्राइवर — सुबह : 07 .11
जर्नी 2 : द मिस्टीरियस आइलैंड — शाम : 05 .11

ZEE CINEMA
त्रिमूर्ति — सुबह :11 .50
डार्लिंग्स — रात : 08 .45

colors CINEPLEX
777 चार्ली — सुबह :10 .07
भगवंत केसरी — शाम : 06 .42

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात :08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर : दिल्ली से आगरा की दूरी 210 किमी है तो मेरी उम्र क्या है?
स्टूडेंट : 50 वर्ष।
टीचर : सही है, कैसे पता चला?
स्टूडेंट : मेरे भाई की उम्र 25 वर्ष है और वो आधा पागल है।

पति : मैं नाश्ता नहीं करूंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी : मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
4 पराठे के बाद पति : मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी : अजवाइन।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद 98 रुपये।

## एक नजर

### गो फर्स्ट के सभी विमानों का पंजीकरण खत्म

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने दिवाला प्रक्रिया का सामना कर रही एयरलाइन गो फर्स्ट द्वारा पट्टे पर लिए गए सभी 54 विमानों का पंजीकरण खत्म कर दिया है। कुछ दिन पहले ही अदालत ने विमानों को किराये पर मुहैया कराने वाली कंपनियों को गो फर्स्ट से अपने विमान वापस लेने की मंजूरी दी थी। पिछले साल मई में गो फर्स्ट ने वित्तीय संकट में फंसने के बाद उड़ानों का परिचालन बंद कर दिया था और दिवाला प्रक्रिया में जाने की घोषणा की थी।

### इंडिगो को कर मांग को लेकर मिला नोटिस

**नई दिल्ली।** विमानन सेवा देने वाली इंडिगो को कर मांग को लेकर 31,240 रुपये का नोटिस मिला है। कंपनी ने 2018-19 में इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाया था जिसे खारिज कर दिया गया है। इसके आधार पर इंडिगो से कर मांग को लेकर नोटिस दिया गया है। कंपनी ने यह जानकारी दी है।

# रियल एस्टेट क्षेत्र में तीन गुना बढ़ा निवेश

## परामर्श कंपनी सीएंडडब्ल्यू के अनुसार जनवरी-मार्च में 5,743 करोड़ रुपये पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

आवासीय रियल एस्टेट खंड में निवेश मार्च तिमाही में तीन गुना से अधिक होकर 5,743 करोड़ रुपये हो गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) के अनुसार, यह कुल रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल प्रवाह का 63 प्रतिशत है। सीएंडडब्ल्यू की बुधवार को जारी पूंजी बाजार की रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च तिमाही के दौरान रियल एस्टेट में निवेश बढ़कर 9,124 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान अवधि में 8,830 करोड़ रुपये था।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश में से आवासीय खंड में निवेश बढ़कर 5,743 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान तिमाही में 1,735 करोड़ रुपये था। कार्यालय संपत्तियों



में निवेश मामूली बढ़कर कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 2,248 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 2,180 करोड़ रुपये था। हालांकि, मिश्रित उपयोग वाली परियोजनाओं में निवेश मार्च तिमाही में घटकर 865 करोड़ रुपये रह गया, पिछले साल समान तिमाही में 1,645 करोड़ रुपये था। औद्योगिक और लॉजिस्टिक खंड में भी मार्च तिमाही में 268 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल की समान तिमाही में 2,170 करोड़ रुपये था। होटल परियोजनाओं में निवेशकों ने समीक्षाधीन तिमाही में कोई रुचि नहीं दिखाई।

हालांकि पिछले साल समान तिमाही में इस खंड में 1,100 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। सीएंडडब्ल्यू की मूल्यांकन, परामर्श और पूंजी बाजार खंड के प्रबंध निदेशक सोमी थॉमस ने कहा-चालू कैलेंडर की पहली तिमाही में भी रियल एस्टेट क्षेत्र में मजबूत पूंजी प्रवाह देखा गया। इसमें नए ग्राहक और निवेशकों के विश्वास के कारण आवासीय क्षेत्र का दबदबा रहा।

### मुंबई में संपत्तियों का पंजीकरण 11 प्रतिशत बढ़ गया

बृहन्मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में मजबूत आवास मांग के दम पर संपत्तियों का पंजीकरण अप्रैल में 11 प्रतिशत बढ़कर 11,628 इकाई हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मुंबई में अप्रैल 2023 में 10,514 इकाइयों का पंजीकरण हुआ था। नाइट फ्रैंक के अनुसार-पिछले महीने 11,628 इकाइयों का पंजीकरण हुआ। मुंबई के बाजार में मकान खरीदने वालों के सकारात्मक रुख के बीच मुंबई में संपत्ति पंजीकरण 2024 में लगातार चौथे महीने 10,000 से अधिक रहा। कुल पंजीकृत संपत्तियों में से 80 प्रतिशत आवासीय इकाइयां हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा-बाजार की सकारात्मक परिस्थितियों ने राज्य के खजाने को काफी बढ़ावा दिया, जिससे अप्रैल में राजस्व संग्रह अब तक का सर्वाधिक रहा। अप्रैल में संपत्ति पंजीकरण में तेजी आई है...यह सकारात्मक गति जारी रहने की उम्मीद है, जो मजबूत आर्थिक वृद्धि व स्थिर ब्याज दरों से प्रेरित है, जिनके स्थिर रहने की उम्मीद है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,300-54,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,800 |
| चांदी पक्की | 800 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 70,800 |
| चांदी आभूषण | 80,700। |

## जीएंडबी, गोदरेज प्रॉपर्टीज में भूमि विकास पर जारी रहेगी साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

**कारोबार विभाजन का मामला**

गोदरेज समूह के संस्थापक परिवार द्वारा कारोबारी समूह के सौहार्दपूर्ण विभाजन की घोषणा के अगले दिन बुधवार को गोदरेज एंड बॉयस और गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि वे मुंबई के विखरोली में भूमि विकास के लिए सहयोग जारी रखेंगी।

गोदरेज एंड बॉयस (जीएंडबी) और गोदरेज प्रॉपर्टीज ने संयुक्त बयान में कहा कि जब भी मालिक भूमि विकसित करने के इच्छुक होंगे, तब समय-समय पर दोनों कंपनियां विखरोली में भूमि विकास के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को जारी रखेंगी। जीएंडबी की इकाई गोदरेज कंस्ट्रक्शन ने आवासीय विकास परियोजना गोदरेज प्लैटिनम के चार चरणों का डिजायन तैयार किया है और इनका निर्माण भी किया है। इसका निर्माण क्षेत्र 10 लाख वर्ग फुट है। इसका विपणन गोदरेज प्रॉपर्टीज ने किया है। मार्च, 2024 में गोदरेज विस्टास नाम की नई परियोजना को इसके तहत शुरू किया गया है। जीएंडबी के सीएमडी जमशेद गोदरेज ने कहा-विखरोली का भावी विकास मुंबई में एक समग्र स्थान बनाने का अनूठा अवसर पेश करता है।

## विदेशी निवेशकों ने शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** लगातार दो माह तक खरीदार रहने के बाद अप्रैल में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल बन गए और उन्होंने 8,700 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। मॉरीशस के साथ कर संधि में संशोधन से उपजी चिंताओं और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल लगातार बढ़ने से रुख में यह बदलाव देखने को मिला। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। लेकिन अप्रैल में एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी कर ली।

## 11 प्रतिशत बढ़ गई बिजली की खपत

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत अप्रैल में सालाना आधार पर करीब 11 प्रतिशत बढ़कर 144.25 अरब यूनिट रही है। मुख्य रूप से तापमान बढ़ने से बिजली खपत बढ़ी है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अप्रैल, 2023 में बिजली की खपत 130.08 अरब यूनिट थी। एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग भी अप्रैल, 2024 में बढ़कर 224.18 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 215.88 गीगावाट थी। बिजली मंत्रालय ने गर्मियों के दौरान बिजली की अधिकतम मांग लगभग 260 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। विशेषज्ञों ने कहा कि बिजली की खपत के साथ-साथ मांग में वृद्धि मुख्य रूप से तापमान बढ़ने और इस्पात तथा बिजली जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी के कारण हुई।

## ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करना नई सरकार के एजेंडे में हो सकता है शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के महानिदेशक ने निर्यात को लेकर दी जानकारी



ऑनलाइन माध्यम से भारत के निर्यात को और बढ़ावा देने के लिए देश में ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करने का मुद्दा नई सरकार के लिए वाणिज्य मंत्रालय के 100 दिन के एजेंडे में शामिल होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वाणिज्य मंत्रालय की शाखा विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) पहले से ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्त मंत्रालय सहित संबंधित मंत्रालयों के साथ ई-वाणिज्य माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई कदमों पर काम कर रही है क्योंकि इस क्षेत्र में निर्यात के बड़े अवसर हैं। यह कवायद इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मंत्रालयों को नई सरकार के लिए 100 दिन की योजना तैयार करने को कहा गया है। भारत में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू हुए। मतगणना चार जून को होगी। अधिकारी ने कहा कि ये केंद्र ई-वाणिज्य माध्यमों से निर्यात को और बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। उद्योग जगत के एक विशेषज्ञ के अनुसार, ऐसे केंद्र में निर्यात मंजूरी को सुगम बनाया जा सकता है। इसके अलावा इसमें भंडारण सुविधाएं, सीमा शुल्क मंजूरी, रिटर्न प्रोसेसिंग, लेबलिंग, टेस्टिंग और रीपैकेजिंग की भी सुविधा हो सकती है।

## बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री रफ्तार हुई सुस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं



देश में यात्री वाहनों की बिक्री नए वित्त वर्ष (2024-25) के पहले महीने में स्थिर रही। अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं। बिक्री पर उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण कम मांग का असर हुआ। यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 1.77 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,38,341 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 3,32,468 इकाई थी।

इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, हुंदै और टाटा मोटर्स की घरेलू थोक बिक्री में मामूली वृद्धि हुई है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संवाददाताओं से कहा कि अप्रैल में सपाट वृद्धि पिछले साल उद्योग के उच्च तुलनात्मक आधार के कारण है। इसके अलावा चल रहे आम चुनावों का प्रभाव भी है। उन्होंने कहा-हमने इस साल बहुत ऊंचे आधार पर शुरुआत की है... अभी देश में चुनाव चल रहे हैं और आदर्श आचार संहिता लागू है...चुनाव के दौरान बाजार थोड़ा सुस्त है। एक बार चुनाव ख़त्म हो जाएं, तो मुझे लगता है कि हम एक अलग बाजार देखेंगे। मारुति सुजुकी की कुल घरेलू यात्री वाहन बिक्री अप्रैल में 1,37,952 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 1,37,320 इकाई थी। दूसरी ओर हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू थोक बिक्री अप्रैल में एक प्रतिशत बढ़कर 50,201 इकाई रही, जो पिछले साल इसी माह 49,701 इकाई थी।



# कांग्रेस लिखित में गारंटी दे कि वह धर्म के आधार पर नहीं देगी आरक्षण: नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-आपकी मंशा मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की है

बनासकांठा (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस और उसके गठबंधन में शामिल घटकों को लिखित में यह गारंटी देने की चुनौती दी कि वे ऐसा कभी नहीं करेंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा-आपकी मंशा मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की है।

लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद गुजरात में अपनी पहली चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि जब तक वह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में हैं, तब तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को नौकरियों और शिक्षा में दिए गए आरक्षण की रक्षा की जाएगी। भाजपा के दिग्गज नेता ने जोर देकर कहा-मैं कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) के साथ-साथ उनकी पार्टी और समर्थकों को चुनौती देता हूं कि वे घोषणा करें कि कभी भी धर्म के नाम पर आरक्षण का दुरुपयोग नहीं करेंगे, न ही कभी संविधान के साथ खिलवाड़ करेंगे या कभी धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं देंगे। उन्होंने कहा-कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन लिखित में गारंटी दें कि वे धर्म के नाम पर कभी आरक्षण नहीं देंगे क्योंकि उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।



नरेंद्र मोदी गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए सार्वजनिक बैठक के दौरान। ● एजेंसी

## आवश्यक रस्मों के बिना हिंदू विवाह वैध नहीं: उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि हिंदू विवाह नाचने-गाने, खाने-पीने या वाणिज्यिक लेनदेन का अवसर नहीं है और वैध रस्मों को पूरा किए बिना किसी शादी को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत मान्यता नहीं दी जा सकती है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार और पवित्र बंधन है जिसे भारतीय समाज में काफी महत्व दिया जाता है। हाल ही में पारित अपने आदेश में पीठ ने युवक-युवतियों से आग्रह किया कि वे विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले ही इसके बारे में गहराई से विचार करें क्योंकि भारतीय समाज में विवाह एक पवित्र बंधन है। पीठ ने दो प्रशिक्षित वाणिज्यिक पायलटों के मामले में अपने आदेश में यह टिप्पणी की।




**नई दिल्ली :** एयर मार्शल नागेश कपूर 1 मई को बेंगलुरु में एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एओसी-इन-सी) ट्रेनिंग कमांड का पदभार संभालने के बाद अन्य लोगों के साथ मार्च करते हुए। ● एजेंसी

## एक नजर

### जम्मू के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के पहाड़ी हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि दरमियानी रात को किश्तवाड़ जिले में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3 .4 मापी गयी। भूकंप 30 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कम तीव्रता वाले इस भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। भूकंप से अब तक किसी के घायल होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

### डॉ. अतुल वर्मा हिमाचल के नए डीजीपी नियुक्त

**शिमला।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1992 बैच के अधिकारी डॉ. अतुल वर्मा को हिमाचल प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आईपीएस संजय कुंडू की सेवानिवृत्ति के बाद हुई है। डॉ. वर्मा, जो पहले सीआईडी, हिमाचल प्रदेश के महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे, अब जनहित में राज्य पुलिस बल के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। डॉ. वर्मा की नियुक्ति की अधिसूचना हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा बुधवार यानी एक मई को तत्काल प्रभाव से जारी कर दी गई है।

## भाजपा न तो आरक्षण हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी

कोरबा (छत्तीसगढ़), एजेंसी

- अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की जनसभा में विपक्षी दल पर लगाया झूठ बोलने का आरोप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि भाजपा न तो अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि चार जून को वह अपनी हार का ठीकरा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर फोड़ने वाली है।

शाह कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कटघोरा कस्बे में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का पोषण करती रही है। शाह ने कहा-कांग्रेस पार्टी का एक सूत्र है- झूठ बोलो, जोर से बोलो, सार्वजनिक रूप से बोलो। वे कहते हैं कि मोदी जी को बहुमत मिलेगा तो आरक्षण हटा देंगे। उन्होंने मेरा एक 'फर्जी वीडियो' प्रसारित किया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि 10 साल से आपके आशीर्वाद से मोदी जी के पास बहुमत है। मोदी ने ना आरक्षण हटाया, ना हटाएंगे।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुमत का उपयोग अनुच्छेद 370 हटाने, राम जन्मभूमि पर मंदिर



बनाने, सीएए लागू करने, तीन तलाक समाप्त करने और नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए किया। उन्होंने कहा-मैं आपको मोदी की गारंटी देने आया हूं, जब तक भारतीय जनता पार्टी का एक भी सांसद भारत की संसद में है, एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण को ना हम हटाएंगे, ना ही कांग्रेस को हटाने देंगे। भाजपा नेता ने कोरबा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी सरोज पांडेय को वोट देने की अपील की। इस सीट पर सात मई को मतदान है।

कांग्रेस अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा-खरगे साहब! क्यों एक परिवार के लिए झूठ बोल रहे हैं? चार जून (चुनाव परिणाम) को हारने के बाद हार का ठीकरा आप पर ही फूटने वाला है। आपको नहीं पता ये किसी के नहीं होते।

## दिल्ली की अदालत ने की प्रवर्तन निदेशालय की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा-मजबूत नेता और एजेंसियां जिनकी रक्षा की जिम्मेदारी उठाते हैं, उन्हें ही बनाते हैं शिकार

दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में एक आरोपी का इलाज करने वाले डॉक्टरों के बयान दर्ज करने के लिए सख्त पीएमएलए कानून का उपयोग करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आलोचना करते हुए कहा कि इतिहास सिखाता है कि मजबूत नेता, कानून और एजेंसियां आम तौर पर जिनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं उन्हीं को पलटकर निशाना बनाते हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने यह टिप्पणी अमित कत्याल द्वारा दाखिल एक आवेदन पर फैसला करते हुए की, जिसमें रेलवे नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में चिकित्सा आधार पर पांच फरवरी को दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने 30 अप्रैल को अंतरिम जमानत के विस्तार को यह देखते हुए अस्वीकार कर दिया कि कात्याल स्पष्ट रूप से ठीक होने की राह पर हैं और जेल परिसर के भीतर निर्धारित जीवन शैली का पालन कर सकते हैं। न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि कात्याल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास पाहवा ने उन डॉक्टरों के बयान दर्ज करने में ईडी द्वारा पीएमएलए की धारा 50 के उपयोग पर आपत्ति जताई थी।

## कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों ने छोड़ी पार्टी आप के साथ गठबंधन पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** आप से गठबंधन के विरोध में कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों नीरज बसोया और नसीब सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने पद से इस्तीफा दे दिया था। लवली द्वारा आप के साथ गठबंधन का हवाला देकर इस्तीफा देने और राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस उम्मीदवारों के बयानों के बाद पार्टी की दिल्ली इकाई में दरारें उजागर हुई थी। इन घटनाक्रम के बाद कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व विधायक देवेंद्र यादव को अपनी दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्रों में नीरज बसोया और नसीब सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता परेशान हैं और आप से गठबंधन के कारण अपमानित महसूस कर रहे हैं।

# कोर्ट ने मिशेल की जमानत याचिका पर सीबीआई और ईडी का रुख पूछा

नई दिल्ली, एजेंसी

**अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से संबंधित 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में नियमित जमानत का अनुरोध करने वाले कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की याचिका पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से उनका रुख व्यक्त करने के लिए कहा है।

न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने ब्रिटिश नागरिक की जमानत याचिकाओं पर जांच एजेंसियों को नोटिस जारी किया, जिसे दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पण के तहत लाया गया था




और बाद में कथित घोटाले में भूमिका के लिए उसे गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश ने 22 अप्रैल को पारित दो अलग-अलग आदेशों में सीबीआई और ईडी के वकील से तीन सप्ताह में अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा। इस मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी। पिछले साल सात फरवरी को शीर्ष अदालत ने जेम्स को जमानत देने से इनकार कर दिया था। जेम्स फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। शीर्ष अदालत ने जेम्स की उस दलील को खारिज कर दिया था जिसमें कहा गया था कि उसे इस आधार पर रिहा किया जाए कि वह इस मामले में दी जाने वाली अधिकतम कारावास की सजा का आधा हिस्सा जेल में बिता चुका है। इसके पहले उच्च न्यायालय ने मार्च 2022 में सीबीआई और ईडी, दोनों से ही जुड़े मामलों में उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से जुड़ा है। सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया कि वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की आपूर्ति के लिए 8 फरवरी, 2010 को हस्ताक्षरित सौदे के कारण सरकारी खजाने को लगभग 2,666 करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने अदालत के विस्तार की मांग वाली याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा जिसमें अदालत, अदालत कक्षों, वकीलों के कक्षों, पार्किंग स्थान और बुनियादी ढांचे के विस्तार का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने याचिका पर केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों तथा कानून एवं न्याय मंत्रालय और उच्च न्यायालय के प्रशासनिक पक्ष को नोटिस जारी किया। यह याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा दायर की गई है। इस याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि उच्च न्यायालय के विस्तार के लिए ढांचागत जरूरतों के मद्देनजर यहां बापा नगर की पूरी जमीन का कब्जा सौंप दिया जाए। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा-परेशानी यह है कि उच्च न्यायालय यहीं है। हमें अगल-बगल की भूमि की आवश्यकता होगी। हम इस पर गौर करेंगे और देखेंगे कि हम क्या कर सकते हैं। वस्तुत: आज हमारे पास कोई जमीन नहीं है। मामले मे अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी। इस मामले में केंद्र का प्रतिनिधित्व स्थायी वकील अनुराग अहलूवालिया ने किया, वहीं दिल्ली उच्च न्यायालय के प्रशासन पक्ष का प्रतिनिधित्व वकील रावी बीरबल ने किया।

**आज का मुकाबला**

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

# टी-20 विश्व कप के लिए बेहतर एकादश बनाने में जुटी सभी टीमें

## जेक फ्रेजर मैकगुर्क को नहीं मिली ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह

सिडनी, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले आगामी टी-20 विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को मिचेल मार्श की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। आईपीएल ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाले युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगुर्क और स्टीव स्मिथ को टीम में जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने बुधवार की सुबह मिचेल मार्श को टी-20 कप्तान भी नियुक्त कर दिया है।

मार्श इससे पहले तीन टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी कर चुके हैं। उस वक्त वह तकरीबन 12 महीनों के लिए टीम के कार्यवाहक कप्तान थे। विश्वकप के लिए टीम के तेज गेंदबाजी क्रम में पैट कमिंस, जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के अलावा टीम में युवा गेंदबाज नाथन एलिस को भी जगह दी गई है। वहीं विकेटकीपिंग में जोश इंग्लस को पहली पसंद के कीपर मैथ्यू वेड के बाद रिजर्व विकेटकीपर के तौर पर चुना गया है। बल्लेबाजी क्रम में चयनकर्ताओं ने अनुभवी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा ट्रेविस हेड भी टीम में हैं। मध्यक्रम में ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस और टिम डेविड का साथ शायद विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर मैथ्यू वेड देंगे। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बताया कि एगर और ग्रीन को अन्य खिलाड़ियों से पहले टीम में तरजीह दी गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम में मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जैम्पा शामिल हैं।

## अफगानिस्तान ने किया टीम का ऐलान

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान ने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए राशिद खान की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। चयनकर्ताओं ने अफगानिस्तान की टीम में केवल चार बल्लेबाजों रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, नजीबुल्लाह जदरान और बैकअप विकेटकीपर मोहम्मद इशाक को शामिल किया है।

टीम में अजमतुल्लाह उमरजई, नबी, गुलबदीन नईब, करीम जनत और नांगेयालिया खरोटे के रूप में छह ऑलराउंडर्स को जगह दी गई है। अफगानिस्तान की स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी मुजीब और नूर, राशिद पर होगी। इसके अलावा टीम में नबी और खरोटे भी टीम में हैं। वहीं तेज गेंदबाज के तौर पर नवीन उल हक एकमात्र दाहिने हाथ के गेंदबाज हैं। उनके अलावा बाएं हाथ के गेंदबाज फजलहलक फारूकी और फरीद अहमद भी टीम में हैं। नूर, जनत और इशाक के लिए यह पहला टी-20 विश्वकप होगा। इसके अलावा हजरतउल्लाह जजई भी 15 सदस्यीय टीम में नहीं हैं। उन्हें रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

## न्यूयॉर्क में फ्लोरिडा से लाई जा रही हैं 'ड्रॉप इन' पिचें

**न्यूयॉर्क।** आगामी टी20 विश्व कप के लिये फ्लोरिडा से 'ड्रॉप इन' पिचें न्यूयॉर्क लाई जा रही हैं जहां बाकी मैचों के अलावा नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मैच भी होना है। ये ऐसी पिच होती है, जिसे मैदान या वेन्यू से दूर कहीं बनाया जाता है और बाद में स्टेडियम में लाकर बिछा दिया जाता है। फ्लोरिडा में दिसंबर से दस ड्रॉप इन पिचें बनाई जा रही थी। ये पिचें एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस के मार्गदर्शन में बनाई जा रही हैं जिसकी अगुवाई एडीलेड ओवन के मुख्य क्यूरेटर डेमियर हॉग कर रहे हैं। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार चार पिचें नासाउ स्टेडियम में लगाई जाएंगी जबकि छह आसपास अभ्यास परिसर में लगेंगी। टूर्नामेंट के दौरान एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस टीम न्यूयॉर्क में ही रहेगी ताकि पिच के रख रखाव में मदद कर सके। टूर्नामेंट दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा।

# चेपॉक में पंजाब ने चेन्नई को किया चित

## सात विकेट से जीती पंजाब किंग्स, ऋतुराज के अर्धशतक पर बेयरस्टो और रुसो ने फेरा पानी

चेन्नई, एजेंसी

जॉनी बेयरस्टो (46), राइली रुसो (43) की दमदार पारियों की बदौलत पंजाब किंग्स ने बुधवार को आईपीएल के 49वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से हरा दिया है। पंजाब किंग्स की यह चौथी जीत और चेन्नई सुपर किंग्स की पांचवीं हार है।

पंजाब किंग्स के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा स्कोर बनाने से रोका और उसके बाद जॉनी बेयरस्टो और राइली रुसो ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। जॉनी बेयरस्टो ने 30गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से (46) रन बनाए। वहीं राइली रुसो ने 23 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 10 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह 27 और सैम करन 26 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने 17.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। चेन्नई की ओर से शार्दुल ठाकुर, रिचर्ड ग्लीसन और शिवम दूबे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



अर्धशतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते ऋतुराज। >>

इससे पहले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (62) और अजिंक्य रहाणे (29) की शानदार पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया था। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की ऋतुराज गायकवाड़ और अजिंक्य रहाणे की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 64 रन जोड़े। हालांकि इस जोड़ी के बाद कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। नौवें ओवर में हरप्रीत बराड़ ने पहले अजिंक्य रहाणे 24 गेंदों में (29) और इसी ओवर में शिवम दूबे (शून्य) पर आउटकर पंजाब को दोहरी सफलता दिलाई। इसके बाद रवींद्र जडेजा (2) और समीर रिजवी (21) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। मोईन अली (15), एमएस धोनी(14) रन बनाकर आउट हुये। ऋतुराज गायकवाड़ ने सर्वाधिक (62) रन बनाए। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 162 रनों का स्कोर खड़ा किया।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |




### ऋतुराज को मिली ऑरेंज कैप

ऋतुराज ने अर्धशतक जड़ने के बाद विराट कोहली से ऑरेंज कैप छीन ली। विराट का अभी तक ऑरेंज कैप पर कब्जा था। ऋतुराज ने अब तक एम ए चिदंबरम स्टेडियम में पिछले 5 मैचों में 46, 67, 108*, 98 और 62 रन बनाए। शानदार फॉर्म में होने के बावजूद रुतुराज को टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली।

**चेन्नई 162/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का रोसेयु बो बराड़ | 29 | 24 | 5/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो अर्शदीप | 62 | 48 | 5/2 |
| शिवम दुबे पगबाधा बराड़ | 0 | 1 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा चाहर | 2 | 4 | 0/0 |
| समीर रिजवी का हर्षल बो रबाडा | 21 | 23 | 1/0 |
| मोईन अली बो राहुल चाहर | 15 | 9 | 1/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी रन आउट | 14 | 11 | 1/1 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 4-0-23-1, अर्शदीप 4-0-52-1, कुरेन 3-0-37-0, बराड़ 4-0-17-2, राहुल चाहर 4-0-16-2, हर्षल 1-0-12-0

**पंजाब 163/3** — 17 .5 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन का गायकवाड़ बो ग्लीसन | 13 | 10 | 1/1 |
| जॉनी बेयरस्टो का धोनी बो दुबे | 46 | 30 | 7/1 |
| राइली रुसो बो शारदुल | 43 | 23 | 5/2 |
| शशंक सिंह नाबाद | 25 | 26 | 1/1 |
| सैम कुरेन नाबाद | 26 | 20 | 3/0 |

**गेंदबाजी :** चाहर 0 .2-0-4-0, शारदुल 3 .4-0-48-1, ग्लीसन 3 .5-0-30-1, मुस्ताफिजुर 4-1-22-0, जडेजा 3-0-22-0, मोईन 2-0-22-0, दुबे 1-0-14-1

## खेल डायरी

### थॉमस कप में इंडोनेशिया से 1-4 से हारा भारत

**चेंगदू (चीन)।** गत चैंपियन भारत बुधवार को यहां थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया की मजबूत टीम के खिलाफ 1-4 से हार गया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर नहीं पहुंच पाया। भारत और इंडोनेशिया दोनों पहले ही अपने शुरुआती दोनों मैच जीतकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं लेकिन इंडोनेशिया ग्रुप सी के विजेता के रूप में नॉकआउट में जाएगा। पुरुष एकल में भारत के नंबर एक खिलाड़ी एचएस प्रणय ने शुरुआती मैच में पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए एंथनी गिंटिंग को 13-21, 21-12, 21-12 से हराकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। पहले पुरुष युगल मैच में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागस मौलाना से हार गई। इंडोनेशिया की जोड़ी ने सात्विक और चिराग को हराया जिससे मुकाबला 1-1 से बराबर हो गया। लक्ष्य सेन इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के पुरुष एकल विजेता जोनाथन क्रिस्टी से 18-21, 21-16, 17-21 से हार गए जिससे भारत 1-2 से पिछड़ गया।

### मुंबई पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दूसरी बार टीम की ओवरगति धीमी रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर छह छह लाख रूपये या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया। मुंबई को लखनऊ ने चार विकेट से हराया। आईपीएल ने कहा मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के 48वें मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया यह इस सत्र में धीमी ओवर गति संबंधित टीम का दूसरा अपराध था तो पंड्या पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। बाकी सदस्यों पर छह छह लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

### महिला हॉकी लीग में हरियाणा-महाराष्ट्र जीते

**रांची।** हरियाणा ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले चरण के दूसरे दिन बुधवार को यहां मणिपुर को 8-0 जबकि महाराष्ट्र ने मिजोरम को 3-0 से हराया। हरियाणा के लिए एकतरफा जीत में शशि खासा (49वें, 50वें और 56वें मिनट) ने हैट्रिक बनाई जबकि रितिका ने दो गोल दागे। टीम के लिए पूजा (दूसरे मिनट), मंजू चौरसिया (20) और भतेरी (37) ने एक-एक गोल किया। महाराष्ट्र को भी मिजोरम के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। तनुश्री दिनेश काडू ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके महाराट्र को बढ़त दिलाई जबकि मोनिका टिर्की ने 26वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। कप्तान अश्विनी कोलेकर (50वें मिनट) ने दूसरे हाफ में गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की।

### सेमीफाइनल में पहुंचे चार भारतीय मुक्केबाज



**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारतीय मुक्केबाजों आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराएव शाकरबाय को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। यशवर्धन (63 .5 किग्रा) ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ईरान के मिराहमादी बाबाहेदारी को 4-1 से हराया। दूसरी तरफ प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमश: चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) के फैसले के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। युवा वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले शुक्रवार को खेले जाएंगे। आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) बुधवार रात अपने-अपने युवा वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में उतरेंगे।

## मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल

### ये यादें साथ रहेंगी : राफेल



**मैड्रिड।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए चूंकि यहां वह आखिरी बार खेल रहे हैं। पांच बार के चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने हराया। हार के बाद नडाल ने कहा यह काफी कठिन दिन है लेकिन यही हकीकत है। मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें सदैव मेरे साथ रहेंगी। नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने कारेन खाचानोव को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने बीट्रिज हदाद माइया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा। जिन्होंने ओंस जबाउर को हराया।

# जीत के ढर्रे पर आना चाहेगी हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

लक्ष्य का पीछा करते हुए भटकने वाली सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेगी। रॉयल्स का प्लेआफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिए इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है।

कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई।

पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही।



दूसरी ओर रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है । पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी और कप्तान सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी में उनके पास चहल, बोल्ट का अनुभव और आवेश, संदीप का जोश है।

## बॉलीवुड हलचल

### राजामौली ने बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का किया ऐलान



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का ऐलान कर दिया है। बाहुबली, बाहुबली 2 और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप के जरिए अपने प्रोजेक्ट के टाइटल का खुलासा किया है। एसएस राजामौली ने अपने ऑफिशियल एक्स (ट्विटर) पर अपने आगामी प्रोजेक्ट का खुलासा करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है और कैप्शन में लिखा है, जब महिष्मति के लोग उनका नाम जपते हैं, तो ब्रह्मांड की कोई भी ताकत उन्हें वापस लौटने से नहीं रोक सकती। बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड, एक एनिमेटेड सीरीज का ट्रेलर, जल्द ही आएगा। वीडियो में टाइटल को धुएं से निकलते हुए दिखाया गया है। बैकग्राउंड में लोगों को बाहुबली के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है।

### दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवड अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वर्ष 2013 में सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में जॉली एलएलबी की सीक्वल प्रदर्शित हुई, जिसमें अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी।लंबे समय से इस फ्रेंचाइजी के फैंस को इसके तीसरे पार्ट का इंतजार है। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद एक साथ दिखेंगे। बताया जा रहा है कि जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो चुकी है। कहा जा रहा है कि अक्षय और अरशद जल्द ही दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। शूटिंग जून से जुलाई तक 30-40 दिनों तक चल सकती है। बताया जा रहा है कि 2024 में फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी और 2025 में फिल्म थिएटर्स में दस्तक दे सकती है।

## एमएसके प्रसाद बोले-काफी होंगे तीन तेज गेंदबाज, अमेरिका और वेस्टइंडीज में धीमी पिचों की उम्मीद

# क्या विश्व कप की चुनौती में सफल हो पाएंगे अर्शदीप और सिराज



- **आईपीएल के इस सत्र में अब तक महंगे साबित हुए हैं दोनों की भारतीय तेज गेंदबाज**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की टी20 विश्व कप टीम में चार स्पिनरों से पता चलता है कि भारतीय चयनकर्ताओं को अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्पिन की अनुकूल धीमी पिचों की उम्मीद है लेकिन क्या उन्होंने 15 सदस्यीय टीम में केवल तीन तेज गेंदबाजों को चुनकर कोई गलती की है। तेज गेंदबाजी में पसंद पर भी सवाल उठे हैं। आईपीएल शुरू होने से पहले तेज गेंदबाजी विभाग में सिर्फ जसप्रीत बुमराह का चयन तय था जबकि अन्य तेज गेंदबाजों को लीग में खुद को साबित करना था।

मंगलवार को चुनी गई टीम को देखते हुए चयनकर्ताओं ने सुरक्षित रुख अपनाया और एक जून से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में बुमराह का साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को चुना। भारत के लिए सिराज ने 10 और अर्शदीप ने 44 टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। इन दोनों का मौजूदा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन भारत के लिए उनके अतीत के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम जगह मिली है।

सिराज ने 9.50 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं जबकि अर्शदीप महंगे साबित हुए हैं और उन्होंने प्रति ओवर 9.63 रन की दर से रन लुटाए हैं। अर्शदीप ने हालांकि नौ मैच में 12 विकेट चटकाए हैं। पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद की राय में विश्व कप में तीन तेज गेंदबाजों को ले जाना काफी होगा और उन्हें चुने गए खिलाड़ियों से भी कोई दिक्कत नहीं है। वहां की पिचों से धीमे गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है और इसीलिए वे चार स्पिन विकल्पों के साथ जा रहे हैं। प्रसाद ने टीम को संतुलित बताया, हालांकि उन्हें लगता है कि राहुल इसमें जगह पाने के हकदार थे। बल्लेबाजी के नजरिए से यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल जैसा खिलाड़ी चूक गया है लेकिन मुझे यकीन है कि वह जोरदार वापसी करेगा।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

